YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-77 ❒ शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



धर्मेंद्र जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मेरी पहचान करा दी। ये बात सही है कि मैं अति पिछड़े समाज से आता हूं और अखिलेश जी मेरे मित्र हैं तो कभी-कभी मदद कर देते हैं।
नरेंद्र मोदी

हरिवंश का फिर से राज्यसभा का उप सभापति चुना जाना तय 11

दिल्ली के चार आईटीआई में हाईटेक लैब की शुरुआत जल्द : रेखा गुप्ता 12

## संक्षेप

### आईएएस के लिए एपीआर देने की समय सीमा तय

**लखनऊ।** आईएएस अधिकारियों द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) देने की समय सीमा तय कर दी गई है। विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक यह प्रक्रिया एक अप्रैल से 31 दिसंबर के बीच पूरी की जाएगी।

### प्रीपेड मीटर पर आयोग ने कारपोरेशन से 10 दिन में मांगा जवाब

**लखनऊ।** जबरन बिजली मीटर प्रीपेड करने और नए कनेक्शन प्रीपेड मोड में ही दिए जाने के मामले में नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से 10 दिन में रिपोर्ट तलब की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने अधिसूचना जारी करके प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी थी। अधिसूचना के बाद भी यूपी में प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे हैं। अभी तक 70 लाख मीटर प्रीपेड मोड में बदले जा चुके हैं जबकि नए कनेक्शन भी प्रीपेड मीटर पर ही दिए जा रहे हैं। आरोप है कि कॉस्ट डाटा बुक के अध्याय-4 'सिक्योरिटी' में दी गई व्यवस्था का हवाला देकर प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन केवल प्रीपेड मोड में दिए जा रहे हैं। मौजूदा पोस्टपेड कनेक्शनों को उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही प्रीपेड मोड में परिवर्तित किया जा रहा है जबकि कॉस्ट डाटा बुक में दी गई व्यवस्था को विद्युत अधिनियम-2003 व केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा समय पर जारी निर्देशों के तहत लागू करना होता है। बिजली कंपनियों के इस काम पर जल्द रोक लग सकती है। नियामक आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

### पंजाब में आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़/अमृतसर।** एक महत्वपूर्ण काउंटर-टेरर ऑपरेशन में, पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित सीमा-पार आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए, स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) की अमृतसर और मोहाली इकाइयों ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चार हैंड ग्रेनेड, दो विदेशी निर्मित पिस्तौलें और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। डीजीपी यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उसका संबंध चंडीगढ़ में हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल एक आतंकी मॉड्यूल से भी है। इस मामले में अमृतसर स्थित एसएसओसी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है और नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की जांच जारी है।

# सदन में परिसीमन और महिला आरक्षण पर सियासी टकराव

**एजेंसी**

नई दिल्ली। गुरुवार से संसद का विशेष सत्र शुरू होते ही सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। परिसीमन बिल पेश होते ही विपक्षी दलों ने इसका कड़ा विरोध जताया और सुबह से दोपहर तक की कार्यवाही में कई नेताओं ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन उन्होंने इसे भाजपा की साजिश करार दिया। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि समाजवादी पार्टी चाहे तो मुस्लिम महिलाओं को पूरी टिकट दे सकती है, भाजपा को इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

श्री मोदी ने आश्वासन दिया कि महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने से न तो पुरुषों के लिए सीटें कम होंगी और न ही किसी राज्य को सीटों के लिहाज से कोई नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि वह सदन में 'गारंटी' देने का तैयार हैं कि किसी दल या राज्य को इससे कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश की महिलायें सब देख रही हैं और जो दल महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने का विरोध करेंगे, उन्हें चुनावों में इसका नुकसान उठाना ही पड़ेगा प्रधानमंत्री ने कहा, '' मैं जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि दक्षिण, उत्तर, पूरब हो या छोटे-बड़े राज्य हों, यह निर्णय प्रक्रिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी। किसी के साथ अन्याय नहीं करेगी। वह गारंटी देते हैं कि किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। वह इसका वादा करते हैं।'' उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि 'गारंटी' के लिए तमिल भाषा में कोई शब्द हो तो वह उसे भी यहां बोलने के लिए तैयार हैं। श्री

❒ विधायिका में महिलाओं को आरक्षण देने से किसी राज्य का सीटों का नुकसान नहीं होगा: मोदी

❒ जो दल महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने का विरोध करेंगे, उन्हें राजनीतिक नुकसान होना तय

❒ कांग्रेस की अवधारणा के आधार पर ही मिल रहा है महिलाओं को आरक्षण : प्रियंका

### जिसको भी गारंटी चाहिए, वो देता हूं

अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ। क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

मोदी ने परिसीमन विधेयक, 2026 संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2026 पर सदन में एक साथ हो रही चर्चा के दौरान कहा कि महिलाओं को विधायिका में आरक्षण देने में पहले ही बहुत देरी हो चुकी है और अब यह क्षण आये हैं, जो राजनीतिक दल तकनीकी और अन्य बहानों से इसका विरोध करेंगे, उनका चुनावों में नुकसान होना तय है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों ने हालांकि इसका सैद्धांतिक विरोध नहीं किया है लेकिन सदन में विभिन्न कारण पेश करते हुए इसका समर्थन नहीं करते। वे चुनावों में हालांकि इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं। उन्होंने कहा



कि 2023 में नारी वंदन विधेयक जब सदन में लाया गया तो सभी दलों ने इसका समर्थन किया, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान यह मुद्दा-विषय ही नहीं बना। श्री मोदी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने देखा है कि महिलाएं जिन-जिन क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका में रहीं, वहां बेहतर काम हुए। उन्होंने कहा कि पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण देने से लाखों महिलायें नेता बन चुकी हैं। उन्हें अब और आगे बढ़ाने का वक्त आ गया है। जो दल इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एक बार महिलाओं को लोक सभा और विधानसभा में आने तो दीजिए, वे निर्णय करेंगी कि आगे क्या करना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश का गौरव बढ़ाने वाली है। वह विपक्षी दलों से अपील करते हैं कि इस विषय को राजनीति के तराजू से न तौलिए। उन्होंने कहा, '' नारी शक्ति हमारे निर्णय देखेगी, निर्णय से ज्यादा हमारी नीयत देखेगी। यदि इसका विरोध करते हैं, तो नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। यह समय की मांग है, ज्यादा विलंब न करें। '' श्री मोदी ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, '' हम भ्रम में न रहें, हम अहंकार में न रहें। नारी शक्ति देख रही है। उसका हक है, हमने कई दशक तक उसे रोककर रखा है। इससे प्रायश्चित करके, उससे मुक्ति का यह समय है। उन्होंने कहा, बहानेबाजी और तकनीकी बातों को अब छोड़ दें, तीन दशक तक हम इसे नहीं कर पाये, अब तो करें। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए। सर्वसम्मति से इसे पारित करें। नारी शक्ति की राष्ट्र के विकास में सहभागिता सुनिश्चित करें। हम आग्रह करते हैं कि सर्वसम्मति से इस पर आगे बढ़ें। हम इसे राजनीतिक तराजू में न तौलें। इसे पारित करने से अतिरिक्त शक्ति जुड़ेगी और किसी का हक नहीं मारा जायेगा।'' वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सवाल उठाया कि 543 लोकसभा सीटों में महिलाओं को सीधे 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि यदि सत्ता खोने का डर नहीं है तो तत्काल प्रभाव से यह आरक्षण लागू किया जाना चाहिए, जिससे महिलाओं और ओबीसी वर्ग को वास्तविक प्रतिनिधित्व मिल सके। श्रीमती वाड्रा ने ''संविधान 131 संशोधन विधेयक 2026'' पर लोकसभा में जारी चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि कांग्रेस महिलाओं की सुरक्षा और आरक्षण के पक्ष में दृढ़ता से खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी लेकिन श्री मोदी के बयान से प्रतीत होता है कि भाजपा महिला आरक्षण की अगुआ, समर्थक और सबसे बड़ी हिमायती रही है। उन्होंने कहा कि 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण विधेयक लाने की बात कही थी और उनका पत्र मिलने के बाद ही मोदी सरकार ने 2023 में सर्वसम्मति से इस विधेयक को पारित किया और कांग्रेस ने अपनी विचारधारा के अनुरूप इस विधेयक का पूर्ण समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को नहीं भूलना चाहिए कि महिलाओं को आजादी के पहले दिन से ही वोट देने का अधिकार मिल गया था। इस संदर्भ में कांग्रेस की भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोतीलाल नेहरू ने साल 1928 में एक रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे उन्होंने कांग्रेस पार्टी की कार्यसमिति को सौंपा था। मोतीलाल नेहरू तब एक समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने 19 मूल अधिकारों की सूची बनाई थी। फिर 1931 में सरदार पटेल की अध्यक्षता में कराची अधिवेशन हुआ जिसमें इस प्रस्ताव को पारित किया गया। यहीं से भारत की राजनीति में महिलाओं के समान अधिकार की बात शामिल हुई। उसी समय 'वन वोट वन सिटीज़रन वन मूल्य' का सिद्धांत हमारी राजनीति में लागू हुआ। इस सिद्धांत की वजह से हमारे देश में महिलाओं को वोट देने का अधिकार आजादी के पहले दिन से ही मिल गया। जबकि अमेरिका जैसे देश में महिलाओं को इस अधिकार के लिए 150 साल इंतजार करना पड़ा था। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि हमारे यहां महिलाओं को पंचायत में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। कांग्रेस की सरकारों ने महिलाओं को आरक्षण देने का जो सिलसिला शुरू किया उसी के परिणाम में महिलाओं को आज देश में आरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हूं लेकिन घर पर जाकर वह निश्चित रूप से उनकी बातों पर चिंतन करते होंगे और इसी का परिणाम है कि महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए वह कदम उठा रही है। इस बारे में श्री गांधी ने ही प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जल्द से जल्द इस विधेयक को लागू करने की मांग करने संबंधी पत्र लिखा था। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि जब सरकार इस विधेयक ● शेष पेज 11 पर

### काला टीका लगाने के लिए धन्यवाद

पीएम मोदी ने कहा कि, 'अपने यहां जब कोई भी शुभ काम होता है। उसको नज़र ना लग जाए इसलिए काला टीका लगाने की परंपरा है। मैं आपका धन्यवाद करता हूँ काला टीका लगाने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद, उन्होंने कहा कि आप लोग काला कपड़ा पहने के आए हैं। कोई शुभ कार्य करने से पहले काला टीका लगाना चाहिए तो धन्यवाद काला टीका लगाने के लिए।

### महिलाओं को हक देकर प्रायश्चित कर रहे

हम भ्रम में न रहें, हम अहंकार में न रहें। यहां मैं और तुम की बात नहीं कर रहा हूं। हम हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। ये उनका हक है। और हमने कई दशकों से उनको रोका है। आज उसका प्रायश्चित करके उस अपराध से मुक्ति पाने का अवसर है।

# मतदान से दो दिन पहले भी मिली क्लीन चिट तो दे पाएंगे वोट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े।



सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य मतदान की मांग वाली याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इनकार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपेक्षा होती है, लेकिन राज्य किसी व्यक्ति को वोट देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

# शिक्षा चयन आयोग हुआ सख्त, परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू

प्रयागराज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। आयोग ने आगामी परीक्षाओं में जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने का निर्णय लिया है। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी के लिए मुख्यालय में अत्याधुनिक एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां से प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में दो दर्जन से अधिक हाई-क्वालिटी स्क्रीन और एआई कैमरों के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आयोग आधुनिक तकनीक का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली को मजबूत बना रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ा जा सके। नकल, पेपर लीक या अन्य गड़बड़ियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों ● शेष पेज 11 पर

# 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ/नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में हालिया श्रमिक आंदोलन के दौरान फैली हिंसा और अराजकता को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह महज श्रमिक असंतोष का मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसमें बाहरी तत्वों की सक्रिय भूमिका रही।

सूत्रों के अनुसार, अब तक हुई 66 गिरफ्तारियों में से 45 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो वास्तविक श्रमिक नहीं हैं। आगजनी की घटनाओं में चिन्हित 17 लोगों में से 11 को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 8 गैर-श्रमिक हैं। वहीं, भड़काने के आरोप में चिन्हित 32 में से 19 को हिरासत में लिया गया है। इसके अतिरिक्त 34 ऐसे लोगों को भी पकड़ा गया है, जो श्रमिक न होते हुए भी प्रदर्शन में शामिल होकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे थे। जांच



❒ नोएडा प्रकरण: आगजनी-भड़काने में बाहरी तत्वों की भूमिका

एजेंसियों के मुताबिक, साजिश रचने के आरोप में 4 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, जिनके कुछ संगठित नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में कुछ संदिग्ध सोशल मीडिया हैंडल्स और बाहरी राज्यों से आए लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। सूत्रों का दावा है कि नोएडा के औद्योगिक ढांचे को प्रभावित करने के लिए व्यापक स्तर पर योजना बनाई गई थी। हिंसा के दौरान आगजनी, पथराव और उकसावे की घटनाओं में शामिल कई लोग स्थानीय ● शेष पेज 11 पर

# ईरान ने युद्ध खत्म करने की शर्तें रखीं

**एजेंसी**

तेहरान/बीजिंग। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए ''गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें'' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

उन्होंने कहा, ''ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इनकार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। श्री अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार

❒ ईरान 'गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों' को देता है प्राथमिकता : अराघची

❒ होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग: चीन



भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्री मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। श्री अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा, संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी ● शेष पेज 11 पर

### हिजबुल्ला युद्धविराम पर सहमत, इजरायल को उल्लंघन के खिलाफ दी चेतावनी

**बेरुत।** लेबनान स्थित प्रमुश शिया मुस्लिम राजनीतिक अर्ध सैन्य संगठन हिजबुल्लाह ने युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त की है लेकिन शर्त रखी है कि इजरायल भी इसका पालन करेगा। हिजबुल्लाह की राजनीतिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने यह जानकारी दी है। हिजबुल्लाह ने इस शर्त पर इजरायल के साथ युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की है कि दोनों पक्ष इसका पालन करेंगे। उप प्रमुख महमूद कोमाती ने कहा, ''हम युद्धविराम पर सहमत हुए, लेकिन हम 2024 के समझौते के अनुभव को दोहराने की अनुमति नहीं देंगे, जहां हमने इसका पालन किया जबकि इजरायली पक्ष अपने दायित्वों से मुकर गया। उन्होंने आगे कहा कि हम इजरायली विश्वासघात को लेकर सतर्क हैं और उन्होंने इस समय दक्षिणी लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी।

योगी आदित्यनाथ ने बाराबनी, रामपुरहाट व बोलपुर में जनसभाओं को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

# भाजपा सरकार बनी तो सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे गुंडे-माफिया : योगी

**एजेंसी**

आसनसोल/बीरभूम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की धरा पर तृणमूल कंग्रेस को चुनौती देते हुए मतदाताओं से कहा कि टीएमसी के गुंडे, माफिया क्या कह रहे हैं या कोई क्या कह रहा है, आप किसी से भयभीत न होइए।

डबल इंजन की भाजपा सरकार आने दीजिए, ये सभी आपकी चाटुकारिता करते और बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाते दिखाई देंगे। मुख्यमंत्री ने ये बातें गुरुवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा में बाराबनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरिजीत रॉय, दूसरी जनसभा में रामपुर हाट से ध्रुब साहा व हासन से निखिल बनर्जी के लिए वोट मांगे। तीसरी जनसभा में उन्होंने बोलपुर से भाजपा प्रत्याशी दिलीप घोष, ओसग्राम से कलिता माझी व नानूर से खोकन दास को भारी मतों से जिताने की अपील की। भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को

#### बंगाल चुनाव

❒ सीएम की एक झलक पाने उमड़ा बंगाल, मतदाताओं से बोले योगी-तृणमूल का सूपड़ा साफ कर देंगे

❒ गारंटी देती है भाजपा-गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे

❒ बंगाल को फिर बनाएंगे कल्चरल कैपिटल

❒ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर प्रोटोकॉल तक भूल गई ममता दीदी, स्वागत करने नहीं पहुंचीं

संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के साथ भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। जनसभा स्थलों, वाहनों व घरों की छतों और पेड़ों पर चढ़े लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने को बेताब दिखे। टीएमसी के गुंडों ने मेरी सभा रोकने का प्रयास किया, हम टीएमसी का सूपड़ा साफ करेंगेमुख्यमंत्री ने मतदाताओं से कहा



कि जब यहां मेरा कार्यक्रम लगा तो तृणमूल के गुंडे लोगों को परेशान करने लगे। सभा न होने पाए, इसके लिए भाजपा के झंडे उखाड़ने का भी प्रयास किया। आप लोग भाजपा प्रत्याशियों को जिताइए और डबल इंजन सरकार लाइए, हम टीएमसी का सूपड़ा साफ कर देंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल स्पीड से सारी समस्याओं का समाधान होगा। भाजपा ही सुरक्षा-समृद्धि, उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। टीएमसी के कारण पैदा हुए सैंड-कोल-लैंड माफियामुख्यमंत्री ने कहा कि टीएमसी आज टेरर, माफियाराज व करप्शन का पर्याय बन चुकी है। इन लोगों ने आमजन, नौजवानों, बेटी-बहनों के सामने भय का माहौल पैदा किया है। टीएमसी के कारण सैंड माफिया, कोल माफिया, लैंड माफिया पैदा हुए। केंद्र से विकास के लिए, गरीबों के लिए जो पैसा आता है, उसे टीएमसी के गुंडे हजम कर जाते हैं। सीएम ने स्थानीय नागरिकों को विश्वास दिलाया कि बंगाल में दंगों, भय, ● शेष पेज 11 पर

# अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ बाबा साहब के नाम पर सपा-कांग्रेस बहा रही हैं घड़ियाली आंसू: डॉ. राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर ल्लसम्मान अभियान 2026ङ्क के अंतर्गत डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र द्वारा एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के स्वाभिमान, अधिकार एवं सम्मान की सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में सामने आया।

कार्यक्रम में विधायक, सरोजनीनगर डॉ. राजेश्वर सिंह ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल केवल एक तिथि नहीं, बल्कि न्याय, समानता एवं अधिकारों की सशक्त चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन शिक्षा, संघर्ष एवं संकल्प के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे शिक्षा को प्राथमिकता दें तथा अन्याय के विरुद्ध सजग रहें। डॉ. सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर परिवार के साथ मिलकर बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। नारी सशक्तिकरण हेतु स्थापित तारा शक्ति केंद्र आज क्षेत्र की पहचान बन चुके हैं। डेढ़ सौ से अधिक तारा शक्ति केंद्रों से जुड़कर हजारों महिलाएं सशक्त हो रही हैं। इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में 62 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है तथा 150 कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे युवा वर्तमान तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बन सकें।

डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी बाबा साहब के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के दौरान दलित महापुरुषों के नाम पर स्थापित संस्थानों एवं जिलों के नाम बदले गए, वहीं कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को पद्म भूषण से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने हेतु कार्य कर रही है। सबका साथ, सबका विकास की नीति के अंतर्गत बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। सदन में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह कानून बाबा साहब के समानता के विचारों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस ने नेहरू को स्थापित करने के प्रयास में बाबा साहब की उपेक्षा की, जबकि उनकी प्रतिभा एवं योगदान अधिक व्यापक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के कारण ही आज भारतीय समाज इतना उन्नतशील बन पाया है। अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती नीरज गौतम ने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीबीएसई 10वीं में आरएलबी के मेधावियों का जलवा अक्षरा पांडे ने 99 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । सीबीएसई हाईस्कूल (दसवीं) परीक्षा परिणाम घोषित होते ही रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल, इंदिरा नगर सेक्टर-14 स्थित शाखा में खुशी का माहौल छा गया। मेधावी छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर में एकत्र हुए और एक-दूसरे को गले लगाकर व मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।

विद्यालय प्रबंधन ने भी इस शानदार प्रदर्शन पर छात्रों को सम्मानित किया। संस्थापक जयपाल सिंह, डायरेक्टर निर्मल टंडन, निदेशक नरेंद्र प्रताप सिंह, मोहिंदर सिंह एवं शिक्षकों ने मेधावियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा अक्षरा पांडे ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं आदित्री गुप्ता ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, अविका यादव ने 98.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिज्ञान सिंह और साक्षी सिंह पटेल ने 97.8 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया। तान्या कुशवाहा 97.6 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मुद्रा श्रीवास्तव ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। सातवें स्थान पर अनन्या त्रिपाठी और पुण्योदय शुक्ला (97.2 प्रतिशत), आठवें स्थान पर अनन्या सिंह, सारिका गुप्ता, मो. अमीन, आदर्श सिंह और अर्णव सिंघल (97 प्रतिशत), नौवें स्थान पर पद्मजा तिवारी और आकृति श्रीवास्तव (96.8 प्रतिशत) तथा दसवें स्थान पर दीक्षा शर्मा, हीरा अहमद खान, सिद्धार्थ त्रिवेदी और स्वास्तिक अवस्थी (96.4 प्रतिशत) रहे।विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 218 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सफलता को कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

## दो दिवसीय लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल का समापन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल का गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान बॉलीवुड पर्सनालिटी अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व सिनेमा जगत की 210 फिल्मो से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन दो मुख्य चरणों में संपन्न हुआ। आयोजक अयूब खान ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से लखनऊ में फिल्म पर्यटन और स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा मिलेगा। 5 देशो की 3792 फिल्मों को इस फ़ेस्टिवल के लिये रजिस्टर किया गया। इस दौरान अभिनेता व पद्मश्री सम्मानित अनिल रस्तोगी, वीरेंद्र सिंह वत्स, एन के खान, असर खान, उमेर ख़ान, सैकत दास, आरिफ शाहडोली समेत अन्य मौजूद रहे।

## आरटीआई मामलों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: राज्य सूचना आयुक्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राज्य सूचना आयुक्त शकुन्तला गौतम ने कहा है कि सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर उपलब्ध कराना सभी जन सूचना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।संगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ लंबित आरटीआई आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी आवेदनों का 30 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण और नियमसम्मत निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाए।आयुक्त ने निर्देश दिए कि सूचना प्रदान करते समय आवेदन का विवरण तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम और पदनाम भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर सूचना न देने की स्थिति में अधिनियम के तहत दंड और क्षतिपूर्ति का प्रावधान लागू किया जाएगा।बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी अधिकारी पोर्टल पर अपनी लॉगिन आईडी सुनिश्चित करें और प्रत्येक माह लंबित मामलों की समीक्षा करें। जिन मामलों में सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकती, उनमें स्पष्ट और विधिसम्मत कारण दर्ज किए जाएं। समीक्षा के दौरान सामने आया कि जनपद में कुल 639 आरटीआई आवेदन लंबित हैं। इनमें सर्वाधिक राजस्व विभाग (188), गृह विभाग (61), उच्च शिक्षा विभाग (59) और नगर विकास विभाग (54) से संबंधित हैं।

## पंचायत चुनाव पर सुनवाई चौथी बार टली, बढ़ी अटकलें

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में पंचायत चुनाव कराने की मांग से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई एक बार फिर टल गई। समयाभाव के कारण यह मामला सूचीबद्ध होने के बावजूद नहीं सुना जा सका।यह लगातार चौथी बार है जब इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई टली है, जिससे राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में अटकलों का दौर तेज हो गया है।यह याचिका इम्तियाज़ हुसैन द्वारा दायर की गई है, जिसमें प्रदेश में पंचायत चुनाव कराने की मांग की गई है। मामले में राज्य निर्वाचन आयोग पहले ही अपना जवाब दाखिल कर चुका है।लगातार टल रही सुनवाई को देखते हुए अब अगली तारीख पर सभी पक्षों की नजरें टिकी हुई हैं।

## बारां पावर प्लांट में मीडिया एंट्री पर रोक, धरना कवरेज को लेकर विवाद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** शंकरगढ़ स्थित बारां पावर प्लांट में चल रहे धरना प्रदर्शन के बीच मीडिया की एंट्री रोके जाने को लेकर गुरुवार को विवाद खड़ा हो गया। कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को सुरक्षा कर्मियों ने प्लांट परिसर में प्रवेश से रोक दिया और स्पष्ट किया कि मीडिया को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। पत्रकारों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब मामला सार्वजनिक हित से जुड़ा है, तो कवरेज पर रोक किस आधार पर लगाई गई है। इस घटना के बाद प्लांट के भीतर की स्थिति और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे।

मामले की जानकारी मिलने पर डीसीपी प्रयागराज मौके पर पहुंचे और सुरक्षा कर्मियों व प्लांट प्रबंधन से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया।

फिलहाल धरना जारी है और क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। मीडिया एंट्री पर रोक के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है।

## शंकरगढ़ के स्कूलों में पढ़ाई पर सवाल, फीस और किताबों को लेकर अभिभावकों का विरोध

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** शंकरगढ़ ब्लॉक के कई निजी और अर्ध-सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि स्कूलों में पढ़ाई का स्तर गिरा हुआ है, जबकि फीस और अन्य मदों में मनमानी वसूली की जा रही है। अभिभावकों के अनुसार, कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और एक ही शिक्षक द्वारा कई कक्षाओं को संभाला जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही, एडमिशन, एनुअल और डेवलपमेंट फीस के नाम पर 15 से 25 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। किताबों और यूनिफॉर्म को लेकर भी स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दुकानों से खरीदने का दबाव बनाने के आरोप लगाए गए हैं।कुछ अभिभावकों का कहना है कि समय पर फीस न देने पर जुर्माना लगाया जाता है, जबकि पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो रही। इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन जवाब नहीं मिल सका। शिक्षा विभाग का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सीबीएसई 10वीं में एस.आर. ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन, हार्दिक गुप्ता बने टॉपर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एस.आर. ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण का भी परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी छात्र हार्दिक गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विराट प्रताप सिंह 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। शौर्य सिंह ने 96.8 प्रतिशत और प्रशस्ति सिंह ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष सूची में जगह बनाई। इसके अलावा कृष्णा, पुष्पेंद्र मौर्य और अभिजीत सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हर्षिता साहू और किंजैल ने 94.8 प्रतिशत, जबकि जाह्नवी मौर्य और गौतम ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खास बात यह रही कि 150 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के चेयरमैन एवं विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने इस उपलब्धि पर सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकगण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी के संयुक्त प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

## संपूर्ण राष्ट्र के पथ-प्रदर्शक हैं बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर : पंकज सिंह




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर विधानसभा में 'संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026' के क्रम में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के पथ-प्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बाबासाहेब के 'अंत्योदय' के सपने को साकार कर रही है। यह अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि संविधान ही हमारा मार्गदर्शक है और उत्तर विधानसभा में बाबासाहेब के सम्मान में आयोजित यह संगोष्ठी सामाजिक समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# आवास योजना में अनियमितता उजागर, 4.80 लाख की वसूली के आदेश




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । कोरांव ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुकुरहटा में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।जांच में पाया गया कि चार अपात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया, जिसके तहत कुल 4.80 लाख रुपये की राशि जारी की गई। यह राशि संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के वेतन से वसूलने के निर्देश दिए गए हैं।जांच रिपोर्ट के अनुसार, एक मामले में लाभार्थी की जाति संबंधी विवरण में गड़बड़ी कर पात्रता सुनिश्चित की गई, जबकि अन्य मामलों में नियमों की अनदेखी कर लाभ प्रदान किया गया।प्रकरण में ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारी के खिलाफ पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। खंड विकास अधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।हालांकि, मामले में आगे की कार्रवाई और प्रशासनिक प्रगति पर सभी की नजर बनी हुई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में आयोजित हुआ जागरूकता पदयात्रा कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफ़ेसर सारिका दुबे के कुशल नेतृत्व में एन एस एस के द्वारा ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023'' के समर्थन में जागरूकता पदयात्रा कार्यक्रम आयोजन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जागरूकता पदयात्रा में उपमुख्यमंत्री का शामिल होना यह दर्शाता है कि वह नारी अधिकारों के प्रति कितने प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से नीति निर्माण करने में सक्षम हो सकती है। कार्यक्रम का आयोजन डॉ अमिता यादव और डॉ पूजा दुबे के द्वारा किया गया।

## सीबीएसई 10वीं में सेंट गैब्रियल कॉन्वेंट स्कूल का बेहतर प्रदर्शन, तन्मय श्रीवास्तव ने विद्यालय में किया टॉप

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीबीएसई हाईस्कूल (दसवीं) परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मड़ियांव के केशव नगर स्थित सेंट गैब्रियल कॉन्वेंट स्कूल में खुशी का माहौल छा गया। परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर अपनी खुशी जाहिर की। विद्यालय के छात्र तन्मय श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शौर्य सिंह ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्णव दुबे ने 91.2 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा वैभवी दीक्षित ने 90.6 प्रतिशत और प्रगति ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर अर्चना पांडे ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# फिजिक्स वल्लाह एजुकेशन कंपनी ने किया मेधावियों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । फिजिक्स वल्लाह एजुकेशन कंपनी के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई बोर्ड दसवीं के परीक्षा परिणामों में जबरदस्त सफलता प्राप्त हासिल की। जिसको लेकर फिजिक्स वल्लाह के द्वारा गुरुवार को गोमती नगर में अपने मेधावियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें उन स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई बोर्ड के दसवीं एग्जाम में अपना परचम लहराया। इसमें आयुष सिंह ने 97.40 प्रतिशत, अथर्व 97.20 प्रतिशत और प्रद्युम्न त्रिपाठी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इस मौके पर फिजिक्स वल्लाह एजुकेशन कंपनी के द्वारा बताया गया कि कई स्टूडेंट्स हाई स्कोरर बने, जिनमें कुछ स्टूडेंट्स ऐसे भी थे जिन्होंने परफ़ेक्ट 100 परसेंट स्कोर किया। टॉप परफॉर्म करने वालों में फाजिल्का, पंजाब के वैभव अरोड़ा, अहमदाबाद, गुजरात के अमोलिक पंडिता और भुवनेश्वर, ओडिशा के आयुष्मान महापात्रा रहे, जिन्होंने 100 परसेंट मार्क्स हासिल करके देश में टॉप रैंक हासिल की। फिजिक्सवाला के फाउंडर और सीईओ अलख पांडे ने कहा कि हमें उन सभी स्टूडेंट्स पर गर्व है जो एग्जाम में शामिल हुए और उनकी लगन और कड़ी मेहनत की तारीफ करते हैं। ये रिजल्ट्स लगातार कोशिश और सही एकेडमिक सपोर्ट सिस्टम को दिखाते हैं।

## महिला पत्रकार को मिल रही है जान से मारने की धमकियां

लखनऊ। दबंगों की ओर जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। स्थानीय पुलिस इस मामले में ढुलमुल रवैया अपनाए हुए। उसकी ओर भी शिकायत कत्री को ही धमकाने का काम किया जा रहा है।यही शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के गांव कटरा बक्कास निवासी महिला पत्रकार पूजा मौर्या की ओर से जिला अधिकारी लखनऊ, महिला आयोग, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी , थाना प्रभारी सुशांत गोल्फ सिटी, और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑन लाइन भेजी गई है।पीड़ित महिला पत्रकार की शिकायत में कहा गया है कि उसका अपना पुस्तैनी मकान है। उस मकान की एक दीवार को वही के निवासी लुकमान पुत्र जुबेर ने 15 अप्रैल को 11:30 बजे पलट दिया। इस बात का विरोध पीड़िता की ओर से किया गया तो आरोपी लुकमान और उसके भाई सुफियान और बहन नाज की ओर से गाली गलौज करने के अलावा जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत कत्री के अनुसार उसकी ओर से इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों की ओर से पीड़िता को ही धमकाने का काम किया गया। अब आरोपियों की ओर से किए जा रहे उत्पात और स्थानीय पुलिस के रवैए से क्षुब्ध होकर पीड़ित महिला पत्रकार ने मामले की शिकायत को पुलिस उच्चाधिकारियों के अलावा महिला आयोग और मुख्यमंत्री को भी ऑनलाइन भेज दिया है।

# 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' के तहत वाराणसी मंडल के एक कर्मचारी को महाप्रबन्धक ने किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने महाप्रबन्धक सभा कक्ष में 15 अप्रैल, 2026 को संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल से 01 कर्मचारियों को 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

वाराणसी मंडल के चौरी चौरा स्टेशन पर ई.एस.एम. के पद पर कार्यरत श्री आशुतोष कुमार ने 14 फरवरी, 2026 को सरदार नगर रेलवे स्टेशन पर लाइन संख्या-01 पर ट्रैक विफलता की सूचना मिलने पर शीघ्र ही सड़क मार्ग से जाकर विफलता को चेक किया, तो पाया कि रेल फ्रैक्चर है। आपने तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर एवं इंजीनियरिंग विभाग को दिया। आपकी सूझबूझ एवं तत्परता से एक सम्भावित दुर्घटना को बचाया गया।[4/16, 8:38 घ्ख्र] खथद्धद्धफ क्न्द्धपद्धः वायरल वीडियो पर ऊर्जा मंत्री का सख्त एक्शन, एसडीओ निलंबितलखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले में लापरवाही और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसडीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से बातचीत कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद एमडी द्बारा उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार को तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।मुख्य अभियंता, आजमगढ़ द्बारा भी पुष्टि की गई है कि मऊ जिले के डिवीजन प्रथम में तैनात एसडीओ द्बितीय अमित कुमार के खिलाफ वायरल आपत्तिजनक वीडियो के मामले में यह कार्रवाई की गई है और जांच जारी है।ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शासन की छवि को धूमिल करने वाले और अनुशासनहीनता में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ ल्लजीरो टॉलरेंसङ्क की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वायरल वीडियो पर ऊर्जा मंत्री का सख्त एक्शन, एसडीओ निलंबित

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मामले में लापरवाही और अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसडीओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंत्री ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से बातचीत कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद एमडी द्बारा उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार को तत्काल निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।मुख्य अभियंता, आजमगढ़ द्बारा भी पुष्टि की गई है कि मऊ जिले के डिवीजन प्रथम में तैनात एसडीओ द्बितीय अमित कुमार के खिलाफ वायरल आपत्तिजनक वीडियो के मामले में यह कार्रवाई की गई है और जांच जारी है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शासन की छवि को धूमिल करने वाले और अनुशासनहीनता में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ ल्लजीरो टॉलरेंसङ्क की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवयुग कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन प्रबंधक विजय दयाल तथा प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महाविद्यालय की वार्षिक शैक्षणिक प्रगति आख्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर मंजुला उपाध्याय के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ उत्तर प्रदेश प्रोफ़ेसर अश्विनी कुमार उपाध्याय रहे।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव में गुरुवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब नहर किनारे स्थित एक आम के बाग में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। युवक औंधे मुंह जमीन पर पड़ा था, जिसे सबसे पहले खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने देखा। सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इलाके में दहशत का माहौल बन गया।ग्रामीणों के मुताबिक, शव मिलने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन करीब 45 मिनट तक कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि समय पर पुलिस पहुंचती तो घटनास्थल के महत्वपूर्ण साक्ष्य सुरक्षित किए जा सकते थे। मऊ-पुरसेनी नहर मार्ग के किनारे स्थित बाग में मिले युवक के शव की हालत बेहद संदिग्ध बताई जा रही है। युवक अर्धनग्न अवस्था में था और उसके शरीर पर केवल हाफ चड्डा था। ऐसी स्थिति में शव मिलने से हत्या की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि आत्महत्या की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।घटना की जानकारी मिलने के बाद एसीपी विकास पांडे, इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी और कस्बा चौकी इंचार्ज अतुल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया।एसीपी विकास पांडे ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है और वह दाढ़ी रखे हुए है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के गांवों में जानकारी जुटाई जा रही है और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। साथ ही सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का।इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने निष्पक्ष और शीघ्र जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में गुरुवार की सुबह एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे महिला के भाई ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाते हुये पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इसी के साथ पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में ले लिया।पुलिस के मुताबिक बाराबंकी स्थित सतरिख रोड पर दिबियापुर गांव के निवासी विजय विश्वकर्मा अपनी पत्नी अनीता (30) एवं दो बेटों के साथ सुशांत गोल्फ सिटी स्थित गोमती एंक्लेव के पास किराए के मकान में रहता था।वह ठेके पर मकान बनाने का काम करता था।मृतका के भाई बृजेश के अनुसार उसे बृहस्पतिवार की सुबह बहन के घर के पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि उनकी बहन ने फंदे से लटक कर जान दे दी है ।यह सुनकर घर वाले फौरन कुर्सी रोड बाराबंकी से सुशांत गोल सिटी बहन के घर पहुंचे। उस समय तक पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। वहीं पर भाई ने अपने बहनोई पर बहन का गला दबाकर जान से मारने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच किए जाने की मांग की।भाई के अनुसार उनकी बहन की अपने पति के एक अन्य युवती से अवैध संबंधों के चलते लड़ाई झगड़ा होता रहता था । इसी बात को लेकर वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया करता था।मृतका के भाई की शिकायत के बाद पति विजय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है । उससे पूछताछ की जा रही है।

## आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईंगंज इलाके के बेगरिया मऊ गांव में एक युवक का शव आम के पेड़ लटकता हुआ पाया गया। मृतक की पहचान उसी गांव के निवासी कुलदीप रावत के रूप में की गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस से मिली जानकारी के के अनुसार बेगरियामऊ गांव निवासी कुलदीप रावत (28) ने गुरुवार की दोपहर गांव के बाहर पूर्व प्रधान रमाकांत वर्मा की बाग आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने गांव वालों से जानकारी ली। पुलिस के अनुसार मृतक नशे का आदी था।वह अक्सर नशा किया करता था। मृतक के पिता किसान है।

# “Developed Goa@2037” सम्मेलन में लखनऊ मॉडल की झलक, महापौर सुषमा खर्कवाल ने रखे विचार

❒ विकसित भारत के लक्ष्य में शहरों की भूमिका पर दिया जोर, लखनऊ के नवाचारों को किया साझा

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । गोवा के पणजी स्थित नोवोटेल होटल में आयोजित ल्क्क्द्मफ्द्द्यधध्द्द क्ष्थअ2037ङ्क सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सम्मिलित हुईं। यह सम्मेलन ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट (इक्क्रक्ष्व्ट्ठक्क) द्वारा अपने 100वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र में गोवा के ऊर्ज़ा, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री आर.एम. धवलीकर , डायरेक्टर जनरल इक्क्रक्ष्व्ट्ठक्क जय राज पाठक , महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल , महापौर बरेली डॉ. उमेश गौतम , महापौर पणजी रोहित , डीडीजी इक्क्रक्ष्व्ट्ठक्क रवि रंजन तथा निदेशक गोवा नगर निगम बृजेश मानेरकर सहित विभिन्न शहरों से आए गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।अपने संबोधन में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब देश के शहर मजबूत और आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था के 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने के अनुमान में शहरों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि शहर ही आर्थिक गतिविधियों, रोजगार, नवाचार और निवेश के केंद्र बनते जा रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती शहरी आबादी को देखते हुए शहरों को स्मार्ट, सतत और समावेशी बनाना आवश्यक है। इसके लिए बेहतर बुनियादी ढांचा, सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छता, जल प्रबंधन और डिजिटल सेवाओं को मजबूत करना होगा, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल विकास को प्राथमिकता देनी होगी। लखनऊ के अनुभव साझा करते हुए महापौर ने बताया कि राजधानी को वर्ष 2047 की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

लखनऊ-एससीआर की अवधारणा पर कार्य हो रहा है, साथ ही ग्रीन कॉरिडोर, आउटर रिंग रोड कनेक्टिविटी और आधुनिक शहरी योजना के माध्यम से ट्रैफिक और प्रदूषण कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर में 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। महापौर ने कहा कि लखनऊ को जीरो वेस्ट सिटी बन चुका है और प्रतिदिन लगभग 2000 मैट्रिक टन कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण हो रहा है। लेगेसी वेस्ट के निस्तारण के साथ ही भविष्य में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण और मियावाकी पद्धति से शहरी वन विकसित किए जा रहे हैं, साथ ही नमो वन जैसे हरित क्षेत्रों का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लखनऊ जैसे ऐतिहासिक शहर में विकास के साथ-साथ विरासत संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। हज़रतगंज जैसे क्षेत्रों की पहचान को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक शहरी ढांचे विकसित किए जा रहे हैं। दूसरे सत्र में गहन चर्चा कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अर्थव्यवस्था, सुदृढ़ता (रेजिलिएंस), पर्यटन और विरासत विषय पर विस्तृत मंथन हुआ। इस सत्र में विभिन्न शहरों के विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य की शहरी चुनौतियों व संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहरी विकास, सशक्त स्थानीय शासन, सतत पर्यटन और जलवायु अनुकूलन जैसे विषयों पर लखनऊ के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए शहरों को स्मार्ट, टिकाऊ और समावेशी बनाना समय की आवश्यकता है।

# विकास नगर अग्निकांड के प्रभावितों की मदद के लिए आगे आईं कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ अंतर्गत विकास नगर इलाके में स्थित झुग्गी झोपड़ियों में लगी आग के मामले में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना मदद के लिए आगे आईं हैं। आराधना मिश्रा मोना ने गुरुवार को विकास नगर में अग्निकांड के पीड़ितों की मदद एवं राहत पहुंचाने के एक लाख रुपये की धनराशि का प्रदान किया है। उन्होंने उक्त धनराशि का चेक कांग्रेस को सौंपा है।चेक सौंपते हुए उन्होंने कहा कि विकास नगर में लगी आग से वहां रहने वाले लोगों के प्रति मेरी तरफ से यह छोटी सी पहल है। पार्टी के माध्यम ओ इस राशि को प्रभावित लोगों तक पहुंचाया जाएगा ताकि उनकी मदद हो सके। इस आग से अपना सब कुछ खो चुके लोगों तक सरकार जल्द राहत पहुंचाए, यह अपील करती हूं।

# 60 लाख की सड़क सुबह ही उखड़ी, निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

❒ दो टेंडरों से बना 1 किमी मार्ग, भाजपा नेताओं का विरोध, अन्य सड़कों की भी जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। चंद्रिका देवी रोड से बीकेटी तहसील लिंक मार्ग तक करीब एक किलोमीटर लंबाई की सड़क के निर्माण के लिए लगभग 30-30 लाख रुपये के दो टेंडर स्वीकृत किए गए थे।

इन दोनों कार्यों को बालाजी कंटेक्शन फर्म के ठेकेदार रमेश श्रीवास्तव द्वारा पूरा कराया गया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य को देर रात जल्दबाजी में कराया गया और निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि सड़क बनाने में उचित बेस लेयर और कंपैक्शन की प्रक्रिया को नजरअंदाज करते हुए केवल मिट्टी के ऊपर ही करीब एक इंच गिट्टी डालकर डामर बिछा दिया गया। नतीजतन, सड़क की परत टिक नहीं सकी और सुबह जैसे ही वाहनों का आवागमन शुरू हुआ, कई स्थानों पर डामर उखड़ने लगा। कुछ हिस्सों में तो गिट्टी खुलकर बाहर आ गई, जिससे राहगीरों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता रविप्रकाश तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, विवेक सिंह व कामता प्रसाद जिला मंत्री, राम नरेश सिंह पूर्व प्रधान, विश्वजीत सिंह सभासद, अजीत सिंह अध्यक्ष व्यापार मंडल,राजकुमार रावत और डॉ.प्रेम वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क की स्थिति का निरीक्षण कर निर्माण कार्य पर कड़ी आपत्ति जताई। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह कार्य नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश रावत और अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से कराया गया है, जिसमें सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि दो-दो टेंडरों के बावजूद सड़क का इस तरह कुछ ही घंटों में उखड़ जाना गंभीर अनियमितता की ओर संकेत करता है।

उन्होंने क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला से मुलाकात कर इस सड़क के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्र में हाल ही में बनी अन्य सड़कों की भी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो और भी निर्माण कार्यों में खामियां सामने आ सकती हैं।उधर, स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में इस घटना को लेकर नाराजगी है।

लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क की यह हालत निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा सड़क का पुनर्निर्माण मानकों के अनुरूप कराया जाए। इस पूरे मामले में नगर पंचायत प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, जिससे लोगों में असंतोष और बढ़ता जा रहा है।

## जन न्याय एक ऐसा प्लेटफार्म जो पीड़ित के लिए बनेगा वरदान

लखनऊ । स्मार्ट फोन और स्मार्ट लाइफ स्टाइल की इस दौड़ मे जहाँ हर कोई अपनी हर समस्या के सामाधान के लिए मोबाईल का सहारा लेता है वहीं अब उन लोगों को भी मोबाईल से न्याय दिलाने का रास्ता भी खोज निकाला गया है अब आप मोबाईल के प्ले स्टोर से एक ऐसी ऐप डाउन लोड कर सकते हैं जो आपको उस रास्ते पर सुगमता से ले जाएगा जिसमे आपको न्याय मिलना तय माना जाता है हम बात कर रहे हैं 20 वर्षीय युवा अक्षत ठाकुर द्वारा बनाई गई जन न्याय ऐप की जिसे आप प्ले स्टोर से डाउन लोड करने के बाद तमाम अधिवकताओ से एक ही प्लेटफार्म पर जुड़ सकते हैं उनकी रैंकिंग और फीस के आधार पर उनसे आसानी से सम्पर्क साध कर अपनी समस्या का हल भी पा सकते हैं। अक्षत ठाकुर ने इस ऐप को बनाने के पीछे जो कारण बताया वो काफी दिलचस्प लगा उनका कहना था कि क्योंकि हर पीड़ित वर्ग ऊँची पहुंच या रसूक का नही होता जिस कारण वो अच्छा अधिवक्ता पाने मे असमर्थ हो जाता है भागदौड़ के कारण वो उलझ कर किसी को भी अपनी समस्या के निदान के लिए हायर कर लेता है पर जब उसे एक मंच पर हर स्तर और हर बीट के अधिवक्ता दिखेंगे तो वो आसानी से अपनी जेब और उनकी कार्यकुशलता के आधार पर उनका चयन कर सकता है ये ऐप उसी का एक उदहारण है।

## सीबीएसई 10 वीं के परीक्षाफल में सेंट फ्रांसिस स्कूल, दुर्गागंज काकोरी के छात्रों का अद्वितीय प्रदर्शन

**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकोरी। वर्ष 2014 में स्थापित विद्यालय के छात्रों ने पहली बार सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं की परीक्षा दी। परीक्षा में सम्मिलित सभी 61 छात्रों ने सफलता हासिल की । 12 छात्रों ने 90% से अधिक अंक अर्जित करके विद्यालय के मान को बढ़ाया। 97.8 प्रतिशत के साथ तन्मय मौर्या शीर्ष पर रहे । प्रशांत त्रिवेदी 97.2, असद नदीम सिद्दीकी 95.4, मोहम्मद दाऊद आरिफ 94.6, अनुष्का त्रिवेदी 94.2, स्मृति यादव 94.2, नमन तिवारी 92.8, मुसाब खान 92, नित्या यादव 92.2, मोहम्मद नाजिम 90.4, कृतिका सैनी 90.4, आर्यन तिवारी 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता अर्जित की है।इस सफलता के पीछे छात्रों की मेहनत के साथ-साथ विद्यालय प्रशासन , अभिभावकों तथा टीचरों का सहयोग भी रहा है। परीक्षा फल की शत प्रतिशत सफलता से अभीभूत प्रिंसिपल सिस्टर एल्सा ग्रेस ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि फादर अनूप इम्मानुएल लाकरा ने सफल छात्र-छात्राओं का अभिवादन फूलमालाओं द्वारा किया। मैनेजर सिस्टर रोज़लीन ने भी छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## राजाजीपुरम में प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकली भव्य कलश यात्रा



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजाजीपुरम स्थित सपना कॉलोनी सी ब्लॉक के पार्क में बने श्री निम्बेश्वर महादेव मंदिर में मां दुर्गा, पंचमुखी हनुमान और शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक आयोजन शुरू हो गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित धीरज शास्त्री के नेतृत्व में किया जा रहा है।आयोजन के तहत गुरुवार सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह यात्रा क्षेत्र से होते हुए श्री शिव शक्ति पीपल वाला मंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।मंदिर परिसर में चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा।

## मीरख नगर की अर्पिता पटेल ने 93% अंकों के साथ हाईस्कूल में किया टॉप



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र के मीरख नगर गांव की होनहार छात्रा अर्पिता पटेल ने हाईस्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक (500 में 465) हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अर्पिता, किसान सुशील वर्मा और माता पिंकी की बेटी हैं। उन्होंने बछरांवा स्थित एस जे एस पब्लिक स्कूल से सीबीएससी बोर्ड के अंतर्गत पढ़ाई करते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और ग्रामीणों ने गर्व जताते हुए बधाई दी है।अर्पिता की इस कामयाबी के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का बड़ा योगदान रहा है। पढ़ाई के दौरान उन्होंने सभी विषयों पर संतुलित ध्यान दिया, जिससे उन्हें हर विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त हुए। अर्पिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। इस उपलब्धि पर उनके कोचिंग शिक्षक मो. अदनान और डॉ. रमन ने उनके घर पहुंचकर मिठाई खिलाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अर्पिता की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है और यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और सही दिशा में प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई स्कूल की छात्रा सताक्षी सिंह ने किया नाम रोशन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** सी बी एस सी के हाई स्कूल का परिणाम आज 15 अप्रेल 2026 को घोषित कर दिया है इस बार के परिणाम मे भी छात्राओं ने बाज़ी मार ली है। विकास नगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल की छात्रा सताक्षीसिंह ने अपने स्कूल से टॉप करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है साथ ही उनकी माता प्रतिभा सिंह और पिता विनोद कुमार को गौरवान्वित किया है। सताक्षी ने बताया की मोबाईल फोन से दूरी और पढ़ाई मे तल्लीनता से ही उन्हे ये रैंक प्राप्त हुई है।

# बीबीडी पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल, दुकानदार ने लगाए अभद्रता और मारपीट के आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में बुधवार रात पुलिस की एक कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अयोध्या रोड स्थित गोयल कट के पास एक चाय-पानी की दुकान बंद कराने पहुंचे पुलिसकर्मियों के रवैये पर दुकानदार ने गंभीर सवाल उठाए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और दुकान बंद कराने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दुकान के बाहर रखा कुछ सामान भी हटाया गयाद्यदुकानदार का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट भी की गई। जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं।बताया जा रहा है कि पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। ऐसे में फुटेज सामने आने के बाद मामले की सच्चाई स्पष्ट होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# टिम्बर व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है : मुकेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन का 9वॉ स्थापना वर्ष होटल स्काई हाई,ऐशबाग में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन की नई प्रदेश कार्यसमिति का शपथ ग्रहण भी संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लम्बे संघर्ष के पश्चात जीत निश्चित होती है। प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी को बधाई देते हुए कहा कि टिंबर एसोसिएशन ने काष्ठ आधारित उद्योग के अंतर्गत सैकड़ों लोगों को व्यापार मुहैया करवाने हेतु कड़ा संघर्ष किया है और इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश के व्यापारियों को जोड़ने का उत्कृष्ट कार्य भी किया। श्री शर्मा ने बताया की टिम्बर व्यापारियों को लाइसेंस दिलवाने में रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष कृपा रही है। सरकार पुश्तैनी टिम्बर के हितों की रक्षा करने का काम करेंगी जिसमे सरकार हर पल आपके साथ है। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि संगठन ने अपना 9वॉ स्थापना दिवस विजय दिवस के रूप में मनाया है। कार्यक्रम में संरक्षक मण्डल के प्रमुख सदस्य साकेत शर्मा पूर्व पार्षद, गिरीश गुप्ता पार्षद ,संदीप शर्मा पार्षद ,विधिक सलाहकार एवं कार्यक्रम के संचालक आशीष त्रिवेदी, महासचिव अख्तर खान, संरक्षक अजीत सिंह, मूलचंद मौर्या, मीडिया प्रभारी दिवाकर प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष विनोद शर्मा,एजाज खान,देवेंद्र प्रताप सिंह,अभय सिंह, एडवोकेट विवेक पांडे, सौरभ गुप्ता तथा मो रजा,आढ़ती संघ के अध्यक्ष देवाशीष देव, व्यापारी नेता जितेंद्र सिंह, अनुराग अग्रवाल, काशिफ, प्रखर श्रीवास्तव आदि व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# क्राइम सीन मैनेजमेंट कोर्स का तीसरा बैच संपन्न, 105 पुलिसकर्मी प्रशिक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (UPSIFS) में क्राइम सीन मैनेजमेंटङ्क कोर्स के तीसरे बैच का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवाएं) नवीन अरोरा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा और उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस 42 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न कमिश्नरेट और जनपदों से आरक्षी से लेकर निरीक्षक रैंक तक के कुल 105 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने क्राइम सीन मैनेजमेंट के साथ-साथ साइबर और फोरेंसिक विषयों की गहन जानकारी दी।समापन समारोह में नवीन अरोरा ने कहा कि घटनास्थल पर अपराधी अक्सर कोई न कोई साक्ष्य जरूर छोड़ता है, लेकिन कई बार उसे सही तरीके से संकलित न कर पाने के कारण जांच प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को साक्ष्य संकलन के दौरान विशेष सावधानी बरतने, ग्लव्स, मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही यह भी कहा कि असावधानी से खुद के फिंगरप्रिंट या अन्य निशान घटनास्थल पर छूट सकते हैं, जिससे जांच में बाधा आ सकती है।उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने-अपने जनपदों में जाकर इस विषय पर वर्कशॉप आयोजित करें और अन्य कर्मियों को भी प्रशिक्षित करें, ताकि पुलिस की कार्यक्षमता और जांच की गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने कोर्स को बेहतर बनाने के लिए फीडबैक देने पर भी जोर दिया।इस मौके पर महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान से प्राप्त ज्ञान का उपयोग फील्ड में करना ही इस प्रशिक्षण की सफलता है। कार्यक्रम के अंत में उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने सभी उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।समारोह का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के उप निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और विषय विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।

## अलीगंज क्षेत्र मे मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कपूरथला चौराहे पर चला जागरूकता अभियान



लखनऊ। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान के तहत दिनांक 15 अप्रेल 2026 को सेंट कपूरथला स्थित गीता वस्त्रालय थाना अलीगंज जनपद लखनऊ मे बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अभियान मे महिलाओं व बच्चों से सम्बंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम मे उपनिरीक्षक रवींद्रनाथ प्रजापतिउपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा तथाउपनिरीक्षक प्रगति सिंह द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

# बीकेटी-सीतापुर हाईवे पर अपराधों की फाइलों में धूल, पुलिस की कार्यशैली कठघरे में

❒ हत्या, फायरिंग और छात्र हत्याकांड में न खुलासा, न गिरफ्तारी, सवाल—आखिर किसका इंतजार कर रही पुलिस?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब और सीतापुर हाईवे क्षेत्र में हुई सनसनीखेज घटनाएं पुलिस की जांच व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। हत्या जैसे जघन्य अपराधों से लेकर खुलेआम फायरिंग तक के मामलों में महीनों ही नहीं, वर्षों बीत जाने के बाद भी न तो अपराधियों की पहचान हो सकी है और न ही कोई ठोस कार्रवाई दिखी है।

ऐसे में पुलिस की कार्यशैली सीधे तौर पर कठघरे में खड़ी नजर आ रही है 15 जनवरी 2024 को इंदौराबाग तहसील मोड़ के पास कूड़े के ढेर में नग्न अवस्था में करीब 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला था। गर्दन कसकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। यह घटना अपने आप में बेहद गंभीर थी, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक मृतक की शिनाख्त तक नहीं हो सकी। सवाल उठता है कि आखिर पुलिस की जांच किस दिशा में चल रही है। 19 नवम्बर 2023 को तकिया गांव के पास मामूली कहासुनी के बाद हुई फायरिंग की घटना भी पुलिस की नाकामी का बड़ा उदाहरण बन चुकी है। बाइक सवार युवक ने भैंसामऊ निवासी व्यापारी नागेंद्र प्रसाद उर्फ पिंटू यादव पर तमंचे से फायर झोंक दिया था, जिसकी चपेट में आकर पास खड़ी 19 वर्षीय दिलकश सिद्दीकी उर्फ आफरीन बाल-बाल बची। घटना दिनदहाड़े हुई, प्रत्यक्षदर्शी मौजूद थे, फिर भी पुलिस आज तक आरोपी का नाम-पता तक नहीं जुटा सकी।इसी कड़ी में 19 दिसम्बर 2024 को भौली गांव के इंटरमीडिएट छात्र पीयूष उर्फ मानू रावत की गला कसकर हत्या कर दी गई। शव निर्माणाधीन मकान में मिला। पुलिस ने शुरुआती दिखावे के तौर पर दोस्तों से पूछताछ और क्राइम सीन रिक्रिएशन किया, लेकिन इसके बाद जांच ठंडे बस्ते में चली गई। नतीजा—हत्यारा अब भी आजाद घूम रहा है।इन तीनों मामलों में एक समानता साफ दिखती है—गंभीर अपराध, शुरुआती हलचल और फिर लंबी खामोशी। न कोई ठोस सुराग, न गिरफ्तारी, न ही खुलासा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या पुलिस की प्राथमिकता में ये मामले हैं भी या नहीं।

### जनता का भरोसा डगमगाया

लगातार अनसुलझे मामलों से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब हत्या और फायरिंग जैसे मामलों में भी पुलिस नतीजा नहीं दे पा रही, तो आम आदमी खुद को कैसे सुरक्षित माने। स्थानीय नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप कर जवाबदेही तय करने और लंबित मामलों का समयबद्ध खुलासा कराने की मांग की है।

# कमीशन दो, तभी होगा भुगतान!, खैराबाद ब्लॉक में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

❒ मनरेगा फीडिंग रोकी, कमीशन न देने पर अटका भुगतान-ठेकेदार का आरोप

❒ 'प्राइवेट ऑपरेटर' के जरिए चल रहा खेल, ब्लॉक में वसूली का आरोप




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। प्रदेश सरकार जहां एक ओर सरकारी योजनाओं में जीरो टॉलरेंस और पारदर्शिता का दावा कर रही है, वहीं विकासखंड स्तर पर भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती नजर आ रही हैं। जनपद के खैराबाद ब्लॉक से एक ठेकेदार ने प्रशासन और सिस्टम को चुनौती देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं कि बिना 'कट' या कमीशन दिए फाइलों का पहिया आगे नहीं सरकता।

## क्या है पूरा मामला

मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी कुलदीप सिंह ने मुख्यमंत्री और आयुक्त ग्राम्य विकास को भेजे शिकायती पत्र में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। पीड़ित ठेकेदार का आरोप है कि विकासखंड खैराबाद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में उन्होंने अन्नपूर्णा भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया है। कार्य पूरा होने के बावजूद उनका भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है।

## प्राइवेट ऑपरेटर' के जरिए वसूली का खेल!

शिकायतकर्ता ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है किः फीडिंग पर रोकः मनरेगा पोर्टल पर बिलों की फीडिंग जानबूझकर रोकी गई है क्योंकि उन्होंने अवैध कमीशन देने से मना कर दिया।

तय है 'कट': ब्लॉक में तकनीकी और वित्तीय स्वीकृति के नाम पर 10 से 15 प्रतिशत तक कमीशन की मांग की जा रही है। सिस्टम का निजीकरणः आरोप है कि इस पूरे खेल को ब्लॉक में तैनात एक निजी ऑपरेटर के जरिए संचालित किया जा रहा है, जो अधिकारियों की शह पर काम कर रहा है। धमकी का आरोपः विरोध करने पर ठेकेदार को कथित तौर पर धमकी दी गई कि ''भुगतान भूल जाओ, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे।''अगर सरकारी योजनाओं का पैसा विकास के बजाय कमीशनखोरी की भेंट चढ़ेगा, तो गांवों की सूरत कैसे बदलेगी? यह केवल एक ठेकेदार का मामला नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की साख पर सवाल है।''

## पीड़ित की मांगः स्वतंत्र जांच और ऑडिट

पीड़ित कुलदीप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे केवल विभागीय जांच तक सीमित न रखने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि किसी स्वतंत्र एजेंसी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। CAG (सीएजी) और ट्ठइए (टीएसी) की संयुक्त टीम बनाकर खैराबाद ब्लॉक में पूर्व में हुए सभी भुगतानों की गहन पड़ताल हो।

## प्रशासन के सामने चुनौती

अब गेंद जिला प्रशासन और शासन के पाले में है। क्या इन गंभीर आरोपों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी लालफीताशाही की भेंट चढ़कर फाइलों में दबा दिया जाएगा?

# स्मार्ट मीटरों से जनता परेशान!

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां, सीतापुर । इन दिनों जहांगीराबाद कस्बे में स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ता परेशान हैं। लोगों के कनैक्शन लगातार कट रहे हैं। मीटर तक बिजली सप्लाई आती रहती है परन्तु आगे नहीं जाती। पूरा बकाया जमा करने पर फिर जुड़ता है कनैक्शन। उपभोक्ताओं के मोबाइल सेटों में प्रतिदिन की बिजली उपभोग का मेसेज आता है लेकिन वह किस दिन चौगुना आ जायेगा तथा चौगुना क्यों आया यह बताने वाला कोई नहीं है।

इस सम्बन्ध में जे0ई0साण्डा पावर हाउस सुरेश चन्द्र व एस0डी0ओ0 पुरुषोत्तम तथा बम्हनावा पावर हाउस के बड़े बाबू दिलीप कुमार बघेल भी नहीं बता पा रहे हैं कि यह ऐसा कैसे हो रहा है।आम उपभोक्ता परेशान हो दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है।बिजली अधिकारियों द्वारा पहले उपभोक्ताओं को बताया गया था कि ?1000 तक (-) माइनस में बिजली बकाया होने से बिजली नहीं कटेगी उससे अधिक होने पर स्वतः सप्लाई बंद हो जायेगी किन्तु अब माइनस में ?50 होने पर भी सप्लाई डिस्कनेक्ट हो जा रही है। इन सब परेशानियों से मुक्ति पाने के लिये सीतापुर के मुख्य अभियंता विद्युत आर0के0सिंह के मुताबिक ह्वाट्सएप नम्बर 9453007426 कंट्रोल रूम के रूप में बनाया गया है लेकिन वहां भी यही बताया जा रहा है कि अभी सिस्टम पूरी तरह से तैयार नहीं हो सका है।आप मोबाइलों के टेरिफ की तरह मीटर को भी अग्रिम रीचार्ज में रखें नहीं तो कभी भी आपकी सप्लाई बंद हो सकती है।

उपभोक्ताओं अशोक कुमार, डा0वकील अहमद, उत्तम कुमार, रामकुमार, दिनेश रस्तोगी,गुफरानुल हक, मुन्ना व उमेश रस्तोगी आदि दर्जनों लोगों ने बताया कि इन नये मीटरों के लग जाने से बिल कितना और किस हिसाब से आ रहा है इसको बताने वाला कोई नहीं। कितना माइनस में बिल पहुंचते ही बिजली सप्लाई कट जायेगी यह भी नहीं मालूम।मोबाइल में प्रतिदिन मेसेज न देखने से बिजली कट जा रही है। जब कोई शिकायत भी करता है तो समय पर समाधान नहीं होता। सभी अपना पल्लू झाड़ लेते हैं। मीटर रीडिंग में पारदर्शिता की भी कमी महसूस हो रही है। बार बार रीचार्ज कराने के लिए कैस सेंटरों पर लाइन लगानी पड़ती है।

उपभोक्ताओं ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों की कार्य प्रणाली की जांच हो तथा बढ़े हुए बिलों की जांच कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाये व पुरानी व्यवस्था पुनः लागू की जाये और एस0डी0ओ0तथा अवर अभियंता को स्मार्ट मीटरों की जगह पुराने प्रकार के मीटरों को उपभोक्ताओं की सुविधानुसार बदलवाये जाने के लिए अधिकृत किया जाये।

# बाईपास चौड़ीकरण पर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सड़क के बीच खड़ा 'मौत का ट्रांसफार्मर'

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलिया कलां खीरी। नगर के बाईपास रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के बीच बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सड़क किनारे लगा हाई वोल्टेज ट्रांसफार्मर न सिर्फ निर्माण कार्य में बाधा बन रहा है, बल्कि हर दिन सैकड़ों भारी वाहनों के गुजरने के कारण बड़े हादसे का खतरा भी मंडरा रहा है।

इस गंभीर मामले को लेकर मोहल्ला अहिरान-2 निवासी रमेशचन्द्र गुप्ता ने सीधे मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि बाईपास रोड स्थित उनके प्लाट के सामने विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित कर होटल लैण्डमार्क (प्रेम बर्फ मिल) को 11 हजार वोल्ट की सप्लाई दी जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि ट्रांसफार्मर से होटल तक जाने वाली केबिल काफी नीचे लटक रही है, जबकि इसी मार्ग से प्रतिदिन भारी मालवाहक ट्रक और अन्य बड़े वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे और जनहानि का कारण बन सकती है।

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में सामने आया कि महेवागंज से बंशीनगर तक 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण योजना के अंतर्गत पुराने खंभों और ट्रांसफार्मरों की लाइन शिफ्टिंग के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा विद्युत विभाग द्वितीय गोला डिवीजन को करीब 5 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर को आज तक नहीं हटाया गया, जिससे विभागीय लापरवाही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।इन दिनों पलिया नगर में बाईपास रोड का चौड़ीकरण कार्य तेजी से जारी है। सड़क के दोनों ओर लगभग 2-2 मीटर चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन ट्रांसफार्मर को न हटाए जाने के कारण निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्था जस की तस बनी हुई है।रमेशचन्द्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ट्रांसफार्मर को तत्काल प्रेम बर्फ मिल के सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके और सड़क चौड़ीकरण कार्य बिना बाधा के पूरा हो सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह ट्रांसफार्मर किसी दिन बड़े हादसे की वजह बन सकता है।

## अंबेडकर जयंती पर हुए बखेड़े में बड़ी कार्रवाई, 13 अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। जनपद के थाना मैलानी क्षेत्र के बाकेगंज में अंबेडकर जयंती के अवसर पर हुए विवाद और पथराव के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिससे अब तक कुल 32 लोगों पर कार्रवाई हो चुकी है।पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक मैलानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को यह सफलता हासिल की।पुलिस के अनुसार, दिनांक 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दौरान बाकेगंज क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान पथराव और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं सामने आई थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना मैलानी में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की विभिन्न धाराओं के साथ आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




शाहजहांपुर । जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक नवीन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने पिछली किसान बैठक में उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी दी। बताया कि बजट 2025-26 के अनुसार केसीसी की ऋण सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई है। साथ ही कार्डधारकों को दुर्घटना बीमा के तहत मृत्यु या स्थायी विकलांगता पर 50 हजार और अन्य जोखिमों पर 25 हजार तक का कवर भी मिलता है। वहीं, बैठक में डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनसे फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की, कहा कि इससे पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा एवं खाद-बीज सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खाते में प्राप्त होता है। रजिस्ट्री के बाद बार-बार भूमि दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं रहती और बैंकों द्वारा सरल प्रक्रिया से कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने चकबंदी ग्रामों के किसानों को छूट देने के निर्देश दिए कहा कि वे गेहूं क्रय केंद्रों पर चकबंदी इंतखाब दिखाकर अपना गेहूं विक्रय कर सकते हैं। इसके अलावा डीएम ने वृक्ष कटान संबंधी प्रश्नों पर वृक्ष संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. महेन्द्र कुमार ने गेहूं व सरसों की कटाई के बाद ढैंचा एवं अन्य हरी खाद वाली फसलों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और अगली फसल की पैदावार में सुधार होता है। अंत में जिलाधिकारी ने अगली किसान दिवस बैठक को कार्यशाला के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसमें जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, रोजा मंडी सचिव, कृषि रक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# कोतवाली सदर पुलिस की कार्रवाईः 3 वांछित अभियुक्त कार समेत गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली सदर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली सदर पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को मु0अ0सं0 235/2026 से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष नायक पुत्र सतीश कुमार निवासी हरगोविन्दनगर कालोनी महेवागंज, शिवम वर्मा पुत्र वेदप्रकाश वर्मा निवासी ग्राम पचकोरवा तथा शैलेश वर्मा उर्फ छोटू पुत्र स्व. भोगनाथ वर्मा निवासी मोहल्ला गोविन्दनगर सलेमपुर कोन के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के रहने वाले हैं और मामले में वांछित चल रहे थे।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक सिल्वर रंग की स्विफ्ट कार (रजिस्ट्रेशन नंबर ठप्32घ्क6784) भी बरामद की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए तीनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# पुलिस ने 30 करोड़ रूपए से अधिक मादक पदार्थों को किया नष्ट

❒ नशे के विरुद्ध लड़ाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताः एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देश पर थाना कटरा क्षेत्र में 639 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार, 74 अभियोगों में जब्त की गई नशे की खेप को नष्ट किया गया है। जिसमें गांजा, डोडा, नशीली गोलियां, स्मैक, अफीम, चरस शामिल है। जिसकी अनुमानित कीमत 30 करोड़ रूपए से अधिक है।

बताया गया कि जब्त किए गए मादक पदार्थों को न्यायालय के आदेशानुसार व पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया था। निस्तारण की अनुमति प्राप्त होने के बाद पुलिस ने आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के बीच फैक्ट्री परिसर में जिला चिकित्साधिकारी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीक से नष्ट किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी तिलहर, थाना कटरा प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।एसपी ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नशा समाज व युवाओं को विनाश की ओर ले जाता है, अतः इससे मुक्ति दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। नशे के सौदागरों को यह सख्त संदेश है कि जनपद शाहजहांपुर में अवैध मादक पदार्थों का कोई स्थान नहीं है। जनता से अपील है कि नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहें तथा पुलिस को अवैध गतिविधियों की सूचना दें। पुलिस और प्रशासन नशे के खिलाफ पूरी तरह गंभीर है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना पुलिस का दायित्व है। भविष्य में ऐसे अभियोगों की विवेचना व निस्तारण त्वरित गति से किया जाएगा। कहा कि आज लगभग 639.290 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। जिनकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 30 करोड़ 20 लाख 81 हजार रुपये आंकी गई।

## पशु चोरी गिरोह पर प्रहार, 5 अभियुक्त दबोचे, चोरी की भैंस व पिकअप बरामद



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पढुआ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से एक भैंस, एक पिकअप वाहन और नकदी बरामद की है।पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी निघासन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक पढुआ के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गुरुवार को मु0अ0सं0 225/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से जुड़े मामले में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तों में अमित कुमार (निवासी प्रीतमपुरवा, थाना निघासन), छुटकन्ने (निवासी टापरपुरवा, थाना पढुआ), नासिर (निवासी बिनौरा, थाना पढुआ), सुशील मौर्या (निवासी हरिपुरवा, थाना निघासन) और हसीब (निवासी छब्बापुरवा, थाना मंझगई) शामिल हैं। ये सभी आरोपी चोरी की घटना में शामिल थे और पुलिस को इनकी तलाश थी।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक भैंस, पिकअप वाहन (ठध्32ख्रग9854) और 13,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्तों में से कई का आपराधिक इतिहास रहा है। खासकर छुटकन्ने और नासिर पर हत्या, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे इनके आपराधिक नेटवर्क की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक जुबेर अहमद, हेड कांस्टेबल बसन्त कुमार तिवारी, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, चन्द्रमोहन त्यागी और रचित कुमार शामिल रहे।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय पशु चोरी गिरोह पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। साथ ही, आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों में भय का माहौल बना है।

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का लखीमपुर में शक्ति प्रदर्शन, विनोद शुक्ला बने जिला अध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के जनपद आगमन ने संगठन में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। उनके स्वागत के लिए शहर में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे, जिससे यह आयोजन एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया।कार्यक्रम की शुरुआत संगठनात्मक बैठक से हुई, जिसमें पार्टी के विस्तार, जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन की सक्रियता बढ़ाने पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वदीप अवस्थी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सक्रियता जरूरी है और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम है।बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से एक अहम घोषणा की। उन्होंने विनोद शुक्ला को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (ट.इ.ख्र.) का जिला अध्यक्ष, लखीमपुर खीरी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी योग्य, कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे संगठन की पकड़ समाज के हर वर्ग तक मजबूत हो सके।अपने संबोधन में अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से लड़ रहा है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने अपने संबोधन में पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य जिले में संगठन को मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और पार्टी की नीतियों को हर घर तक पहुंचाना होगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की गई, जिससे स्पष्ट है कि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जिले में अपनी सक्रियता और प्रभाव को तेजी से बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है।

# मेधावियों ने लहराया सफलता का परचमः सुयश पांडे 98% अंकों के साथ रहे विद्यालय टॉपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। सीबीएसई (CBSE) द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। बालक वर्ग में भैया सुयश पांडे ने 98% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। सम्मान समारोह और उत्साह छात्रों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर विद्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विमल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया।

विद्यालय प्रशासन ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मेधावियों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा प्रबंधक श्री विमल अग्रवाल जी ने छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु 'टॉप 5' मेधावियों के लिए विशेष नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। प्रथम सुयश पांडे 98% 21,000 द्वितीय शौर्य चक्रवर्ती 97.4% 11,000 तृतीय काव्या वर्मा 96%, 5,100 चतुर्थ कुशाग्र सक्सेना 95% 5,100 पंचम अथर्व मिश्रा 94.2% 5,100 ,90% से 100% अंक प्राप्त करने वाले कुल छात्र 25 सुयश पांडेय 98% ,शौर्य चक्रवर्ती 97.4% काव्या वर्मा 96% कुशाग्र सक्सेना 95% अथर्व मिश्रा 94.2 % विशाल पांडेय 94% अखिल वर्मा 94% आर्यन वर्मा 93.4% आयुष्मान सिंह राठौर 93.4%समीक्षा शाक्य 93%लकी वर्मा 92.8%सक्षम मिश्रा 92.8% आदर्श चौरसिया 92.4% अथर्व वर्मा 92.4% श्लोक गुप्ता 91.8% आर्यन त्रिवेदी ऽ 91.8% अभिषेक वर्मा 91.4% दिव्यांश सिंह 91.4% हिमांशु वर्मा 91.2%अथर्व कुमार मिश्रा 90.6% आयुष्मान वर्धन सिंह ऽ 90.6%जय गुप्ता 90.4% शशि शेखर गुप्ता 90.4% राज वर्मा 90%ओजस अवस्थी 90% प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य का संदेश इस अवसर पर अपना आशीर्वचन देते हुए प्रबंधक विमल अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता छात्रों के कड़े परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को निरंतर लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी ने अपने सन्देश में सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पित है, और यह परिणाम हमारी उसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विद्यालय के अन्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में विशाल पांडे, अखिल वर्मा और आर्यन वर्मा सहित कुल 25 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# दो दिनों से बैंक में पैसा न मिलने से खाता धारक परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



बिसवां, सीतापुर। जनपद की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की जहांगीराबाद शाखा में आये दिन पैसा न होने से खाताधारकों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। सर्वर डाउन होना तो इस शाखा की आम बात हो गई है।जब देखो घंटों सर्वर गायब होने से अपना पैसा निकालने आये लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस समय गेहूं की थ्रेशरिंग व कटाई चल रही है तथा इसके साथ ही शादी विवाह कार्यक्रमों की भी शुरुआत हो गई है। इन सभी कामों के लिए जब उपभोक्ता अपना पैसा निकालने बैंक आता है तो पूरे पूरे दिन खड़े रहकर पैसों का इंतजार करना पड़ता है और जब पैसा नहीं आता है तो उसे निराश हो वापस लौटना पड़ता है। इस ब्रांच के लिए यह कोई नई बात नहीं है। का कहना है कि जब से यह उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हुई है तभी से ऐसी परेशानियां हो रही हैं। बुधवार को पुरैनी गंज निवासी रहमतुल्ला बैंक में पैसा निकालने आये। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक में पैसा अभी नहीं है दोपहर तक आने की संभावना है लेकिन घंटों इंतजार के बाद निराश हो वापस लौटना पड़ा।वृहस्पतिवार को छठवान गांव निवासी हरिनाम वर्मा, सुशील पुत्र राजाराम व मोनू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, गोधनी सरैंय्या के रमेश पुत्र शत्रोहन, देवरिया खुर्द के राम सागर पुत्र रामेश्वर व लीला देवी पत्नी राम सागर आदि ने बताया कि बुधवार और वृहस्पतिवार दोनों दिन बैंक से पैसा नहीं मिला। इस सम्बन्ध में शाखा प्रबंधक अविनेश प्रजापति ने बताया कि यहां एचडीएफसी से पैसा आता है लेकिन दो तीन दिनों से पैसा आना बंद हो जाने से दो दिनों से बैंक से पैसा नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी पैसा भी नहीं जमा हो रहा है तथा गन्ना का सीजन भी समाप्त हो गया है।

# बाल विवाह पर लगाम: जिले में 35 हजार से अधिक बेटियों की ढाल बनी 'कन्या सुमंगला योजना', अनुदान राशि हुई 25 हजार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**योजना के तहत अब तक कुल 52,981 आवेदन हुए प्राप्त, शिक्षा और लिंगानुपात में दिख रहा सकारात्मक असर**

**मार्च 2026 की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बजा डंका: कन्या सुमंगला और निराश्रित महिला पेंशन योजना में सम्भल पूरे प्रदेश में प्रथम**

संभल । जिले में 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें सशक्त बनाने में एक मजबूत ढाल साबित हो रही है। योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि अब तक विभाग को कुल 52,981 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 35,551 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है और 35,521 बालिकाएं इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित हुई हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण के अनुसार, यह योजना न केवल बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, बल्कि लिंगानुपात में सकारात्मक सुधार और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर भी करारी चोट कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) में सभी श्रेणियों के कुल 15015 लाभार्थियों के साथ जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा था। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते (डीबीटी) में भेजी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी अप्रैल माह से नए आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

**छह चरणों में मिलता है 25 हजार का लाभ**

योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक छह अलग-अलग चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पहला लाभ बेटी के जन्म पर, दूसरा एक वर्ष बाद सभी अनिवार्य टीके लगने पर, तीसरा कक्षा एक में प्रवेश पर, चौथा कक्षा छह में, पांचवां कक्षा नौ में और छठा व अंतिम लाभ 10वीं या 12वीं पास करने के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश लेने पर मिलता है। सरकार द्वारा इस योजना के तहत दी जाने वाली कुल धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, सबसे अधिक आवेदन जन्म और टीकाकरण वाले शुरुआती दो (फर्स्ट और सेकंड) चरणों में आते हैं।

**पारदर्शिता पर जोर: सटीक दस्तावेजों से सुनिश्चित हो रहा लाभ**

योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र बालिकाओं तक पहुंचे, इसके लिए आवेदन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्राप्त कुल 52,981 आवेदनों की गहन जांच में करीब 17,351 आवेदन ऐसे पाए गए जो तय मानकों (जैसे- परिवार में दो से अधिक बच्चे न होना) को पूरा नहीं करते थे या उनमें टीकाकरण व शिक्षा से जुड़े जरूरी दस्तावेजों का अभाव था। विभाग ऐसे आवेदकों को निराश नहीं होने देता, बल्कि उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करता है। यदि किसी का फॉर्म होल्ड या अस्वीकृत होता है, तो वह सीधे कार्यालय में संपर्क करके या प्रार्थना पत्र देकर दस्तावेजों की कमी को जान सकता है, ताकि भविष्य में वे त्रुटियों को सुधार कर सही तरीके से योजना का लाभ उठा सकें। जागरूकता से रुकी बाल विवाह की कुप्रथा कन्या सुमंगला योजना का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव यह पड़ा है कि इलाके में बाल विवाह के मामलों में भारी कमी आई है। पहले जो शिकायतें बहुतायत में आती थीं, अब लोगों के योजना के प्रति जागरूक होने से वे काफी हद तक रुक गई हैं। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों और न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर, जन सेवा केंद्रों के माध्यम से और आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं के जरिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रोजाना करीब 30 से 35 लोग सीधे कार्यालय में आकर इस योजना से जुड़ी क्वेरी (जानकारियां) करते हैं। हालांकि, कई बार लोगों को यह भ्रम होता है कि यह पैसा हर महीने या हर साल मिलेगा, जिसे विभाग द्वारा शिकायत निवारण के दौरान दूर किया जाता है और उन्हें छह श्रेणियों के बारे में बताया जाता है।

**मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में संभल का दबदबा**

माह मार्च 2026 में विकास कार्यों से संबंधित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना, दोनों में ही प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। कन्या सुमंगला योजना में जिले का प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है।

अगस्त 2024 से लेकर अब तक जिला लगातार प्रदेश के टॉप-3 में बना हुआ है और अक्टूबर 2024, दिसंबर 2024 से फरवरी 2025, अप्रैल से सितंबर 2025 और अब मार्च 2026 में पहले स्थान पर काबिज रहा। इसी तरह निराश्रित महिला पेंशन में भी जिले ने मार्च 2025 से जून 2025 तक और अब मार्च 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल ( बहजोई ) । आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में डीटीएफ/ बेसिक शिक्षा की विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रम शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प 19 अवस्थापन सुविधाओं के संतृप्तीकरण की प्रगति पर विकास खण्ड वार चर्चा की गयी। दिव्यांगजन शौचालय तथा रसोई घर एवं अन्य निर्धारित बिन्दुओं जिनपर कार्य नहीं हुआ उनको लेकर सभी संबंधित विकास खण्ड के एडीओ पंचायत को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए तथा खण्ड विकास अधिकारियों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायती राज अधिकारी को कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त एआरपी से विद्यालयों की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गई जिसको लेकर तीन आरपी द्वारा समस्याओं के विषय में अवगत कराया एवं अन्य समस्त एआरपी द्वारा विद्यालय की समस्याओं के विषय में जानकारी न देने पर नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त संबंधित एआरपी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। फर्नीचर के सत्यापन, विद्यालयों के चहारदीवारी निर्माण, जनपद में मध्याह्न भोजन योजना, डीटीएफ एवं बीटीएफ के अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षणों की प्रगति पर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधार्थियो की उपस्थिति को बढाने तथा तिथि भोजन को लेकर भी निर्देशित किया। सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की गयी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय में छात्राओं के नामांकन को लेकर चर्चा की गयी तथा गरीब परिवारों की बालिकाओं के नामांकन को लेकर वार्डन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निपुण भारत मिशन, स्कूल रेडीनेश, सपोर्टिव सुपर विजन, विकास खण्ड स्तर पर आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण, स्मार्ट क्लास स्थापना एवं सत्यापन स्थिति, पीएम श्री विद्यालयों का गैप एनालिसिस तथा में कार्य आरंभ की वर्तमान स्थिति सोलर पैनल आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, समस्त संबंधित खण्ड विकास अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को समर्पित है यह अधिनियम : पुष्पा पांडेय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत डायट ऑडिटोरियम में आयोजित शेखूपुर विधानसभा का सम्मेलन में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं द्वारा एक भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन भी किया गया, जो डाइट ऑडिटोरियम परिसर में लंबी श्रृंखला बनाकर मातृशक्ति ने एकजुटता और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। राज्य महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय ने कहा एक महिला होने के नाते वह इस ऐतिहासिक क्षण को गर्व के साथ देख रही हैं, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि यह देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान, अधिकार और उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिलाओं को नई दिशा देगा और उन्हें निर्णय लेने की मुख्यधारा में स्थापित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, मातृत्व वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया है। आज महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि परिवार और समाज में महत्वपूर्ण निर्णय भी ले रही हैं। उन्होंने कहा कि अब नारी शक्ति केवल एक विचार नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है।पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व में स्थान मिलने से शासन व्यवस्था अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को जो सम्मान और अवसर मिले हैं, उससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे हर क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। मातृशक्ति ने संबोधित कर अपने विचार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर, जिला मंत्री आरती कश्यप, जिला मंत्री राजवती वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा सलोनी पाठक प्रतिभा गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मंच का संचालन जिला मंत्री रचना शंखधार ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तारावती शाक्य, ममता श्रीवास्तव, गुड्डी राघव, छाया शर्मा, कमला देवी, नन्ही देवी, वंदना शर्मा, वंदना श्रीवास्तव, जौली वैश्य आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

# सिर्फ 9 महीने में संवरा संभल का ऐतिहासिक इतिहास : कारवां सराय गेट का शानदार कायाकल्प, शाहजहां काल की भव्यता वापस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**13 जून 2025 से शुरू हुआ एएसआई मेरठ मंडल का संरक्षण कार्य 27 फरवरी 2026 को हुआ पूरा, पर्यटन और विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

**जिलाधिकारी की पहल से अतिक्रमण हटाकर प्रशस्त हुआ जीर्णोद्धार का मार्ग, जिले के 5 अन्य स्मारकों के संरक्षण की भी तैयारी**

संभल । जिले के सोंधन मुहम्मदपुर स्थित ऐतिहासिक कारवां सराय के प्रवेश द्वार ने एक बार फिर अपना खोया हुआ गौरव हासिल कर लिया है। शाहजहां के काल की मानी जाने वाली इस धरोहर का जीर्णोद्धार कार्य लगभग नौ महीने (13 जून 2025 से 27 फरवरी 2026) के अथक प्रयास के बाद सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मेरठ मंडल द्वारा 10-06-1933 की अधिसूचना संख्या ठ्ठ 385 के तहत संरक्षित इस स्थल पर किए गए उत्कृष्ट कार्य में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया का विशेष और सकारात्मक योगदान रहा।

**एएसआई की पारंपरिक तकनीक से संवरी शाहजहां कालीन भव्यता**

कारवां सराय का यह प्रवेश द्वार अपने आप में मुगलकालीन वास्तुकला का एक बेजोड़ नमूना है, जिसे शाहजहां के काल का माना जाता है। लंबे समय के प्रभाव के चलते यह जर्जर स्थिति में पहुंच गया था। इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मेरठ मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् विनोद सिंह रावत ने अपनी संरक्षण नियमावली के तहत पारंपरिक तकनीकों का बेहतर इस्तेमाल कर इसे नया जीवन दिया है। प्रवेश द्वार में एक केंद्रीय मार्ग और दोनों ओर दो मंजिला पहरेदारों के कमरे हैं, जिन तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां और मेहराबदार प्रवेशिकाएं बनी हैं। जीर्णोद्धार के बाद इन मेहराबों और दीवारों की भव्यता अब सामने आई तस्वीरों में साफ देखी जा सकती है, जहां उगी हुई झाड़ियों और टूटी दीवारों की जगह अब एक सुरक्षित और संरक्षित ढांचा खड़ा है, जो इसे संभल के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में स्थापित करता है। जिलाधिकारी के प्रयासों से आसान हुई राह इस बड़े और ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की सफलता में संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की भूमिका बेहद अहम रही। किसी भी प्राचीन स्मारक के आसपास समय के साथ कुछ निर्माण हो जाते हैं, जिन्हें व्यवस्थित करना एक बड़ी चुनौती होती है। डीएम ने इस धरोहर के महत्व को समझते हुए व्यक्तिगत रुचि ली और प्रशासन की कुशल कार्यप्रणाली से आसपास के ऐसे निर्माणों को शांतिपूर्ण ढंग से हटवाया। उनके इस सहयोगात्मक कदम और कुशल नेतृत्व की वजह से ही एएसआई की टीम बिना किसी रुकावट के तय समय सीमा (27 फरवरी 2026) के भीतर इस जटिल संरक्षण कार्य को सुगमता से अंजाम दे सकी। पर्यटन को मिलेगा पंख, स्थानीय लोगों के लिए खुलेंगे विकास के द्वार ऐतिहासिक स्मारकों का जीर्णोद्धार सिर्फ ईंट और पत्थरों को सहेजना नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने का एक शानदार अवसर है। कारवां सराय के इस नए और आकर्षक स्वरूप से भविष्य में संभल में पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलने की पूरी उम्मीद है। इससे स्थानीय निवासी अपनी अनमोल विरासत से तो परिचित होंगे ही, साथ ही रोजगार और विकास के नए साधन भी उत्पन्न होंगे। स्मारक की नियमित देखभाल के लिए विभाग द्वारा भविष्य में एक कर्मचारी (बहु-कार्य कर्मचारी/ अनौपचारिक श्रमिक) की नियुक्ति की सुदृढ़ योजना भी है, ताकि इसकी सुंदरता और सुरक्षा हमेशा बनी रहे। पांच अन्य ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण की भी तैयारी कारवां सराय प्रवेश द्वार के शानदार कायाकल्प के बाद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने जिले की अन्य ऐतिहासिक संपदाओं को भी इसी तर्ज पर सहेजने का बेहतरीन खाका तैयार कर लिया है। आगामी कार्ययोजना के मुताबिक, सोंधन मुहम्मदपुर में ही कारवां सराय की मस्जिद और प्रवेश द्वार के शेष कार्य को पूरा किया जाएगा। इसके अलावा फिरोजपुर का पुराना किला और उसके अवशेष, चंदायन स्थित चंद्रेश्वर खेड़ा की चारदीवारी और गुमथल खेड़ा के प्राचीन टीले की चारदीवारी का भी योजनाबद्ध तरीके से संरक्षण किया जाएगा।

# शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापा, 4 दवाओं के नमूने सीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जौनपुर । मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत शक्ति स्पेशलिटी हॉस्पिटल में संचालित अवैध मेडिकल स्टोर और क्लिनिक पर गुरुवार को औषधि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी से हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने चार संदिग्ध दवाओं के नमूने कब्जे में लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेज दिए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में अस्पताल परिसर में बिना वैध लाइसेंस के दवा बिक्री का आरोप लगाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त औषधि, वाराणसी मंडल के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में रजत कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक वाराणसी चन्द्रेश द्विवेदी और गाजीपुर के बृजेश कुमार मौर्य की टीम ने अस्पताल परिसर में छापा मारा। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए संदिग्ध दवाओं के नमूने सीज किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाएगा।जिला औषधि निरीक्षक ने बताया कि पूरे जनपद में अवैध दवा कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए एडीएम (वित्त एवं राजस्व) से पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की मांग की गई है। 16 अप्रैल से शुरू इस अभियान के तहत जिले के कई चिन्हित स्थानों पर लगातार छापेमारी की जाएगी।विभाग की इस कार्रवाई से अवैध दवा विक्रेताओं और झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी की सूचना मिलते ही कई मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए।

# परशुराम जयंती पर कड़े सुरक्षा प्रबंध, शोभायात्रा में रहेंगे मजिस्ट्रेट तैनात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। ज़िला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 को परशुराम जयन्ती का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति मनावी जानी प्रस्तावित है। परशुराम जयन्ती के उपलक्ष्य में जनपद क्षेत्रान्तर्गत महर्षि परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन, सभा, गोष्ठी एवं शोभायात्रायं निकाली जायेंगी। जो लोटनपुरा तिराहा, गोपी चौक, नेहरू चौक, खैरातीचौक पुराना बाजार, सुभाष चौक, गद्दी चौक, निदेश चौक, पीएनबी, लावेला चौक होते हुये उद्गमस्थल पर पहुँचकर समाप्त होगी जिसमें 15-20 झांकिया सम्मिलित रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ नगर बदायूँ में शान्तिपूर्ण समापन तक स्थिति पर प्रभावी नियन्त्रण की दृष्टि रखेंगे। इस शोभायात्रा के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट्स की तैनाती की गई है। उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील सदर राजेश कुमार सिंह (9696061053) शोभायात्रा के आगे, तहसीलदार (न्यायिक) सुरेन्द्र कुमार (8533988009) शोभायात्रा के मध्य, नायब तहसीलदार सदर अमित कुमार 8887706006 शोभायात्रा के पीछे नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ के निर्देशों के अनुसार शोभायात्रा में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट बदायूँ इस शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होंगे। इसके के अतिरिक्त संबंधित को निर्देश निर्गत किये गए है कि परशुराम जयन्ती से पूर्व शासनादेश दिनांक 24-10-2016 के अनुपालन हेतु मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा शासनादेश में दी गयी व्यवस्था का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर मजिस्ट्रेट व समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती अपने स्तर से कर सकते हैं। जिसकी सूचना तत्काल नाम/मोबाइल नम्बर सहित अधोहस्ताक्षरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ को उपलब्ध कराई जाये। अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत उक्त पर्वो पर आयोजित होने वाले शोभायात्रा आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर तथा थानों के त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर शान्ति समिति की बैठकों का आयोजन कर लिया जाए। धार्मिक स्थलों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, रेल-बस स्टेशनों पर विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जायें तथा क्षेत्र का नियमित भ्रमण करते हुए आयोजनों पर दृष्टि रखकर तथा निकाले जाने वाली शोभायात्रा के प्रारम्भ से समाप्ति तक शोभायात्रा के साथ रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित किया जाए। परशुराम जयन्ती के अवसर पर 05 साल तक थानों के त्यौहार रजिस्ट्रर का अवलोकन कर लिया जाये तथा पूर्व संज्ञानित एवं सम्भावित विवादों/ घटनाओं की जानकारी करके उनका समय रहते निदान सुनिश्चित कर लिया जाये। परशुराम जयन्ती से पूर्व क्षेत्र में उपद्रवी / असमाजिक तत्वों, अपराधियों तथा अपराधिक चरित्र के व्यक्तियों की पहचान करके उनकी गतिविधियों पर करीबी दृष्टि रखी जाये तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही करके यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। उन्होंने निर्देश दिए हैं किपरशुराम जयन्ती के रास्ते में पड़ने वाले अन्य सम्प्रदाय के धार्मिक स्थल आदि का विन्हीकरण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाए। पुलिस पैट्रोलिंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पुलिस बल रिजर्व में रखा जाए। संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए तथा पेशेवर आपराधिक तथा गुण्डो के विरुद्ध प्रमावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। यदि किसी घटना/विवाद का संज्ञान मिले तो घटना स्थल पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट घटना स्थल पर पहुँचकर तत्काल उसका समाधान करें तथा स्थिति पर निरन्तर नजर रखें। प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय बदायूँ निर्देशित किया जाता है कि समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देशित करें कि वह परशुराम जयन्ती के पर्व पर पर्याप्त पेयजलापूर्ति एवं मुख्य मार्गो पर चूना डलवाने तथा समुचित सफाई व्यवस्था नागरिक सुविधाये कुशलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करायेगें। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अग्नि बदायूँ को निर्देशित किया जाता है कि इस पर्व पर सुरक्षा हेतु अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे इसके अतिरिक्त बाइक माउन्टेड फायर फाइटिंग इक्विपमेंट की व्यवस्था भी की जाये।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मुख्य चिकित्साधिकारी परशुराम जयन्ती के पर्व पर शिफ्टवार डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वर्तमान में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है, जिसके प्रतिबन्धों को अक्षरशः पालन कराये जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

# महिलाओं की भागीदारी से विकास को मिलेगा नया आयाम : राजीव कुमार गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महिलाओं की भागीदारी से विकास को मिलेगा नया आयाम - राजीव कुमार गुप्ता

बदायूँ सहसवान। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत सहसवान विधानसभा का सहसवान ब्लॉक में आयोजित सम्मलेन में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, ब्लॉक प्रमुख कीर्ति यादव, पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, समाज सेविका सविता मालपडी ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा आज देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं, वे आने वाले भारत की मजबूत नींव रख रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्रदान करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करेगा और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने कहा यह अधिनियम देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ और समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से शासन व्यवस्था अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

ब्लॉक प्रमुख कीर्ति यादव ने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और अपने परिवार व समाज में निर्णय लेने में सक्षम बन रही हैं। इससे उनका सामाजिक सम्मान भी लगातार बढ़ रहा है।

सम्मलेन में पूर्व चैयरमैन दीपमाला गोयल, समाजसेवी सविता मालपाणी ने संबोधित किया। सम्मलेन में मंच का संचालन मण्डल अध्यक्ष शालनी मित्तल ने किया। इस अवसर राजवाला, बबली शर्मा, साध्वी माहेश्वरी, नीलम माहेश्वरी, मोरश्री गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, सीमा यादव, नन्ही यादव, बबलेश ओमवती यादव, सीमा, आरती आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

# नेपाल सीमा के पास संयुक्त छापेमारी में 11 लाख की अवैध दवाओं की बड़ी खेप बरामद, तीन गिरफ्तार

बलरामपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के विरुद्ध प्रशासन ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा के निकट संयुक्त छापेमारी में अवैध दवाओं की बड़ी खेप बरामद की है। 35 बॉक्स में बरामद दवाओं की कीमत 11, 47,057 रुपये आंकी गई है। अवैध दवाओं के साथ तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। हरैया थाना क्षेत्र के महादेव बांकी, खैरवान बांध के पास एसएसबी 9वीं बटालियन, ड्रग इंस्पेक्टर सुमीत वर्मा एवं थाना हरैया पुलिस की संयुक्त टीम ने एक महिंद्रा पिकअप लोडर को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में अल्प्राजोलाम, डाइसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड, ट्रामाडोल, एसीटामिनोफ़ेन टैबलेट्स तथा कोडोडेक्स कफ सिरप जैसी प्रतिबंधित दवाएं अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गईं। बरामद दवाओं के साथ ही पांच दवाओं के नमूने परीक्षण के लिए सुरक्षित किए गए हैं। वाहन में सवार गोविंद सोनी, आकाश कुमार श्रीवास्तव एवं चालक कपिल जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। छापे में शामिल अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह संयुक्त प्रवर्तन कार्रवाई 12 घंटे से अधिक समय तक चली, जो 15 अप्रैल को अपराह्न 3:00 बजे शुरू होकर 16 अप्रैल को भोर तीन बजे तक जारी रही। इस प्रकरण में आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम तथा औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत थाना हरैया में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## डीएम ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा की, जिसमें शुकुल बाजार, गौरीगंज एवं तिलोई विकासखंडों की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष प्रयास कर शीघ्र प्रगति में सुधार सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाई जाए। साथ ही ऐसे किसानों की भी पहचान कर उनकी रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए, जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से इस कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन किसानों का डाटा मिसमैच है, उसे तत्काल सही कराते हुए उनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित समस्त उपजिलाधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शुभ रस्तोगी ने कक्षा 10 में 97.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । ब्लूमिंग डेल स्कूल के छात्र शुभ रस्तोगी ने इस वर्ष कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में 97.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे उनकी नियमित और अनुशासित पढ़ाई का बड़ा योगदान रहा। शुभ ने बताया कि वे प्रतिदिन 5S6 घंटे नियमित अध्ययन करते थे, जबकि परीक्षा नजदीक आने पर उन्होंने अपनी पढ़ाई का समय और अधिक प्रभावी बना लिया। शुभ अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता श्री गौरव रस्तोगी जी (पेशकार, कार्यालय ए0डी0एम0 (ई), कलेक्ट्रेट बदायूं) एवं माता श्रीमती पूनम रस्तोगी जी को देते हैं, जिन्होंने हमेशा उन पर विश्वास किया और हर परिस्थिति में उनका मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही वे अपने मामा जी श्री वैभव गुप्ता (डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को ऑर्डिनेटर, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बदायूं) का भी विशेष आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें प्रेरित किया। इसके साथ ही वे अपने विद्यालय, आदरणीय प्रिंसिपल, मैनेजमेंट, क्लास टीचर तथा अपने मेंटर एर. मोहिउद्दीन सर के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं। शुभ अपने आदरणीय गुरु श्री अजीत रस्तोगी जी, श्री श्याम रस्तोगी जी तथा अमन गुप्ता सर को भी विशेष धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने उन्हें प्रारंभ से ही मार्गदर्शन देकर इस मुकाम तक पहुंचने में सहायता की।हालांकि शुभ अपने इस परिणाम से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि इस बार जो कमी रह गई है, उसे वे कक्षा 12 के बोर्ड परीक्षा में पूरा करना चाहते हैं और इससे भी बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हैं। वे अपने जीवन में उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प रखते हैं।

## पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह की दिवंगत पत्नी को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह की दिवंगत पत्नी गोदावरी सिंह के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार शाम तरंग क्रॉसिंग के समीप स्थित सरस्वती विद्या मंदिर बालक इंटर कॉलेज परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह की स्मृतिशेष पत्नी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने दिवगंत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पूर्व विधायक सहित अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया।

ब्लाइंड मर्डर हत्याकांडः 18 महीने, दर्जनों कैमरे हाइटेक पुलिस, फिर भी 'कौन है वह महिला

# पांच टीमें कातिलों की तलाश में 18 महीने से खाकी के छूटे पसीने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**18 महीने बाद भी अनसुलझी गुत्थी,शक के नि शानदेही पर जांच पड़ताल हुई वो निकले आस पास के निवासी**

**18 महीने और खाकी के सामने एक ही सवाल आखिर कौन कातिल,और किस जनपद की थी मृतक महिला**




गोंडा । कारवां गुजर गया गुबार देखते रहें।कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों गोंडा पुलिस का है। जहां बीते 18 महीने पहले कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मंशापु रवा के निकट अज्ञात युवती की गला काटकर भोंरे में भर कर सड़क के किनारे फेंक दिया था। बदन के ऊपर बोरी और खून से लथपथ थी।ये नजारा जिसने भी देखा उसके होश उड़ गए मौके पर आ ला अधिकारी पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की थी और गोंडा पुलिस की पांच टीमें भी गठित की गई थी।लेकिन 18 महीने बीत जाने के बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई।और सवाल हाइ टेक पुलिस को परेशान कर रहा की आखिर बोर में महिला कहां की है। और कौन कातिल तफ्तीश में खाकी ने घोड़े खोल रखे है।घटनास्थल से गुज रने वाले कई संदिग्ध वाहन चालकों से पूछताछ हो हो चुकी है दर्जनों कैमरे खंगाले गए लेकिन नतीजा सिफर। शुरूआती जांच पड़ताल में ये तो साफ हो गया था की महिला थाना क्षेत्र के आसपास की न हीं वो किसी दूसरे जनपद की है।लेकिन अभी तक आसपास के जनपदों से जिसमें बलरामपुर, गोण्डा बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी, लखनऊ, सीतापुर समे त कई जनपदों में फोटो भेजे गए लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस थक हार कर सोशल मीडिया की मदद से शिनाख्त में जुटी थी,लेकिन 18 महीने से क्योंकि उसके हाथ कुछ लग नहीं पा रहा जिस से वो कातिलों तक पहुंच सकी है।कयोंकि जब त क मृतक महिला की शिनाख्त नहीं होती तब तक साफ नहीं होगा वो गोंडा जिले के कटरा थाना क्षेत्र में उसकी लास्ट सड़क पर कैसे आई कौन लेकर आया या कातिलों ने कहीं और हत्या को अंजाम दिया और शव फ़ेककर फरार हो गए।लेकिन स वाल उठता है, आखिर महिला है कौन 18 महीने बीत जाने के बाद उसका सुराग नहीं लग पा रहा और हाइटेक पुलिस के पसीने छूट रहे और उसे इस ब्लाइंड मर्डर को सुलझाने में छींक आ रही वहीं पुलिस की नाकामी से थाने के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।इस मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था।उनकी जगह पांच नवंबर को एसपी विनीत जायसवाल के काफी भरोसेमंद और तेज तर्रार मा ने जाने वाले इंस्पेक्टर राजेश सिंह को कटरा बा जार थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी,लेकिन थाने का प्रभार संभालने के तेरह महीने बीत जाने के बा द भी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है तेरह महीने के बा द पुलिस अधीक्षक ने आईजी के भरोसेमंद थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी को कटरा बाजार थाने की कमान सौपी थी लेकिन उन्हें अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है इस असफलता से न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे क़र रहे हैं,बल्कि एसपी के फैसले पर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।सिर्फ एक ही रटा-रटाया बयान आता है कि बस यहीं कहें जल्द पर्दा उठा दिया जाएगा। सीओ करनैलगंज के लिए ये हत्याकांड गले की फांस बन गया जिसे सुलझाने में क्राइम ब्रांच से लेकर तमाम टीमें जुटी हुई है।लेकिन कि सी नतीजे पर पहुंच नहीं पा रही।

# कृषकों की फार्मर आईडी बनवाने में सहयोग करें क्रय एजेन्सियां: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । खाद्य एवं रसद विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अन्तर्गत समस्त खरीदों में तत्काल प्रभाव से किसान पहचान पत्र/फॉर्मर आई.डी. को अनिवार्य करते हुए मात्र किसान पहचान पत्र धारकों से खरीद किये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट कक्ष में क्रय एजेन्सियों के प्रभारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र पर गेहूॅ विक्रय के लिए आने वाले कृषकों को आई.डी. अभाव में वापस न किया जाये बल्कि उन्हें पूरा सहयोग प्रदान कर फॉर्मर आई.डी. जनरेट करायह जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी एवं कृषि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते हैं। डीएम ने कृषकों से अपील की है कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ नज़दीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर अथवा लेखपाल से सम्पर्क फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से कृषकों क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ-साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। बैठक के दौरान जिला खरीद अधिकारी अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल 2026 को मध्यान्ह 12:00 जनपद की मण्डियों में केन्द्र प्रभारी/सचिवों को फर्मार आई.डी. जनरेट हेतु प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, पी.सी.एफ. पी.सी.यू., यू.पी.एस.एस., जिला प्रभारी नेफ़ेड, कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहराइच सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमणों पर तहसील प्रशासन की नज़रें हुई टेढ़ी, एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अगुवाई में दौड़ रही है जेसीबी



**सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए ज़मीनदोज़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । तहसील क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत ग्राम रामनगर सेमरा, परगना चरदा स्थित गाटा संख्या 56 रकबा 0.122हे. जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है, पर ग्राम के ही व्यक्ति के द्वारा लंबे समय से पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। अवैध कब्ज़े की जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर जे.सी.बी के माध्यम से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित पक्के बने निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया। अवैध अतिक्रमण पर तहसील प्रशासन द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से जहां जिला प्रशासन का इकबाल बुलन्द हुआ है वहीं अवैध रूप से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में बेचौनी बढ़ गई है। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने स्पष्ट किया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जों को किसी भी सूरत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तहसील प्रशासन द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जायेगा। एसडीएम ने आमजन को सुझाव दिया है कि यदि उनके द्वारा सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी प्रकार की अवैध कब्ज़ा किया गया है तो उसे तत्काल हटा लें अन्यथा की स्थिति में अवैध कब्ज़ों को हटाने के साथ-साथ सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# बीडीओ नही रोक पा रहे मनरेगा में फर्जीवाड़ा वेलगाम हुए रोजगार सेवक और एपीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**मनरेगा में हो रहे फर्जीवाड़ा को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं बीडीओ**

**विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत धर्मेई और भोरहा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा**

गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक की तमाम ग्राम पंचा यतों में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।क्षेत्र की भोरहा,धर्मेई,तेंदुआ मोहनी सिसई भीख मपुर,और छजवां में ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन को हजम कि या जा रहा है,इस लूट में सबसे बड़ी बात यह है कि ब्लॉक से लेकर जिले स्तर तक जिम्मेदार अधिका री चुप्पी साधे हुए हैं,जिससे इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने वालों के हौसले बुलंद हैं केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे कानून बनाए गए हैं और शासन से बराबर इसमें सख्ती बरती जाती है,लेकिन ब्लॉक और जिला मुख्यालय पर बैठे घाघ अधिकारी सारे नियमों को धता बताकर मनमानी कर रहे हैं,जिससे मनरेगा योजना का ला भ पात्र गरीब व्यक्तियों को नहीं मिल पा रहा है औ र ग्राम प्रधान व जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मालामाल हो रहे हैं।वही विकास योजनाओं के ना म पर जहां सरकार ग्रामीणों को राहत पहुंचाने की कोशिश कर रही है,वहीं ग्राम प्रधान,रोजगार सेव को और ब्लॉक अधिकारियों की मिलीभगत से स रकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा, योजनाओं में भारी घोटाला किया जा रहा है। हकीकत यह है कि कई स्थलों पर कार्य केवल कागज़ों पर दिखाए गए हैं,जबकि जमीनी स्तर पर जो काम हुआ है वह दो महीने प हले हुआ है और उसका पेमेंट भी हो गया है उसी साइड पर फर्जी हाजिरी दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया जाता है।सूत्र से जानकारी मिली है कि ग्रामीणों का आरोप है कि श्रमिकों की उपस्थिति रजिस्टर में बिना काम किए ही हाजिरी दर्ज कर दी जाती है,और भुगतान प्रधान,रोजगार सेवक एवं अधिकारियों द्वारा खुद हड़प लिया जा ता है।इससे न केवल गरीब श्रमिकों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है, बल्कि सरकारी खजाने को भी चूना लगाया जा रहा है,ब्लॉक कार्यालय ब ना भ्रष्टाचार का केंद्र, स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सुविधा शुल्क दिए ब्लॉक कार्यालय से कोई कार्य नहीं होता।योजनाओं के क्रियान्वयन में सिर्फ चहेते ठेकेदारों और प्रधानों को प्राथमिकता दी जाती है।आरोप है कि यह सारा खेल ब्लॉक के कुछ अधिकारियों की जानकारी और संरक्षण में हो रहा है।

## प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल विकास कार्यों में गड़ बड़ियों को लेकर कई बार बीडीओ से लेकर डीसी मनरेगा तक संबंधित विभागों को शिकायतें की हु ई और कई समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई इससे भ्रष्टाचारियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

## ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएं गे और शायद ही मुजेहना ब्लॉक सीबीआई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सक ती हैं,वही वीडियो मुजेहना से वार्ता के पश्चात कहा गया कि जांच कराई जा रही है।दोषी पाए जाने वा लों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मुजेह ना ब्लॉक में व्याप्त यह भ्रष्टाचार न केवल शासन की योजनाओं को पंगु बना रहा है,बल्कि केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र को बदनाम कर रहे हैं,वही ब्लॉक पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी ग्रामीण विकास की नींव को भी खोखला कर रहे है।वही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कहना है कि ज़रू रत है एक निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की, ता कि धर्मेई ग्राम पंचायत का मास्टरमाइंड रोजगार सेवक फर्जीवाड़ा करने में माहिर को सज़ा मिले और ग्रामीण जनता को उनका हक मिल सके।

# शादी–विवाह के लिए व्यावसायिक सिलिंडर का आवेदन करना होगा, फिर मिलेंगे गैस सिलेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शादी-विवाह के लिए नियमानुसार सिक्योरि टी धनराशि और गैस का पैसा जमा कराया जा र हा है।आवेदकों को उपलब्धता के अनुसार व्याव सायिक गैस सिलिंडर दिए जा रहे हैं।15 अप्रैल से शादी-विवाह और मांगलिक कार्य शुरू हो गए है। इन समारोहों में भोजन की व्यवस्था करने के लिए व्यावसायिक सिलिंडरों की मांग बढ़ रही है। इसके लिए गोंडा जिला एवं तहसील स्तर पर मौजूद पूर्ति विभाग के कार्यालय में आवेदन करना होगा।इस संबंध में 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में विक्रय अधिकारियों ने बताया कि शादी/विवाह के लिए जिला पूर्ति अधिकारी और एसडीए म कार्यालयों पर आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। इन पत्रों में 10 -12 व्यावसायिक सिलिंडरों की मांग की जा रही है,हालांकि एक विवाह कार्यक्रम के लि ए आमतौर पर 3-4 व्यावसायिक सिलिंडरों की आवश्यकता होती है,प्रत्येक सिलिंडर में 19 किग्रा गैस होती है।एजेंसी संचालकों ने बताया कि शादी विवाह के लिए नियमानुसार सिक्योरिटी धनराशि और गैस का पैसा जमा कराया जा रहा है।आवेद कों को उपलब्धता के अनुसार व्यावसायिक सिलिं डर दिए जा रहे हैं।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शादी, भागवत, मुंडन, भण्डारा आदि सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर प्राप्त करने की प्र क्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए।इसके अंतर्गत संबंधित व्यक्ति को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ परिवार रजिस्टर की नकल (कॉपी) संलग्न करनी होगी।साथ ही, आवेदन पत्र पर संबंधित विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ग्राम पंचायत से सत्यापन व हस्ताक्षर कराना अनि वार्य होगा।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्ण रू प से सत्यापित आवेदन पत्र जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में जमा किए जाएंगे,जिसके पश्चात आवे दन की समीक्षा कर ही कामर्शियल गैस सिलेंडर जारी किया जाएगा।इस व्यवस्था का उद्देश्य घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकना तथा जरूरत मंदों को समय पर गैस उपलब्ध कराना है।उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे इस प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा बिना अनुमोदन के किसी भी प्रकार का सिलेंडर वितरण न करें। साथ ही,आमजन को भी इस नई व्यवस्था के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया ग या।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दि या गया कि वे अपने-अपने स्तर पर इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें,ताकि आम जन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधि कारी ने कहा कि प्रशासन पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है।

# नौव्वा गाँव में मानक विहीन इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण से ग्रामीणों में असंतोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गइंटरलॉकिंग सड़क में मोरंग,सीमेंट की भराई की जगह बालू और मिट्टी से भराई की जा रही**

**नौव्वा गाँव में ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पार करने लगाया आरोप**

गोंडा । विकास खंड मुजेहना की ग्रामपंचायत नौव्वा गाँव में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से नौव्वा गाँव में इंटरलॉकिंग सड़क धड़ल्ले से बन रही मान क विहीन बनने का आरोप लग रहा है।बता दे कि गोंडा जनपद के केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संस दीय क्षेत्र में विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत नौव्वा गाँव में मनरेगा की मद से बन रही इंटरलॉ किंग सड़क मानक विहीन बेहद घटिया बनाया जा ने का आरोप लगाया जा रहा है।प्रधान और सचिव की मिलीभगत से इंटरलॉकिंग सड़क में पीली व र द्दी ईट का प्रयोग किया जा रहा और बालू की जग ह पर मिट्टी खुलेआम इंटरलॉकिंग सड़क में डाली जा रही गिट्टी का प्रयोग नाम मात्र किया जा रहा है इंटरलॉकिंग में मिट्टी भरपूर तरीके से डाला जा रहा बगल की ईट वाली पट्टी को बालू से जोड़ा जा रहा है इस मानक विहीन इंटरलॉकिंग सड़क कितने दि न चलेगी सूत्रों की माने तो लोगों का कहना है ग्राम प्रधान दबंग होने की वजह से कोई अपनी आवाज नहीं उठा रहा मनमानी रवैया से इंटरलॉकिंग सड़ क बनकर तैयार हो गई है.वही लोगो की माने तो इतनी घटिया इंटरलॉकिंग सड़क पहले कभी भी न हीं बनी है वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि दबंग ग्राम प्रधान के द्वारा लोगों से कह रहे है कि हम मिट्टी डालकर ही बनवा आएंगे कोई हमारा कु छ नहीं बिगाड़ सकता जिसको जो करना है करेंजो लिखना पढ़ना हो पढ़े जब तक वीडियो साहब हमारे साथ हैं जब तक हमारा कोई कुछ नहीं बि गाड़ सकता है,लेकिन वही सवाल उठना लाजिमी है कि इतने घटिया निर्माण से जिम्मेदार अधिकारि यो पर सवाल उठते हैं और जिम्मेदार मौन होने की वजह से इस तरह के निर्माण से सरकारी धन की लूट मची और जिस तरह से बंदरबांट हो रहा है जिम्मेदारों को कटघरे में सवाल खड़े करते हैं देख ने की बात अब यह होगी इन सरकारी खजाने की बंदरबांट करने वालों पर कब कार्यवाही होती है।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः सीडीओ**

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में सी डीओ अंकिता जैन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में ब र्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# हाई टेंशन बिजली के तार से पत्रकार की मौत पर ग्रा.पत्र.एसो.ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिजली विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग दिया पंद्रह दिन का अल्टीमेटम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जनपद में पत्रकार के हितो को लेकर ग्रामी ण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को ग्रामीण पत्रकार के मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधि त ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है।बताते चले कि हाई टेंशन बिजली का तार टूटने से हुई पत्रकार की मौत के मामले में अब तूल पकड़ता जा रहा है ग्रा मीण पत्रकार संगठन ने अपने पत्र में बिजली वि भाग की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण ब ताया है और इसे प्रशासनिक विफलता करार दिया है।

## जिलाध्यक्ष ने बिजली विभाग को दी चेतावनी

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को साफ साफ कड़े शब्दो में चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दि न के अंदर यदि विद्युत विभाग की चार्जर व्यवस्था सुधर में नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के दफ्तर में ताला लगा दिया जाएगा अधिकारियों को बैठने नहीं दिया जा एगा किसी भी दशा में क्योंकि हमारी बहुत बड़ी क्ष ति हुई है उस क्षति का भरपाई हम पत्रकार साथी कभी नहीं कर सकते हैं ऐसी घटना फिर दोबारा न होने पाए इसलिए विद्युत विभाग की अधिकारियों को चेतावनी दी गई है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएन की सात सूत्रीय मांग

एक:ज्ञापन मे मांग कि गई जिसमे मृतक पत्रकार के परिवार को एक करोड़ मुआवजा दिया जाय दोः मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए. तीन:जिले की जर्जर बिजली लाइनों को अंडर ग्राउंड कराया जाए, चार:दोषी बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और घटना की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों को दंडित किया जाए और जांच टीम से पावर कॉर्पोरे शन के अधिकारियों को हटाकर निष्पक्ष जांच करा ई जाए, पांच:पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर स्वा स्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, छः जनपद स्तर पर पत्रकारों के साथ मासिक बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाए

सातः सूचना विभाग द्वारा पत्रकारों के लिए कैंप व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और समाचार प्रकाशि त होने के बाद समाचार पत्रों का कटिंग कराकर संबंधित विभाग को भेजकर कार्यवाही कराना व सम्मान दिया जाए।ग्रा.पत्र.एसो.के जिलाध्यक्ष प्रदी प तिवारी ने जिला प्रशासन को साफ–साफ चेता वनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर उनकी मां गों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रा.पत्र.एसो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधीवादी तरीके से धरना–प्रदर्शन और आंदोलन जिलाधिकारी कार्यल य पर करेंगे।अनिल द्विवेदी ने बताया कि पत्रकार हितो को लेकर किसी प्रकार का समझौता मान्य नहीं होगा।इस दौरान जिले के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सैकड़ो पत्रकार शामिल हुए है जिले के सभी पत्रकारों ने एक स्वर में साफ चेतावनी दी है कि जब तक मृतक पत्रकार के परिवार को अगर पंद्रह दिन में न्याय नहीं मिलता है तो वह धरना प्रद र्शन करेंगे और उसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशा सन की होगी।

# बाल विवाह पर हो सकती है 02 वर्ष की सजा के साथ 01 लाख का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष वयस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को पड़ रही है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टेन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड वाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित/मोलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की गयी है कि वैवाहिक आयोजन कराने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल 112, 181, 1098, 1090 नम्बर या स्थानीय पुलिस स्टेशन/चौकी को सूचित कर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके।

# एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती के नेतृत्व में कलीनगर तहसील क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर जिनमे स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता का शोषण,एलपीजी गैस की किल्लत,असमय बारिश से गेंहू की फसल बर्बाद होने से किसानों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा एवं कलीनगर क्षेत्र के सभी सम्पर्क मार्ग एवं पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में अत्यधिक परेशानी एवं अन्य समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान हेतु समाजवादी साथियों के साथ एक दिवसीय धरना दिया एवं महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कलीनगर को सौंपा गया।इस दौरान मुख्य रूप से महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार,पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामबहादुर यादव,ग्राम प्रधान वीरेश यादव, हाजी लाडले, मुन्ने मियां अंजाना, जिला सचिव मुनेन्दर भारती, विनोद वर्मा विधानसभा



अध्यक्ष बरखेड़ा,कृपाल वर्मा छात्र सभा विधानसभा अध्यक्ष,शिशुपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष अ.पि. प्रकोष्ठ,पिंकी पाल महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष,मनोज पाल,जाहिद खान,अफजल खान,अशोक देवल,शिशुपाल यादव,अमन यादव,धर्मेन्द्र लोधी, हरजिन्दर राजपूत,रामसनेही वर्मा,भगवानदास वर्मा,कल्यान वर्मा, रामप्रसाद वर्मा,शमशाद रजा,रामनरेश वर्मा, शेखर यादव,रामनिवास पाण्डेय, रामबिलास पांडे, श्रीकृष्ण भारती,वैवी सिह यादव, हेमराज राजपूत, भीमसेन भारती, बाबाजी चेतन्य गिरि,फरियाद सलमानी,दाताराम यादव, एड.बिष्णु कंात यादव, जाहिद नूर सिद्दीकी अरविंद यादव, डाक्टर सुहेल अहमद,शमशाद रजा,जाहिद रजा, सुनील पासवान, अंकित पासवान, मनोज पासवान, रामप्रकाश पासवान, होरी लाल राजपूत, बसीम सलमानी, , शिवशंकर प्रजापति,इत्यादि नेतागण, कार्यकर्तागण मौजूद रहे हैं।

# प्रधान विवेकानंद सरकार बने ग्रामीणों के घरों के उजाला वितरण की सोलर लाइटें ग्रामीण कर रहे प्रधान की प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में बिजली से वंचित घरों को रोशन करने की पहल की गई है। जिन घरों तक अभी बिजली की लाइन नहीं पहुंची थी, वहां ग्राम प्रधान विवेकानंद ने सोलर लाइट किट वितरित की।

ग्रामीणों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को सोलर प्लेट, पांच एलईडी लाइट, इनवर्टर, बैटरी, पंखा और खंभा उपलब्ध कराया गया। इससे अब उन घरों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और बच्चों की पढ़ाई से लेकर दैनिक कार्यों में भी सुविधा होगी।

ग्राम प्रधान विवेकानंद लगातार जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद के लिए आगे आ रहे हैं। सोलर लाइट मिलने से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। लंबे समय से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर परिवारों को अब बड़ी राहत मिली है।ग्राम



पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय सांप-बिच्छू का डर लगा रहता था और बच्चे पढ़ नहीं पाते थे। अब सोलर लाइट से घरों में उजाला होगा और पंखे से गर्मी में भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रधान विवेकानंद सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए आभार जताया है।

# पुलिस ने चौबीस घण्टे में युवती की हत्या का खुलासा कर दो युवकों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव चतुरीपुर मजरे मऊ में एक अविवाहित युवती की हुई हत्या का चौबीस घण्टे में खुलासा करते हुये दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक चाकू व मृतका का मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव चतुरीपुर मजरे मऊ में नहर के किनारे ओम प्रकाश द्विवेदी की बहन अमिता की हत्या कर दी गई थी।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्र मय हमराह द्वारा अभियोग उपरोक्त में नामजद सनोज पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम चतुरीपुर मजरे मऊ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष व विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन के उपरान्त प्रकाश में आये दुर्गेश्वरी गुप्ता पुत्र राममिलन गुप्ता निवासी ग्राम चतुरीपुर मजरे मऊ थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब उन्नीस वर्ष को आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार सनोज ने बताया कि वह और मृतका अमिता देवी एक ही स्कूल में पढ़ते थे। दोनो एक दूसरे से परिचित थे व बातचीत करते थे पिछले कुछ समय से वह काम करने हेतु फरीदाबाद चला गया था मगर वह व मृतका लगातार आपस मे संपर्क में रहते थे।इसी बीच मृतका का फोन अक्सर व्यस्त रहता था जब सनोज द्वारा मृतका से उसका फोन व्यस्त होने का कारण पूछा तो मृतका ने उसको स्पष्ट नहीं बताया था इसी बात से नाराज होकर ग्यारह अप्रैल को फरीदाबाद से वापस आकर उसने अपने मित्र दुर्गेश्वरी गुप्ता के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की योजना बनाई थी। बीती चौदह अप्रैल दिनांक को रात्रि में सनोज ने मृतका को फोन करके गांव के बाहर नहर के किनारे बांस कोठी के पास बुलाया था। वहीं पर दुर्गेश्वरी गुप्ता भी मौजूद था इसी बीच सनोज व अमिता देवी में पुरानी बातों को लेकर बहस होने लगी अमिता चिल्लाने लगी तो सनोज ने अमिता का मुंह दबाकर उसे दबा दिया तथा दुर्गेश्वरी ने उसके पैर पकड़ लिये इसके बाद सनोज ने अमिता की गला रेतकर हत्या कर दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर मृतका का मोबाइल फोन व नहर पटरी के पास झाड़ियों से आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद किया गया। इस सम्बंध थाना गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# 78 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को ब्लॉक प्रमुख ने वितरण किए नियुक्ति पत्र, ब्लॉक सभागार में हुआ भव्य कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया विधानसभा पूरनपुर के अंतर्गत चयन प्रक्रिया के माध्यम से 78 आंगनवाड़ी सहायिकाओं का चयन किया गया, जिन्हें ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम में विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नवचयनित सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि बिना किसी भेदभाव के पारदर्शी प्रक्रिया के तहत यह नियुक्तियां की गई हैं।कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी सहायिकाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए तैयार किए गए पुष्टाहार स्टालों का भी अवलोकन किया गया उपस्थित सभी सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए अपनी खुशी व्यक्त की ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि

**नियुक्ति न केवल लाभार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर भी : ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह**



यह नियुक्ति न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी सहायिकाएं पूरी निष्ठा के साथ बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण में अहम योगदान देंगी इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी, सीडीपीओ अजय सिंह, ललित अवस्थी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ममता देवी, कंचन वर्मा, अंजू गौतम, आशा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

## माधोटांडा रेलवे फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज,स्वीकृति प्रक्रिया तेज रेल मंत्रालय ने दी जानकारी,सेतु निगम करेगा निर्माण सभासद अनुज गुप्ता को पत्र भेजकर दी गई सूचना

पूरनपुर।माधोटांडा रोड स्थित रेलवे समपार फाटक संख्या 180ए पर प्रस्तावित उपरिगामी सेतु आरओबी के निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है भारत सरकार के रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में पत्र जारी कर प्रगति की जानकारी दी है, जिसकी प्रति नगर पालिका परिषद के सभासद अनुज कुमार गुप्ता को भी प्रेषित की गई है रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (ब्रिज) आलोक तिवारी द्वारा केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को भेजे गए पत्र में बताया गया कि उक्त स्थान पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटे द्वारा कराया जाएगा और फिलहाल यह स्वीकृति की प्रक्रिया में है बताया गया कि 6 अक्टूबर 2025 को रेलवे, लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर फिजिबिलिटी जांच की गई ।

# तेरहवीं कार्यक्रम में फायरिंग के घायल की मौत, गांव में तनाव के बीच अंतिम संस्कार

**तेरहवीं कार्यक्रम में फायरिंग के घायल की मौत, गांव में तनाव के बीच अंतिम संस्कार**

**परिजनों ने मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर किया विरोध**

**प्रशासन के समझाने पर हुआ दाह संस्कार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र के बिघौली गांव में तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान हुई फायरिंग में घायल दिलीप कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को गांव में तनावपूर्ण माहौल के बीच प्रशासन की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कराया गया। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल की रात तेरहवीं निमंत्रण को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में दिलीप कुमार सहित पांच लोग घायल हो गए थे। गंभीर हालत में दिलीप को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था, जहां 16 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी, बुलडोजर कार्रवाई, 50 लाख रुपये मुआवजा, सरकारी नौकरी और शस्त्र लाइसेंस की मांग को लेकर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार गुलाब सिंह व क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने परिजनों से वार्ता की। अधिकारियों के आश्वासन और काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन माने और अपनी मांगों को लिखित रूप में सौंपते हुए अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में मृत्योपरांत धारा 302 बढ़ा दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं नायब तहसीलदार ने कहा कि पीड़ित परिवार की मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए बल्दीराय, धनपतगंज सहित कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

## गांव में शराब की दुकान का विरोध, महिलाओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकार द्वारा गांव-गांव शराब के ठेके खोले जाने के निर्णय के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है इसी क्रम में माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ में प्रस्तावित शराब की दुकान के खिलाफ गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया सुबह करीब 10 बजे प्रस्तावित स्थल पर एकत्रित हुईं और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि गांव में शराब की दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण बिगड़ जाएगा उन्होंने आशंका जताई कि शराब की आसान उपलब्धता से युवाओं और बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की दुकानों के आसपास अक्सर छेड़खानी, गाली-गलौज, घरेलू हिंसा और छोटे-मोटे अपराध बढ़ जाते हैं ग्रामीणों का मानना है कि इससे गांव की वर्षों पुरानी शांति और आपसी भाईचारा प्रभावित होगा प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मांग की कि प्रस्तावित शराब की दुकान का लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जाए या इसे आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर गांव में शराब की बिक्री शुरू नहीं होने दी जाएगी उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन और चक्का जाम करने को बाध्य होंगी इस दौरान शशिकला, सरिता, गुड्डी, मंजू, बबिता, रीमा, सुधा, राजभर, गौतम सहित सैकड़ों महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे ।

## खौलती कड़ाही में गिरने से तीन वर्षीय बच्ची झुलसी, हालत गंभीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम बगला में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय बच्ची खौलती सब्जी की कड़ाही में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जानकारी के अनुसार शाहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बगला निवासी अरविंद की पुत्री दिपांशी घर के आंगन में खेल रही थी, जबकि पास ही घर की महिलाएं चूल्हे पर खाना बना रही थीं इसी दौरान खेलते समय बच्ची का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे खौलती सब्जी से भरी कड़ाही में जा गिरी गर्म सब्जी शरीर पर गिरने से बच्ची बुरी तरह झुलस गई उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## ग्राम पंचायत के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। करौंदीकला विकास खंड की ग्राम पंचायत कम्मरपुर में शासकीय धनराशि के कथित अनियमित भुगतान का मामला अब प्रशासनिक कार्रवाई तक पहुंच गया है। शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। कम्मरपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर ग्राम पंचायत में सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। शिकायत में कहा गया कि ग्राम प्रधान ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने करीबी व्यक्ति की फर्म को नियमों के विरुद्ध भुगतान कराया। प्रारंभिक जांच में ग्राम प्रधान मनोज तिवारी की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। डीपीआरओ ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सुल्तानपुर और अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## लकी चिल्ड्रेन स्कूल का शानदार प्रदर्शन,100% रहा रिजल्ट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लकी चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है इस वर्ष कुल 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा विद्यालय के छात्र जसकीरत सिंह ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया और टॉपर बने। उनके इस प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक हासिल किए हिंदी में शाहनूर बी, अंग्रेजी में गुरलीन कौर, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और आईटी में जसकीरत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अन्य विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस उपलब्धि से अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में भी हर्ष का माहौल है।

# जनगणना के लिये सुपरवाइजर और प्रगणकों को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनगणना के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में आज विकास खण्ड गौरीगंज सभागार में तहसील गौरीगंज के सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को प्रथम चरण के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान ने उपस्थित होकर सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जो देश की नीतियों, योजनाओं एवं संसाधनों के समुचित वितरण का आधार बनता है। ऐसे में इसकी शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में



मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझें, ताकि फील्ड में कार्य करते समय किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि गणना के दौरान कोई भी मकान छूटना नहीं चाहिए और प्रत्येक मकान का सटीक एवं पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह भारत की आधुनिक एवं डिजिटल जनगणना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

अतः सभी कार्मिक डिजिटल उपकरणों के उपयोग में दक्षता प्राप्त करें और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें। प्रथम चरण की गणना बाइस मई से बीस जून 2026 तक निर्धारित की गई है जिसके लिये सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता से तैयार रहें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्या यादव, तहसीलदार गौरीगंज, खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह सहित संबंधित अधिकारी, सुपरवाइजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटरो में आ रही समस्याओं को लेकर भड़के नगराध्यक्ष एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। नगराध्यक्ष कलीनगर मोहम्मद याकूब अंसारी ने क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपजिलाधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।इस दौरान उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण आम जनता को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि मीटर में गलत रीडिंग, अधिक बिलिंग और तकनीकी खामियों के चलते लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।मोहम्मद याकूब अंसारी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की कि स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक इन्हें लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता की सहमति और संतुष्टि के बिना किसी भी योजना को थोपना उचित नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ कई स्थानीय लोग एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने स्मार्ट मीटर के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई।ज्ञापन में शामिलआसिफ अंसारी,कंाताप्रसाद पासवान,राजीव राठौर,पप्पू सलमानी सभासद,आदिल रज़ा,दिलशाद रज़ा,फैजान शेख, इम्तियाज़ अंसारी, इकवाल अंसारी,फरजंद अंसारी सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## सम्पादकीय

# उम्मीदों का गलियारा

निस्संदेह, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भारत के संरचनात्मक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। जो राष्ट्रीय राजधानी और उत्तराखंड के प्रवेश द्वार के बीच यात्रा के समय को छह घंटे से घटाकर ढाई घंटे करने का वायदा करता है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा देगा। इंजीनियरिंग की विशिष्ट उपलब्धि से बढ़कर, परियोजना राजमार्गों की कल्पना में एक बड़े बदलाव का संकेत भी है। जो महज एक सड़क ही नहीं है, बल्कि कई क्षेत्रों, बाजारों और अवसरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारा भी है। इस राजमार्ग के बनने से जहां परंपरागत मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं बेहतर कनेक्टिविटी से देहरादून और मसूरी आदि अन्य हिल स्टेशनों में पर्यटन बढ़ेगा। निस्संदेह, इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। पश्चिमी उ.प्र. के सहारनपुर व शामली जैसे जनपदों, जिन्हें विकास की दौड़ में पर्याप्त अवसर नहीं मिले, उनके लिये भी वरदान साबित हो सकता है। माना जा रहा है कि खाद्यान्न, भंडारण और रियल एस्टेट में भी इस परियोजना के लाभ नजर आएंगे। कह सकते हैं कि यह एक्सप्रेसवे भारतमाला जैसी परियोजनाओं के तहत एकीकृत, उच्च गति वाले गलियारों के लिये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लक्ष्यों को पूरा करता है। वहीं दूसरी ओर इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें विकास और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया गया है। प्रतिष्ठित राजाजी पार्क क्षेत्र से गुजरने वाला यह ऊंचा वन्यजीव गलियारा, जिसमें वन्य जीवों के लिये अंडरपास बनाये गए हैं ताकि उनके प्राकृतिक आवागमन मार्गों में किसी तरह का व्यवधान पैदा न हो। जो इस मान्यता की कसौटी पर खरा उतरता है कि विकास के बुनियादी ढांचे को प्रकृति के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश की विभिन्न बड़ी विकास योजनाओं वाले क्षेत्रों में वन्य जीवों और मनुष्य के बीच जो संघर्ष बढ़ा है, वो विकास को पर्यावरण व वन्यजीवों के अधिवास के अनुकूल ढालने की जरूरत बताता है। कर्नाटक के हाथी गलियारे- जो बांदीपुर,नागरहोल और आसपास के जंगलों को जोड़ते हैं, दर्शाते हैं कि कि कैसे संपर्क मार्गों से वन्य जीवों के प्रवास-मार्ग की सुरक्षा होती है। जिससे मानव व वन्य जीवों का संघर्ष कम होता है। ऐसे में यदि दिल्ली-देहरादून राजमार्ग में अभिनव प्रयास प्रभावी साबित होते हैं, तो यह नया एक्सप्रेसवे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भविष्य की परियोजना के लिए एक आदर्श साबित हो सकता है। हालांकि, इस राजमार्ग को लेकर कुछ चिंताएं अभी बाकी हैं। राजमार्ग को पूरा करने के दौरान अंतिम समय में निर्माण कार्यों में किए गए सुधार और इसमें पहले हुई कुछ देरी की रिपोर्टों से कार्य निष्पादन की गुणवत्ता व समय सीमा के दबाव को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, किसी संरचना के बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन उद्घाटन की समय सीमा से नहीं बल्कि उसकी मजबूती, सुरक्षा उपायों और दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों के आधार पर ही होना चाहिए। अंततरू यह एक्सप्रेसवे आशा और सावधानी दोनों का ही पर्याय है। निर्विवाद रूप से यह भारत की तेज और स्मार्ट निर्माण की महत्वाकांक्षा को भी दर्शाता है। इसके साथ ही उच्च मानकों की कसौटी पर खरा उतरने और जवाबदेही की जरूरत को भी रेखांकित करता है। निर्विवाद रूप से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की वास्तविक सफलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि यह पारिस्थितिक और संरचनात्मक गुणवत्ता से समझौता किए बिना दक्षता को बनाये रखे। इसके अलावा पर्वतीय राज्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक अस्मिता और पर्यटन के दबाव से भूगर्भीय संवेदनशीलता की भी रक्षा हो। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से भूस्खलन व पर्यटकों का दबाव झेल रहे हिमालयी राज्यों में पर्यटन प्रकृति व स्थानीय संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए। आने वाले दिनों में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को भी गति देगा, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से विस्तार होना निश्चित है। वहीं चीन से मिलने वाली किसी चुनौती से निपटने में सेना की गतिशीलता, रसद व सैन्य आपूर्ति में भी यह राजमार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।

# बिहार में संभावनाएं विकास की: अब सत्ता सम्राट की

**सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं।**

बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो। बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार 'जंगलराज' की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और



जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ। नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अतीत के अनुभव, वर्तमान की अपेक्षाएं और भविष्य की संभावनाएं एक साथ उपस्थित हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह उनके निर्णयों, नीतियों और कार्यशैली पर निर्भर करेगा। यदि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को आधार बनाते हुए नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो बिहार न केवल अपने पुराने कलंक से पूरी तरह मुक्त हो सकता है, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में भी उभर सकता है। यह समय केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण के परिवर्तन का है। बिहार की जनता अब जागरूक है, अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और अवसर भी व्यापक हैं। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक है कि वे व्यक्ति-आधारित राजनीति से ऊपर उठकर नीतियों और परिणामों पर केंद्रित शासन प्रस्तुत करें। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो न केवल वे अपने नेतृत्व को सिद्ध करेंगे, बल्कि बिहार को एक नई पहचान भी देंगे-एक ऐसे राज्य के रूप में जो संघर्ष से उबरकर सफलता की नई गाथा लिखने में सक्षम है। **-ललित गर्ग**

# बीबीएन प्रदूषण की मार झेलने को अभिशप्त

**कुलभूषण उपमन्यु**

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास की रीढ़ माना जाने वाला बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र बहुत से नकारात्मक कारणों से भी चर्चा में रहता आया है। वर्तमान में यह क्षेत्र प्लास्दा में किण्वन उद्योग लिमिटेड के एपीआई (सक्रिय भेषजीय सामग्री) संयंत्र के कारण चर्चा में है। इस प्लांट के कारण आसपास के 4-5 किलोमीटर क्षेत्र में जनता का दुर्गन्ध के कारण सांस लेना दूभर हो गया है और प्लांट का प्रदूषित जल नदी-नालों में छोड़ने के कारण जल भी प्रदूषित हो गया है। अत्यधिक भूजल दोहन के कारण आसपास के क्षेत्रों में हैंडपंप सूखने लग पड़े हैं। इस संयंत्र को प्रतिदिन 6.7 किलो लीटर पानी उपयोग की स्वीकृति है। लोगों का कहना है कि यह संयंत्र काफी ज्यादा भूजल दोहन कर रहा है, जिसके कारण पहले से लगे हैंडपंप सूखने लगे हैं। संयंत्र के दुष्प्रभावों को बारीकी से समझने से पहले बीबीएन की ऐतिहासिक लापरवाह संस्कृति पर नजर डाल लेते हैं। 2025 तक कार्यरत 2919 इकाइयों में से 87 पर्यावर्णीय प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी प्रावधानों का उलंघन करते हुए पकड़ी गईं और उनसे 3.2 करोड़ रुपये प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वसूला। 27 इकाइयों और चार स्टोन क्रशरों की बिजली काटी गई। प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए उपकरणों का समय-समय पर सुधार करना पड़ता है, जो नहीं किया गया और सामयिक रखरखाव के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नवीकरण करवाना पड़ता है, जो नहीं करवाया गया। बीबीएन में 308 इकाइयां लाल श्रेणी की हैं, जिनमें ये उल्लंघन ज्यादा पाए गए। प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का सुधार या रखरखाव पैसा बचाने के लिए ही ये लोग नहीं करते हैं और इससे कई बार भ्रष्टाचार भी जुड़ा रहता है। कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के एक अध्ययन में यह सामने आया की भूजल में सल्फ़ेट, तांबा, लोहा, स्वीकृत स्तर से ज्यदा पाया गया। अम्लीयता भी अधिक पाई गई। वायु सूचकांक खतरनाक स्तर 324 मापा गया। जाहिर है कि जहां उद्योग विकास के लिए लगाये जाते हैं वहां औद्योगिक प्रदूषण को व्यापारिक हितों को मुख्यता देने वाले उद्योगपति, कोई महत्व नहीं देते हैं और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने में घोर लापरवाही बरतते हैं। इससे एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई वाली स्थिति बन जाति है। उद्योग न लगाएं तो बेरोजगारी और लगाएं तो प्रदूषण जनित लापरवाहियों से जीवन दुखी और असंभव। इसलिए हिमालय को प्रदूषणकारी लाल श्रेणी की औद्योगिक गतिविधियों से दूर रखने की हिमालय नीति अभियान और सहयोगी सामाजिक जन आन्दोलन की वकालत करते रहे हैं ताकि यह क्षेत्र पर्यटन और मैदानी प्रदूषण से थके हारे लोगों के लिए सामयिक विश्राम स्थल के रूप में बचा रहे। अगर हिमालय भी धूल, धुएं और अशुद्ध जल का घर बन जाएगा तो मानवता को विश्रांति कहां मिलेगी। सवाल है कि देश के लिए हिमालय द्वारा दी जा रही पर्यावरणीय सेवाओं को होने वाली अपूरणीय हानि की भरपाई कैसे होगी। स्थानीय समुदायों को प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य, आजीविका और असुविधा का गुनहगार कौन होगा। ये सवाल अनुत्तरित ही रह जाते हैं। अब सक्रिय भेषज सामग्री को समझने का प्रयास करते हैं। ये वह सामग्रियां हैं जो किसी दवाई में वांछित असर या गुण प्रदान करती हैं। ये रोगी को देने के लिए तैयार दवाई का लगभग आधा हिस्सा हैं और दूसरा आधा है एक्ससेपिएंट्स या सहायक तत्व। ये रासायनिक स्तर पर निष्क्रिय होते हैं, जबकि इनसे मिल कर रासायनिक तौर पर सक्रिय भेषज सामग्रियां या घटक ही दवाई को वांछित गुण प्रदान करती हैं। इन सक्रिय भेषज सामग्रियों को बनाने की प्रक्रिया भी काफी पेचीदा होती है जिसमें अनेक रासायनिक पदार्थों का प्रयोग होता है, जिससे इन रसायनों से प्रदूषण फैलने का भी खतरा बना रहता है। अतः रसायन मार्ग आधारित सक्रिय भेषज घटकों के निर्माण के बजाय अब कई दवा कंपनियां बैक्टिरिया या खमीर आधारित किण्वन मार्ग को अधिमान दे रही हैं। इसमें विभिन्न भेषजीय तत्वों को विभिन्न सूक्ष्म जीवियों के माध्यम से उपचारित करके किण्वन (खमीरीकरण) से विभिन्न रासायनिक यौगिक प्राप्त कर लिए जाते हैं, जिन्हें एपीआई या सक्रिय भेषजीय घटक कहा जाता है। यह तो ठीक है कि रासायनिक मार्ग के मुकाबले किण्वन (खमीरीकरण) मार्ग से कम प्रदूषण होता है किन्तु यह मार्ग भी कदाचित निरापद नहीं है।

## सेहत मंत्र

# सूरजमुखी के तेल से सेहत को मिलते हैं बेमिसाल फायदे

सूरजमुखी के तेल को हम सभी अपने घर में रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल की तरह इस्तेमाल करते हैं। वैसे यह स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही लाभकारी होता है। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, ओमेगा-6 फैटी एसिड, विटामिन ई और विटामिन के जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए इसे डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। सूरजमुखी के तेल में हेल्थ-बूस्टिंग विटामिन ई पाया जाता है। यह एक बेहतरीन एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और बैक्टीरिया व वायरल संक्रमण को दूर करने में मदद करता है। सभी वेजिटेबल ऑयल में सूरजमुखी तेल विटामिन ई का सबसे समृद्ध स्त्रोत है। अगर आप हृदय रोगी हैं तो आपको सूरजमुखी के तेल पर स्विच कर देना चाहिए। इसमें विटामिन ई उच्च मात्रा में होता है और अनहेल्दी सैचुरेटिड फैट कम मात्रा में होता है। इसके अलावा सूरजमुखी के तेल में कोलीन और फ़ेनोलिक एसिड जैसे कंपाउड पाए जाते हैं, जो हृदय के लिए फायदेमंद होते हैं। इतना ही नहीं, सूरजमुखी के तेल में पाया जाने वाला फाइटोस्टेरॉल शरीर द्वारा कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को रोकता है। सूरजमुखी का तेल खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। सूरजमुखी के तेल में लेसिथिन भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। सूरजमुखी का तेल आपकी स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए और विटामिन ई पाया जाता है, जो शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है। यह आपके डैमेज्ड स्किन सेल्स को रिपेयर करता है, साथ ही सूखी, व एक्ने की समस्या से दूर करने में सहायक है। इसके इस्तेमाल से स्किन में लचीलापन लंबे समय तक बना रहता है और बढ़ती उम्र का प्रभाव भी कम नजर आता है। अगर आप लंबे समय तक अपनी हड्डियों को तंदुरूस्त बनाए रखना चाहते हैं तो सूरजमुखी के तेल को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। दरअसल, इसमें मौजूद पॉली-अनसैचुरेटेड फैटी एसिड बढ़ती उम्र में कमजोर हो रही हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## धर्म मंत्र

# उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में है बना है भगवान शिव का चमत्कारी मंदिर, पूरी होती हैं सारी मनोकामनाएं

भारत में लगभग गर्मियों के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। स्कूल और ऑफिस में फरवरी के बाद कई छुट्टियां रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी गर्मियों की छुट्टियों में कहीं जाने का प्लान बना रहे हैं। तो आपको चौकोरी की ट्रिप जरूर प्लान करना चाहिए। मौज मस्ती के अलावा गर्मी से राहत पाने के लिए चौकोरी बेहतरीन जगह है। चौकोरी उत्तराखंड का एक पर्यटन स्थल है। यह एक ऐसी जगह है जो आपकी बॉडी और दिमाग को बूस्ट करने के लिए काफी है। यह जगह दिल्ली से 494 किमी दूर है। इसलिए आप यहां पर वीकेंड आराम से बिता सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चौकोरी के आसपास घूमने के लिए कई जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपना वीकेंड एंज्वॉय कर सकते हैं। बेरीनागः चौकोरी से करीब 10 किमी की दूरी पर एक गांव बेरीनाग है। यह समुद्र तल से करीब 1000 फीट से ज्यादा की ऊचाई पर बसा है। बेरीनाग गांव आज पर्यटकों के बीच काफी फ़ेमस हो गया है। अगर आपको भी घने जंगलों और हरियाली से प्यार है तो आपको इस गांव में जरूर आना चाहिए। यहां पर मौजूद चाय के बागान देखने लायक होते हैं। इसके साथ ही अगर आपको ट्रेकिंग करना पसंद है तो आप बेदीनाथ से ट्रेकिंग कर यहां पहुंच सकते हैं। उदियारीः चौकोरी शहर से लगभग 20 मिनट दूर उदियार पर्यटकों के मन खूब भाता है। यह एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। जिन लोगों को पहाड़ पसंद है। वह यहां पर ऊंचे-नीचे पहाड़ों का अनुभव ले सकते हैं। गर्मी के मौसम में यहां का नजारा काफी सुहावना होता है।

## पर्यटन



# राजस्थान के रेगिस्तान सिटी की सुंदरता का नजारा

राजस्थान का नाम सामने आते ही रेगिस्तान, कठपुतली का खेल और राजाओं के बड़े-बड़े महलों का चित्रण दिमाग में आता है। यकीनन यह सभी चीजें राजस्थान की पहचान हैं, लेकिन इसका आकर्षण सिर्फ यही तक सीमित नहीं है। राजस्थान जाकर आपको ऐसे कई ऑफबीट अनुभव भी हो सकते हैं, जो हमेशा के लिए आपकी स्मृति में रहेंगे। राजस्थान कई तरह के अनसुलझे रहस्यों से भरा हुआ है। जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर और अन्य कई प्राचीन हवेलियों में ऐसा बहुत कुछ है, जिसकी सच्चाई का आजतक कोई भी पता नहीं लगा पाया है। उदाहरण के तौर पर, जैसलमेर में कुलधरा के छोटे से गाँव को एक शापित गाँव माना जाता है, जिसे सैकड़ों ग्रामीणों ने रातोंरात छोड़ दिया और कोई नहीं जानता कि वे कहाँ या क्यों गायब हो गए। यदि आप कभी भी इस भयानक जगह की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो शाम को 6 बजे से पहले निकलना सुनिश्चित करें क्योंकि यह माना जाता है कि यह स्थल नकारात्मक ऊर्ज़ाओं से भरा है। वैसे तो आपने कई जगहों पर हॉट एयर बैलून राइड की होगी, लेकिन राजस्थान के रेगिस्तान सिटी की सुंदरता का नजारा हॉट एयर बैलून से अलग ही नजर आता है। यह एक अनूठे तरीके से शहर की सुंदरता को दर्शाता है। जरा सोचिए कि आप पिंक सिटी के उपर बैलून से यात्रा कर रहे होंगे तो आपका अनुभव किस प्रकार का होगा। राजस्थान के रेगिस्तान में नाइट कैंपिंग का भी अपना ही एक मजा है और इस लुत्फ को आप सिर्फ राजस्थान में ही उठा सकते हैं। राजस्थान की स्वर्ण नगरी जैसलमेर ऐसे अनुभव प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है, जो जीवन भर आपके साथ रहेंगे। शहर के कई टूर एजेंट रेगिस्तान के बीच शिविर का आयोजन करते हैं और यदि आप चाहें तो वे अलाव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था भी करते हैं। आप ऊंट की सवारी का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# मेहनत की रोशनी में शिखर पर चमके नन्हे सितारे, डॉ. शिव सहाय सिंह गुरुकुल के छात्रों ने रचा सफलता का स्वर्णिम अध्याय

मेहनत की रोशनी में शिखर पर चमके नन्हे सितारे, डॉ. शिव सहाय सिंह गुरुकुल के छात्रों ने रचा सफलता का स्वर्णिम अध्याय

### सीबीएसई कक्षा-10 परिणाम में गुरुकुल इंटरनेशनल एकेडमी का जलवा, अनुशासन व शिक्षकों की मेहनत रंग लाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





अकबरपुर, अंबेडकरनगर । डॉ. शिव सहाय सिंह गुरुकुल इंटरनेशनल एकेडमी ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासित वातावरण, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन से सफलता सुनिश्चित होती है।

विद्यालय के छात्र मोहम्मद जाकिर जफर खान ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंजली यादव ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजली यादव (द्वितीय) ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों की अथक मेहनत, विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सख्त अनुशासन व्यवस्था को दिया जा रहा है। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देकर उनकी कमजोरियों को दूर किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में संरक्षिका श्रीमती चंद्रवती सिंह ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अवधेश वर्मा ने कहा, ळयह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक माहौल का संयुक्त परिणाम है। हमारा उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।ङ्क डायरेक्टर डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा, ळहमारे नन्हे-मुन्ने एवं कनिष्ठ विद्यार्थियों ने जिस लगन, अनुशासन और समर्पण के साथ यह सफलता अर्जित की है, वह सराहनीय है। इसके पीछे हमारे समर्पित शिक्षकों की निरंतर मेहनत और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय परिवार का प्रयास है कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों में अनुशासन, नैतिकता और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की जाए, ताकि वे भविष्य में हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। उपप्रधानाचार्य निधि सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाराबंकी में पोषण सुधार पर सख्ती: लापरवाही पर कार्रवाई, सूरतगंज सीडीपीओ का वेतन रोका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जनपद स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा एवं कन्वर्जेंस बैठक जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कुपोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि पोषण सुधार एक साझा जिम्मेदारी है, जिसमें सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं की व्यक्तिगत निगरानी करने और उन्हें शीघ्र लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कुपोषित (ट्टइख्र) और अति कुपोषित (ख्रइख्र) बच्चों की स्थिति सुधारने पर विशेष जोर देते हुए नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर बच्चों को न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (गटए) में भर्ती कराने की बात कही गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर ऐप पर 100% डेटा फीडिंग को अनिवार्य बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इससे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की प्रभावी निगरानी संभव है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। सैम और मैम श्रेणी के बच्चों के परिवारों तक पहुंचकर पोषण परामर्श, आहार चार्ट और अनुपूरक पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए सीडीपीओ सूरतगंज का वेतन बाधित करने और उनसे स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने दोहराया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना देश के विकास की आधारशिला, इसे पूरी जिम्मेदारी से करें पूर्ण : राजेश विश्वकर्मा

### हैदरगढ़ में जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ, प्रशासनिक अमला हुआ सक्रिय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हैदरगढ़ बाराबंकी । जनपद में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब तेज हो गई हैं। इसी क्रम में तहसील हैदरगढ़ में आज जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

उद्घाटन अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा, ळजनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी इसे पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ संपन्न करें।ङ्क उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों से अपेक्षा की कि वे कार्य के प्रति गंभीरता बरतें और सटीक आंकड़े संकलित करें। कार्यक्रम में तहसीलदार कविता ठाकुर, नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी एवं नायब तहसीलदार सिद्धौर सौरभ सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसील मुख्यालय हैदरगढ़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं विकास खंड सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रभारी जनगणना अजय सिंह भारती द्वारा भी कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण में डॉ. देवीं शंकर पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, श्रीमती अन्विता सादिया, विश्लेषक प्रकाश सिंह, दुर्गेश चन्द्र मिश्र, राजकुमार यादव, डॉ. विनेश कुमार, देवेंद्र नाथ पाण्डेय, मो. आसिफ, श्रीमती नम्रता, रोहित कुमार शुक्ला, श्रीमती सावित्री गुप्ता सहित कई प्रशिक्षकों व कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रशासन का मानना है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से जनगणना कार्य को अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं को ठोस आधार मिलेगा।

## संजय सेतु पर आवागमन ठप्प, पीपा पुल तैयार




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। प्रशासन ने घाघरा नदी के संजय सेतु पुल को मरम्मत कार्य के चलते दो माह के लिए बंद कर दिया है।गुरुवार दोपहर 2 बजे से चौकाघाट चेक पोस्ट पर सख्त यातायात व्यवस्था लागू कर दी गई जहां से भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है।पुलिस टीम द्वारा ऐसे वाहनों को वापस भेजा जा रहा है या वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जा रहा है।यातायात सुचारू रखने के लिए चौकाघाट रेलवे स्टेशन और लखनऊ बहराइच हाईवे पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।वहीं घाघरा घाट पर तैयार दो लेन का पीपा पुल छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है जिससे मोटरसाइकिल ऑटो और एंबुलेंस जैसी सेवाओं को राहत मिली है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पुल बंद रहने तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## पेट्रोल पंप चोरी खुलासा, तिजोरी नौ लाख बरामद, प्रभारी पांडेय की बड़ी कामयाबी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र रामनगर में पेट्रोल पंप से चोरी हुई लाखों की तिजोरी बरामद कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

13 अप्रैल की रात ओम साईं फिलिंग स्टेशन, दलसराय से अज्ञात चोर लॉकर सहित कैश चोरी कर ले गया था। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर स्वाट, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस टीम ने जांच शुरू की।

गुरुवार को सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल डेटा और मुखबिर की सूचना के आधार पर मोनू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर जमीन में गाड़ी गई तिजोरी, 9.11 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त साइकिल बरामद हुई। जांच में पता चला कि आरोपी पेट्रोल पंप पर हवा भरने का काम करता था और उसे तिजोरी में रखे कैश की जानकारी थी। लालच में आकर उसने सीसीटीवी की दिशा बदलकर वारदात को अंजाम दिया और तिजोरी को झाड़ियों में गाड़ दिया था।

### मजदूरों के हक में उठी आवाज, 5 लाख मुआवजे, 30 हजार वेतन की मांग




बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश में मजदूरों पर हो रहे अत्याचार को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह 'सुमन' ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि नोएडा, गाजियाबाद और बुलंदशहर में घायल मजदूरों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी समस्याओं के समाधान के बजाय भटकाने का काम कर रहे हैं। साथ ही मजदूरों का न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने और महिलाओं व मजदूरों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी मांग की गई है।

### बेमौसम बारिश से किसानों की कमर टूटी, आलू के दाम पर नाराजगी

बाराबंकी। रामनगर क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संगठन की मासिक बैठक गन्ना परिसर में जिलाध्यक्ष के.के. यादव 'गुड्डू' की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में किसानों की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया गया कि बेमौसम बारिश से सरसों और गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है। वहीं आलू की अच्छी पैदावार के बावजूद बाजार में दाम बेहद कम (?350S400 प्रति कुंतल) मिल रहे हैं, जबकि लागत लगभग ?850 प्रति कुंतल बताई गई।आलू का समर्थन मूल्य ?1400 प्रति कुंतल तय किया जाए

फसल नुकसान की भरपाई की जाए।निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मृत्यु होने पर पूरा मेडिकल खर्च माफ किया जाए। जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए।ग्राम गनौरा के मजरा बिछलंगा में अधूरी पाइपलाइन योजना पर भी नाराजगी जताई गई। किसानों ने अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार राजीव कुमार को सौंपा और चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर लखनऊ विधानसभा पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।बैठक में सतीश मौर्य, कन्हैयालाल रावत, अनीता वर्मा, आकाश यादव सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

### संदिग्ध हालात में मिली मानसिक विक्षिप्त की लाश

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। गुरुवार सुबह उसका शव चंदौली गांव के बाहर एक मेंथा के खेत में नाले के पास पड़ा मिला।सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर जैसे ही शव पर पड़ी, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और लंबे समय से चंदौली व टिकरा गांव के आसपास भटकते हुए जीवन यापन कर रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक बेहद गरीब था और उसकी पहचान किसी को नहीं मालूम थी। राहगीर और ग्रामीण मानवता के नाते उसे समय-समय पर खाने-पीने की वस्तुएं देकर मदद करते थे, जिससे उसका जीवन किसी तरह गुजर रहा था। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### डीजे पर गाने को लेकर खूनी विवाद, युवक गंभीर घायल

सूरतगंज/रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक खुशियों भरा तिलक समारोह उस समय मातम में बदल गया जब डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना रामनगर थाना क्षेत्र के कजियापुर गांव की है, जहां बुधवार रात नरेश शर्मा के यहां तिलक समारोह चल रहा था। कार्यक्रम में डीजे और ऑर्केस्ट्रा की व्यवस्था थी। रात करीब 10 बजे चैनपुरवा निवासी 22 वर्षीय इसरार और कजियापुर निवासी जयकर सिंह के बीच गाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया और जयकर सिंह ने बाके से इसरार पर हमला कर दिया। हमले में इसरार के चेहरे, आंख और नाक पर गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जयकर सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।

### ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल, शुरू, नौ सूत्रीय मांगें रखीं

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपनी मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार से ब्लॉक मसौली के रोजगार सेवकों ने 10 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी।

ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार राव के नेतृत्व में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को 9 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। प्रमुख मांगों में रोजगार सेवकों को सहायक पंचायत सचिव के रूप में समायोजित करना, लंबित मानदेय का भुगतान, सेवा सुरक्षा, स्थानांतरण व्यवस्था और मृतक आश्रितों को नौकरी देना शामिल है। रोजगार सेवकों का कहना है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे विधानसभा का घेराव करेंगे।

### रामनगर में धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी लोधेश्वर महादेव में पूजन-अर्चन के उपरांत आगामी भगवान परशुराम जयंती (19 अप्रैल) को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया गया है। रामनगर विधानसभा क्षेत्र में इस बार जयंती समारोह को विशेष रूप से तीन स्थानों पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम संयोजक पं.राम लखन शुक्ल ने बताया कि शस्त्र और शास्त्र के अद्वितीय ज्ञाता भगवान परशुराम की जयंती पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। ''कार्यक्रम का विस्तृत आयोजन'' अमरा देवी मंदिर S प्रातः 10:00 बजे, आयोजनकर्ताः पं.दुखराज पांडेय! पंचायती धर्मशाला मंदिर S दोपहर 12:00 बजे, नेतृत्वः पं.रविकांत पाण्डेय सिरौली गौसपुर अतिथि गृह S दोपहर 2:00 बजे, संयोजनः पं. राजेश कुमार द्विवेदी कार्यक्रम के सहसंयोजक अशोक कुमार शुक्ला ने क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जनगणना की तैयारी तेज, विशेष प्रशिक्षण, लापरवाही पर सख्ती के निर्देश

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी जनगणना वर्ष 2027 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को तहसील क्षेत्र में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 61 किमी लंबी भव्य धम्म यात्रा, गांव-गांव पहुंचा जागरूकता संदेश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



फतेहपुर बाराबंकी ।बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बबुरिहा स्थित जे.जे.आर.बी मेमोरियल सेवा संस्थान के तत्वावधान में विशाल धम्म एवं शोभायात्रा निकाली गई। सुबह 8 बजे गोपालपुर से शुरू हुई यह यात्रा करिमाबाद, गौरिहया पुरवा, शेखपुर, करन्धा, उजवारा, साढेमऊ बाजार सहित कई गांवों से गुजरते हुए लगभग 61 किलोमीटर की दूरी तय कर नहरवल (फतेहपुर) में सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा का नेतृत्व संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती किरन भारती और सचिव आयुष भारती ने किया। यात्रा में गौतम बुद्ध और बाबा साहेब की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। जहां-जहां से यात्रा गुजरी, वहां स्थापित अम्बेडकर प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन संघर्षों को याद किया गया।

अध्यक्ष किरन भारती ने कहा कि समाज को शिक्षित और संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं।

कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन डॉ. आयुष भारती ने किया।

## केकेआर पहली जीत के लिए बेताब, घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा गुजरात

एजेंसी

अहमदाबाद। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है। हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले



पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उन्होंने ऐसी पिच पर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो गेंदबाजों के अनुकूल थी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह 220 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर सकी जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की हार ने उसकी समस्याएं और बढ़ा दी। इस तरह से केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है। अभी तक सारा ध्यान कैमरन ग्रीन पर रहा है जिन्हें आंद्रे रसेल की जगह भरने के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर उस कीमत को सही ठहराने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह पांच पारियों में केवल 56 रन ही बना पाए हैं और गेंदबाजी में भी खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में भी स्पष्टता नजर नहीं आती। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन यह दोनों ही बदलाव कारगर साबित नहीं हुए। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे भारतीय बल्लेबाजों को अभी तक मौका नहीं मिला है। केकेआर को जीत हासिल करने के लिए अपनी रणनीति को बदलना होगा और तीनों विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की।

## चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, खलील अहमद चोट के कारण आईपीएल से बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)को बड़ा झटका लगा है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज खलील अहमद क्वाड्रिसेप (जांघ) की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के दौरान उन्हें यह चोट लगी थी। 17वें ओवर की आखिरी गेंद डालने से पहले खलील अचानक रन-अप के दौरान रुक गए और अपने दाहिने पैर को पकड़ लिया। शुरुआत में यह सामान्य क्रैम्प्स जैसा लगा, लेकिन खलील दोबारा गेंदबाजी करने की कोशिश के बाद असहज दिखे और उन्होंने डगआउट की ओर इशारा करते हुए मैदान छोड़ दिया। इसके बाद उनके ओवर की आखिरी गेंद गुरजपनीत ने पूरी की। 28 वर्षीय खलील अहमद इस सीजन में चेन्नई की गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। उनकी गैरमौजूदगी टीम के संतुलन पर



असर डाल सकती है, खासकर डेथ ओवरों में। खलील की जगह लेने के लिए महाराष्ट्र के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और रामकृष्ण घोष विकल्प के रूप में सामने हैं। जहां बाएं हाथ के मुकेश चौधरी खलील की तरह ही विकल्प दे सकते हैं, वहीं दाएं हाथ के तेज गेंदबाज रामकृष्ण घोष टीम को अलग तरह का संयोजन प्रदान कर सकते हैं। इस चोट के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी गेंदबाजी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है, जो आगे के मुकाबलों में उनके प्रदर्शन पर असर डाल सकता है।

## बायर्न म्यूनिख ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

म्यूनिख। जर्मनी के दिग्गज क्लब बायर्न म्यूनिख ने स्पेन के रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड को बुधवार रात एक रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हराकर (कुल स्कोर 6-4) यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में आखिरी पलों में लुइस डियाज और माइकल ओलिसे के गोल ने बायर्न को यादगार जीत दिलाई। मुकाबले के 89वें मिनट में लुइस डियाज ने गोल कर बायर्न को बढ़त दिलाई, जबकि इंजरी टाइम में माइकल ओलिसे ने गोल दागकर जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ बायर्न अब सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। मैच के 86वें मिनट में रियल मैड्रिड के मिडफील्डर एडुआर्डो कामाविंगा को दो पीले कार्ड मिलने के बाद मैदान से बाहर कर दिया



गया। इसके बाद मैच के अंत में आर्डा गुलर को भी असंतोष जताने पर रेड कार्ड मिला, जिससे टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा। मुकाबले की शुरुआत बेहद तेज रही और सिर्फ 35 सेकंड में ही आर्डा गुलर ने गोल कर रियल को बढ़त दिलाई। इसमें बायर्न के गोलकीपर मैनुअल नॉयर की बड़ी गलती रही। हालांकि बायर्न ने पांच मिनट बाद ही अलेक्जेंडर पावलोविच के हेडर से बराबरी कर ली। 29वें मिनट में गुलर ने शानदार फ्री-किक से रियल को फिर बढ़त दिलाई, लेकिन हैरी केन ने आठ मिनट बाद गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया।

## आईपीएल में वापसी के लिए तैयार पैट कमिंस, गेंदबाजी के लिए पूरी तरह फिट

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को सिडनी में कराए गए ताजा स्कैन के बाद बिना किसी प्रतिबंध के गेंदबाजी करने की अनुमति मिल गई है, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी वापसी का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को हुए स्कैन में यह पुष्टि हुई कि उनकी पीठ की स्ट्रेस इंजरी, जिसने पिछले साल अगस्त के बाद उन्हें सिर्फ एक पेशेवर मैच खेलने तक सीमित कर दिया था, अब पूरी तरह ठीक हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अब शुक्रवार को भारत लौटेंगे और आईपीएल के बाकी मैचों के लिए सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ेंगे, जहां वह अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी ट्रैविस हेड के साथ खेलेंगे। हालांकि सनराइजर्स इस



सप्ताहांत चेन्नई सुपर किंग्स और अगले बुधवार दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ घरेलू मुकाबले खेलेगी, लेकिन कमिंस जल्दबाजी में वापसी नहीं करना चाहते। वह 25 अप्रैल को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में प्लेइंग इलेवन में लौटने का लक्ष्य बना रहे हैं। कमिंस के टीम में लौटते ही कप्तानी भी उनके हाथों में वापस आने की संभावना है। उनकी अनुपस्थिति में टीम की कमान ईशान किशन संभाल रहे थे। फिलहाल टीम दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। कमिंस की वापसी उनकी योजना के अनुसार है, जिसमें वह टूर्नामेंट के दूसरे चरण और संभावित प्लेऑफ मुकाबलों में हिस्सा लेना चाहते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए एक व्यस्त टेस्ट क्रिकेट कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें अगले 12 महीनों में लगभग 21 टेस्ट मैच खेले जा सकते हैं। हाल ही में कमिंस ने तीनों फॉर्मेट में खेलने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि वह टेस्ट और वनडे कप्तान के रूप में महत्वपूर्ण सीरीज को प्राथमिकता देंगे और खुद को फिट रखने के लिए दो से तीन महीने का ब्रेक भी लेते रहेंगे। उन्होंने 'बिजनेस ऑफ स्पोर्ट' पॉडकास्ट में कहा, मैं अभी भी तीनों फॉर्मेट खेलना चाहता हूं और मुझे लगता है कि हम इसे संतुलित कर सकते हैं। मुझे टेस्ट क्रिकेट बेहद पसंद है। उम्मीद है कि अगले 3-5 साल तक मैं इसी तरह खेलता रहूं और टेस्ट क्रिकेट को छोड़ना न पड़े। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट कार्यक्रम अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की सीरीज से शुरू होगा, जो डार्विन और मैके में खेली जाएगी। इसके बाद टीम दक्षिण अफ्रीका में तीन टेस्ट, घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट, फिर अगले साल जनवरी-फरवरी में भारत दौरे पर पांच टेस्ट खेलेगी। मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 150वीं वर्षगांठ टेस्ट और जून में लॉर्ड्स में संभावित वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी शामिल है, इसके बाद एशेज सीरीज के पांच टेस्ट मैच होंगे। करीब 4 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के अपने आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट को पूरा करना भी कमिंस के कार्यक्रम का अहम हिस्सा है। टीम के कोच डेनियल विटोरी ने उनकी फिटनेस को शानदार बताया है।

## अर्जुन और आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है। हम आगे भी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे। अर्जुन का यह टूर्नामेंट में तीसरा स्वर्ण पदक है। अपने भाई आदित्य के साथ उनका दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले टूर्नामेंट में उन्होंने लड़कों के अंडर-18 में युगल खिताब जीता था।

## वैशाली का आत्मविश्वास और मां की उपस्थिति उनकी सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपने शांत स्वभाव लेकिन मजबूत आत्मविश्वास वाली कैंडिडेट्स प्रतियोगिता की विजेता आर वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ देखी जाती हैं और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले यही उनकी ताकत हैं। वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को ही अपनी पहचान बनने देती हैं। वैशाली के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है उनके घर का माहौल। वह एक ऐसे परिवार से हैं जो पूरी तरह से शतरंज के प्रति समर्पित है और जिसने बिना किसी दिखावे के महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। साइप्रस के पाफोस में खेले गए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी वैशाली ने अपने शांत खेल और आत्मविश्वास से ही जीत हासिल करके अपनी काबिलियत साबित कर दी। उन्होंने बुधवार को कैटेरीना लैग्नो पर शानदार जीत हासिल करके इस साल के अंत में जू वेनजुन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले में खेलने का अधिकार हासिल किया। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी लंबे समय तक अपने छोटे भाई आर प्रज्ञाननंदा के साये में ही रही। प्रज्ञाननंदा ने भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया लेकिन ओपन वर्ग में वह जल्द ही खिताब की दौड़ से बाहर हो गए थे। प्रज्ञाननंदा की संभावनाएं धूमिल होने के बाद भी सारा ध्यान वैशाली पर नहीं गया, जिससे वह शायद निराशा हुई होगी। लेकिन हमेशा साड़ी पहने और शांत और भावहीन चेहरे के साथ उनके साथ रहने वाली उनकी मां की खामोश उपस्थिति उन्हें अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने और यह याद दिलाने के लिए काफी थी कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। वैशाली ने 8.5 अंक हासिल करके इस बार खिताब अपने नाम कर लिया। वह पिछले साल टोरंटो में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं और विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने से चूक गईं थी। कम बोलना और चुप रहना लंबे समय से उनकी खासियत रही है। वह एक मध्यमवर्गीय परिवार में पली बढ़ी हैं। उनके पिता बैंक शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते थे और उनकी मां गृहिणी थीं। वैशाली दिसंबर 2023 में कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। इसके बाद वह गुपचुप अपने खेल को आगे बढ़ाती रहीं। उन्होंने आयु वर्ग के कई खिताब जीते और 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2022 में चेन्नई के मल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड में उन्होंने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने टीम को भी कांस्य पदक दिलाने में मदद की। कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना शांत आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्हें इस प्रतियोगिता में कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था लेकिन उन्होंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और सभी धारणाओं को गलत साबित कर दिया।

## तेज गेंदबाजी आक्रमण ने आरसीबी को खतरनाक टीम बना दिया

एजेंसी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच जीतकर इतिहास रच दिया है और इसमें उसके तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों पर हावी रहकर अपनी टीम को जीत दिलाई। आरसीबी ने आईपीएल 2025 में अपने घरेलू मैदान पर तीन मैच हारे थे जो उसके पहले खिताब के शानदार सफर में उसके लिए एकमात्र निराशाजनक पहलू रहा। इस सत्र की शुरुआत से पहले आरसीबी का चिन्नास्वामी स्टेडियम में 96 मैचों में 46 हार और 45 जीत का रिकॉर्ड था, जबकि मुंबई इंडियंस या सीएसके के घरेलू मैदान आमतौर पर उनके गढ़ होते हैं। बदलाव का पहला संकेत 28 मार्च को मिला जब जैकब डफी ने तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। जोश हेज़लवुड की शुरुआती मैचों में अनुपस्थिति में उन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद डफी ने कहा था, ''मैं तो बस उस दिग्गज खिलाड़ी की जगह संभाल रहा हूं। जोश ने पिछले साल यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए बात बस इतनी थी कि उसने जो अच्छा किया था, उसे मैं आगे बढ़ाते हुए अपने तरीके से वैसा ही प्रदर्शन करने की कोशिश करूं।'' हेजलवुड ने वापसी करने के बाद अपना जलवा दिखाया और लखनऊ की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। इसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह जानते हैं कि उन्हें किस तरह की गेंदबाजी करनी है। उन्होंने कहा, ''मेरे पास बुमराह या अन्य गेंदबाजों की तरह धीमी गेंद करने का कौशल नहीं है।

## सेबी ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर गैर-लाभकारी इकाइयों के लिए पंजीकरण वैधता अवधि बढ़ाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने गैर-लाभकारी इकाइयों के लिए सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकरण वैधता अवधि बढ़ा दी है। इन इकाइयों को बिना कोई कोष जुटाये तीन साल के लिए गैर-सरकारी संगठन के रूप में पंजीकरण की अनुमति दी गयी है। साथ ही शून्य ब्याज शून्य मूलधन (जेडसीजेडपी) वाला बॉन्ड जारी करने के लिए न्यूनतम बोली आवश्यकता को कम कर दिया गया है। शून्य ब्याज शून्य मूलधन उत्पाद की संरचना बॉन्ड के समान होती है। एक पारंपरिक बॉन्ड में, जारीकर्ता को परिपक्वता पर ब्याज और मूलधन का भुगतान करना होता है। हालांकि, चूंकि जेडसीजेडपी उत्पाद ऋण के बजाय दान मांगने वाले संगठनों द्वारा जारी किए जाते हैं, इसलिए जारीकर्ता को इकाइयों को ब्याज (शून्य कूपन) या मूलधन (शून्य मूलधन) वापस करने की आवश्यकता नहीं होती है। सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा कि इन कदमों का उद्देश्य सोशल स्टॉक एक्सचेंज को बढ़ावा देना, पूंजी जुटाने में सुगमता प्रदान करना और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वैधता अवधि को मौजूदा के दो साल से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दिया है। इस दौरान गैर-लाभकारी संगठन कोष जुटाए बिना शेयर बाजार में पंजीकृत रह सकते हैं। सेबी ने गैर-लाभकारी संगठनों के समक्ष आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया है। इन चुनौतियों में वैधानिक और नियामकीय मंजूरी में देरी शामिल है। नियामक ने कहा, '' एक गैर-लाभकारी संगठन सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकरण करा सकता है और पंजीकरण की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए इसके माध्यम से कोष नहीं जुटाने पर उसे छूट है। इस दो वर्ष की अवधि को एक अतिरिक्त वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, यह शेयर बाजार की मंजूरी पर निर्भर करेगा। इसके अतिरिक्त, नियामक ने गैर-लाभकारी संगठनों के लिए कोष जुटाने में लचीलापन बढ़ाने के लिए शून्य ब्याज शून्य मूलधन उत्पादों के लिए न्यूनतम बोली आवश्यकता को 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। सेबी ने कहा कि यह छूट केवल उन परियोजनाओं पर लागू होगी जहां लागत और परिणाम स्पष्ट रूप से प्रति इकाई आधार पर लागू किए जा सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि आंशिक बोली या अभिदान से परियोजना के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ऐसे मामलों में, एसएसई को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित जांच-पड़ताल करनी होगी कि कम बोली सीमा पर जुटाई गई राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सार्थक रूप से किया जा सके। नियामक ने यह भी कहा कि यदि न्यूनतम बोली आवश्यकता पूरी नहीं होती है तो निवेशकों को राशि वापस कर दी जाएगी। सेबी ने कहा, ''न्यूनतम बोली राशि जेडसीजेडपी जारी करके जुटाई जाने वाली राशि का 75 प्रतिशत होनी चाहिए। न्यूनतम बोली राशि 50 प्रतिशत होगी यदि जुटाई गई राशि का उपयोग इस प्रकार किया जा सके कि वह जारी करने के समय घोषित उद्देश्य के अनुरूप हो ताकि परियोजना का क्रियान्वयन व्यावहारिक और सार्थक बना रहे। परिपत्र के अनुसार, ''इसके लिए, एसएसई इस तरह के आंशिक कोष जुटाने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने से पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित जांच-पड़ताल करेगा कि जुटायी गयी राशि का उपयोग सार्थक तरीके से किया जा सकता है। इसमें कोष जुटाने के दस्तावेज में उल्लेखित बोली परिदृश्यों को ध्यान में रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेबी निदेशक मंडल ने मार्च में खुदरा भागीदारी बढ़ाने और एसएसई में गैर-लाभकारी संगठनों के लिए कोष जुटाने को आसान बनाने के उद्देश्य से, सामाजिक प्रभाव कोष में व्यक्तिगत निवेशकों द्वारा आवश्यक न्यूनतम निवेश को मौजूदा दो लाख रुपये से घटाकर 1,000 रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## सिग्नेचर ग्लोबल का गुरुग्राम में लक्जरी आवास परियोजना के लिए टोनिनो लैम्बोर्गिनी के साथ करार

एजेंसी

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए इटली के लाइफस्टाइल ब्रांड टोनिनो लैम्बोर्गिनी के साथ साझेदारी की है। इस परियोजना में करीब 2,900 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, '' 'टोनिनो लैम्बोर्गिनी रेजिडेंसेज गुरुग्राम' नामक यह आगामी ब्रांडेड आवासीय परियोजना सेक्टर 71 में 12.40 एकड़ में फैली होगी जिसमें 812 लक्जरी फ्लैट शामिल होंगे। इस साझेदारी के साथ टोनिनो लैम्बोर्गिनी भारत के आवासीय रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश कर रही है। सिग्नेचर ग्लोबल ने बताया कि परियोजना की अनुमानित लागत 2,890.97 करोड़ रुपये है। कंपनी ने इटली के ब्रांड के साथ ''लाइसेंस करार'' किया है। टोनिनो लैम्बोर्गिनी के साथ वाणिज्यिक शर्तों पर सिग्नेचर ग्लोबल ने कहा कि इसमें एक निश्चित शुल्क शामिल होगा जिसका किस्तों में भुगतान किया जाएगा और यदि कुल राजस्व एक निर्धारित सीमा से अधिक होता है तो अतिरिक्त शुल्क भी देना होगा। सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, '' हमारा दृष्टिकोण हमेशा भारत में शहरी जीवन के मानकों को पुनर्परिभाषित करने का रहा है जिसमें विश्वस्तरीय नवाचार को अपने देश में लाया जाए। टोनिनो लैम्बोर्गिनी जैसे वैश्विक ब्रांड के साथ साझेदारी करके हम केवल अपार्टमेंट नहीं बना रहे हैं बल्कि एक नई जीवनशैली तैयार कर रहे हैं। टोनिनो लैम्बोर्गिनी एस.पी.ए. के संस्थापक एवं अध्यक्ष टोनिनो लैम्बोर्गिनी ने कहा कि इस परियोजना के साथ कंपनी ने भारत के ब्रांडेड रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश किया है।

## सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,420 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज शुरुआती कारोबार के दौरान 11,800 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी आज फिजिकल गोल्ड 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,820.45 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह चांदी भी आज 78.61 डॉलर प्रति औंस की कीमत पर बिक रहा है। घरेलू सर्राफा बाजार में कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,56,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज



1,42,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आई तेजी के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,70,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,510 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अनिल अंबानी को 'सुप्रीम' राहत नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इनकार कर दिया है जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी।

यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसंबर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने टिप्पणी की कि बॉम्बे उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का आदेश उस मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा जिसका फैसला होना बाकी है और उच्च न्यायालय से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया। न्यायालय ने टिप्पणी



करते हुए कहा, ''एकल पीठ के आदेश के अनुसार, डिवीजन बेंच का आदेश लंबित मुकदमे के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगा। हम बॉम्बे उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि दीवानी मुकदमे का निपटारा शीघ्रता से किया जाए। इसमें आगे कहा गया, ''अगर याचिकाकर्ता के पास कानून के तहत कोई अन्य उपाय उपलब्ध है तो वह उसका लाभ उठाने के लिए स्वतंत्र होगा। याचिकाकर्ता द्वारा बैंकों के साथ समझौता करने की इच्छा व्यक्त करने पर, हम कोई राय व्यक्त नहीं करते हैं। अनिल अंबानी पर संकट के बादल छाए हुए हैं क्योंकि हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने उनके दो करीबी सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को, ईडी ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) के पूर्व वरिष्ठ कार्यकारी अमिताभ झुनझुनवाला को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) जैसी समूह संस्थाओं से जुड़े कथित बैंकिंग धोखाधड़ी से संबंधित चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया। ईडी ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी और मुख्य परिचालन अधिकारी अमित बापन्ना को भी गिरफ्तार किया जिन्होंने 2008 से 2020 के बीच इस पद पर कार्य किया था। बाद में, कंपनी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक बयान में कहा, ''अमिताभ झुनझुनवाला ने सितंबर 2019 में समूह छोड़ दिया था। उसके बाद उनका समूह से कोई संबंध नहीं रहा, जिसमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने रिलायंस समूह के समूह प्रबंध निदेशक, साथ ही रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के उपाध्यक्ष और निदेशक के रूप में कार्य किया। बयान में आगे कहा गया, ''अमित बापन्ना ने दिसंबर 2019 में रिलायंस समूह छोड़ दिया था। उसके बाद उनका समूह से कोई संबंध नहीं रहा, जिसमें रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड भी शामिल हैं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के निदेशक के रूप में कार्य किया।''

## सुप्रीम कोर्ट: चुनाव के दौरान बंगाल के अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें चुनाव की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच वह चुनाव आयोग के इन फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि चुनावों के दौरान ऐसे तबादले सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं और यह कई राज्यों में होते हैं। न्यायालय ने इस दावे पर भी विचार किया कि पश्चिम बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। चुनाव आयोग के राष्ट्रव्यापी आंकड़ों की जांच करने के बाद न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि यह आरोप तथ्यात्मक रूप से गलत है, क्योंकि आंकड़ों से पता चला कि अन्य राज्यों में स्थानांतरित किए गए अधिकारियों की संख्या पश्चिम बंगाल में स्थानांतरित अधिकारियों की संख्या से कहीं अधिक थी।

# साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़

## बैंक कर्मचारी सहित 3 गिरफ्तार, चीनी लिंक का खुलासा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन साइबर हॉक' के तहत एक बड़े साइबर धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए एक बैंक कर्मचारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह रैकेट 'म्यूल बैंक खातों' के जरिए संचालित होता था। म्यूल खाते, ऐसे खाते होते हैं जिन्हें अपराधी फर्जी ढंग से खुलवाते हैं और ठगी की रकम उसमें रखते हैं। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) राजीव कुमार ने बताया कि यह मामला एक ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत के बाद प्रकाश में आया, जिसमें एक पीड़ित के खाते से 10,000 रुपये निकाले गए थे। जांच के दौरान मयूर विहार स्थित एक निजी बैंक शाखा में एक संदिग्ध म्यूल खाते की पहचान हुई। यह खाता साइबर धोखाधड़ी की कई अन्य शिकायतों से भी जुड़ा पाया गया। पुलिस टीम ने केवाईसी दस्तावेजों और लेनदेन के पैटर्न का बारीकी से विश्लेषण करने के बाद सबसे पहले खाताधारक शौकीन को पकड़ा। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने अपने भतीजे शाहरुख उर्फ जोजो के कहने पर यह खाता खोला था। इसके बाद शाहरूख को गिरफ्तार किया गया, जिसने बैंक कर्मचारी की संलिप्तता का खुलासा किया।

पुलिस ने इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक शाखा के रिलेशनशिप मैनेजर फ्रांशु कुमार को गिरफ्तार किया। तकनीकी साक्ष्यों से पुष्टि हुई कि वह धन के बदले म्यूल खाते खुलवाने में मदद करता था। फॉरेंसिक जांच से पता चला कि यह सिंडिकेट टेलीग्राम एप से विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था। म्यूल खातों का विवरण विदेशी ऑपरेटरों के साथ साझा किया जाता था।

# हरिवंश का फिर से राज्यसभा का उप सभापति चुना जाना तय

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य श्री हरिवंश का उच्च सदन के उप सभापति के पद पर निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि इस चुनाव के लिए नामांकन की समय सीमा समाप्त हो चुकी है और विपक्ष की ओर से किसी ने नामांकन नहीं किया है।

श्री हरिवंश ने उच्च सदन के उप सभापति के लिए शुक्रवार को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन किया है और उनके नामांकन के समर्थन में पांच प्रस्ताव दिये गये हैं। चुनाव के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि गुरुवार को दोपहर बारह बजे तक थी।

इस बीच कंग्रेस नेता जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर संसदीय परंपराओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षी दलों ने राज्यसभा के उपसभापति पद के लिए होने वाले चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

सूत्रों के अनुसार निर्धारित समय तक विपक्ष की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है इसलिए श्री हरिवंश का उपसभापति चुना जाना तय है। इस तरह श्री हरिवंश लगातार तीसरी बार उप सभापति चुने जायेंगे। उनका सदस्य के रूप में दूसरा कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा उन्हें उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया था। सूत्रों ने कहा है कि श्री हरिवंश के समर्थन में प्रस्ताव सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों ने दिये हैं। श्री नड्डा के प्रस्ताव का भाजपा सदस्य एस. फंगनोन कोन्याक ने समर्थन किया है। इसके अलावा अन्य प्रस्तावकों में नितिन नवीन, समर्थनकर्ता बृज लाल, निर्मला सीतारमण, समर्थनकर्ता सुरेंद्र सिंह नागर, संजय कुमार झा, समर्थनकर्ता उपेंद्र कुशवाहा, और जयंत चौधरी, समर्थनकर्ता मिलिंद मुरली देवड़ा शामिल हैं।

इन सभी प्रस्तावों में कहा गया है ''श्री हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति चुना जाए। स्थापित परंपरा के अनुसार ये प्रस्ताव शुक्रवार को सदन में एक-एक कर प्रस्तुत किए जाएंगे। यदि कोई एक प्रस्ताव सदन द्वारा पारित हो जाता है, तो शेष प्रस्ताव निरर्थक हो जाएंगे और उन पर मतदान नहीं कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह संभावना जतायी जा रही है कि पहला प्रस्ताव जिसे श्री नड्डा द्वारा प्रस्तुत और श्रीमती कोन्याक द्वारा समर्थित किया जाएगा, सदन द्वारा ध्वनि मत से पारित हो जायेगा।

# रक्षा, व्यापार, शिक्षा और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ बनायेंगे भारत और ऑस्ट्रिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रिया ने द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देते हुए रक्षा, व्यापार, शिक्षा और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को यहां कई समझौतों और घोषणाओं पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर आये ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के बीच वार्ता के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये।

विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों देशों ने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए, एक फास्ट ट्रैक तंत्र की घोषणा की, जो कंपनियों और निवेशकों की समस्याओं का समाधान करेगा और व्यापार सुगमता को बढ़ाएगा। दोनों के बीच रणनीतिक क्षेत्र में, सैन्य सहयोग पर आशय पत्र रक्षा साझेदारी, नीतिगत संवाद, प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित



करता है। एक अन्य आशय पत्र आतंकवाद-रोधी सहयोग पर केंद्रित है, जिसमें आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वय बढ़ाने हेतु संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की योजना शामिल है। ऑस्ट्रियाई स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा एजेंसी (एजीईएस) और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के बीच समझौता खाद्य सुरक्षा मानकों, वैज्ञानिक आदान-प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को मजबूत करेगा, जिससे कृषि और खाद्य उत्पादों के सुरक्षित व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कौशल विकास और कार्यबल गतिशीलता को भी प्राथमिकता दी गई है, जिसके तहत व्यावसायिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता में सहयोग बढ़ाया जाएगा। ऑडियो विजुअल सह-निर्माण पर एक महत्वपूर्ण समझौते से दोनों देशों के बीच संयुक्त फिल्म निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा दोनों पक्षों ने इस अवसर पर अनेक घोषणाएं भी की। इनमें दोनों देशों ने सड़क अवसंरचना क्षेत्र में सहयोग का नवीनीकरण किया, जिसमें स्मार्ट परिवहन प्रणाली, सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत-ऑस्ट्रिया स्टार्टअप ब्रिज के तहत स्टार्टअप सहयोग को बढ़ाया जाएगा, जबकि एक संस्थागत साइबर सुरक्षा संवाद भी शुरू किया गया है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रशिक्षण में साझेदारी, इस वर्ष वियना में द्विपक्षीय अंतरिक्ष उद्योग संगोष्ठी के आयोजन और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम का संचालन दोनों देशों के बीच लोगों के स्तर पर और रणनीतिक संपर्क को दर्शाता है। उच्च प्रौद्योगिकी सहयोग को दोनों देशों के बीच साझेदारी का प्रमुख आधार माना गया है, जिसके तहत पदार्थ विज्ञान, क्वांटम प्रौद्योगिकी, मशीन लर्निंग और पर्यावरणीय समाधान जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

## मोदी और मैक्रों ने होरमुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता पर बात की

**नयी दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के विफल होने के बाद होरमुज जलडमरूमध्य को समुद्री जहाजों के लिए खोले जाने के लिए अलग-अलग स्तर पर किये जा रहे प्रयासों के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। इससे कुछ दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी श्री मोदी के साथ पश्चिम एशिया और होरमुज जलडमरूमध्य के बारे में बात की थी। श्री मोदी ने श्री मैक्रों के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा , '' मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का फोन आया। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की और होरमुज़ जलडमरूमध्य में सुरक्षा तथा नौवहन की स्वतंत्रता को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। हम क्षेत्र और उससे आगे शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपना घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे।''उल्लेखनीय है कि ईरान के साथ शांति वार्ता विफल होने के बाद से अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है जिससे कि इन बंदरगाहों पर समुद्री जहाजों का आवागमन न हो सके। अमेरिका का कहना है कि उसने यह कदम होरमुज जलडमरूमध्य को सभी के लिए खोलने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य से समुद्री जहाजों के आवागमन को बाधित किया हुआ है जिससे दुनिया भर में ऊर्ज़ा आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## एलपीजी की जमाखोरी के खिलाफ देश भर में 2500 छापे, 63 वितरक निलंबित

नयी दिल्ली। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बीच रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा एलपीजी की जमाखोरी और काला बाज़ारी के खिलाफ तेजी तथा मजबूती के साथ अभियान चलाया जा रहा है और बुधवार को देश भर में 2500 से अधिक छापे मारे गये। पश्चिम एशिया संकट के बारे में जानकारी देने के लिए गुरुवार को आयोजित अंतर मंत्रालय ब्रीफिंग में वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि खान मंत्रालय कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाओं से निपटने के लिए निरंतर कदम उठा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को देशभर में 2,500 से अधिक छापे मारे गए, जबकि तेल विपणन कंपनियों ने 238 एलपीजी वितरकों पर दंड लगाया और अनियमितताओं के कारण 63 को निलंबित किया। खान मंत्रालय ने बताया कि मंत्रालय ने हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत की है और अप्रैल के प्रारंभ में एल्युमिनियम उत्पादकों, तांबा उद्योग प्रतिनिधियों और प्रमुख उद्योग संगठनों जैसे एफआईएमआई, फिक्की, सीआईआई, पीएचडीसीसीआई और एसोचैम के साथ तीन महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों से प्राप्त सुझावों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ साझा किया गया है। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि धातु सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों को एलपीजी आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जोर दिया कि होरमुज़ जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों के बावजूद पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों को घबराहट में खरीदारी न करने, आधिकारिक माध्यमों पर भरोसा रखने, ऊर्ज़ा की बचत करने और पीएनजी तथा विद्युत आधारित खाना पकाने जैसे वैकल्पिक ईंधनों को अपनाने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति बनाए रखी गई है, जबकि व्यावसायिक एलपीजी को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, औषधि, इस्पात, ऑटोमोबाइल और कृषि जैसे आवश्यक क्षेत्रों को प्राथमिकता के साथ आवंटित किया जा रहा है। सरकार ने रिफाइनरी उत्पादन बढ़ाया है, एलपीजी बुकिंग अंतराल को संतुलित किया है और मांग के दबाव को कम करने के लिए केरोसीन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराए हैं।

# पेज एक का शेष

### सदन में परिसीमन...

को लेकर आई थी तो कंग्रेस ने विधेयक का समर्थन किया था और आज भी इस विधेयक की पक्ष में डटकर खड़ी है लेकिन सच यह है कि आज की चर्चा दरअसल महिला आरक्षण पर नहीं है। सरकार जो विधेयक लेकर आई है उसका स्वरूप ही बदला गया है। विधेयक में राजनीति की 'बू' पूरी तरह से घुली हुई है। सवाल है कि सरकार इस विधेयक पर जल्दबाजी क्यों कर रही है। सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर आगे बढ़ रही है और परिसीमन करवा रही है क्योंकि सरकार कमजोर वर्गों को लाभ नहीं देना चाहती है। कंग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री घबरा रहे हैं इसलिए ओबीसी को जातिगणना में शामिल नहीं कर उनके हक को कम करना चाहती है। उनका कहना था कि सरकार किसी भी वर्ग के हक को कम नहीं कर सकती है। उनका कहना था कि महिलाओं की भागीदारी किस तरह की होगी इसका कहीं भी विधेयक में जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रक्रिया को ना करना चाहती है और अपने राजनीतिक फायदे के लिए नई सीमाएं निर्धारित करना चाहती है और उसी तरह का षड्यंत्र इस विधेयक के जरिए भी किया जा रहा है। उनका कहना था कि इस विधेयक में परिसीमन आयोग के तीन लोग ही देश की 140 करोड लोगों के भाग्य का फैसला करेंगे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार एक तरफ महिला आरक्षण विधेयक ला रही है तो दूसरी तरफ ओबीसी का हक मार रही है और राज्यों के अधिकारों को कम किया जा रहा है। विधेयक समय पर सदस्यों को नहीं दिया गया ताकि इस पर ठोस चर्चा नहीं कर सके। उनका कहना था कि सत्ता बनाए रखने के लिए लोगों के साथ अन्याय करना अनुचित है। सरकार लगातार जाति जनगणना जैसे मुद्दे को नकार रही है। उनका कहना था कि सरकार यदि सच पर चलकर काम करना चाहती है तो वर्तमान लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं को आरक्षण दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को देश की महिलाओं को उनका हक देना चाहिए और ईमानदारी से उनके हितों के लिए और पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। इस बीच अमित शाह ने परिसीमन के बाद संभावित सीटों में वृद्धि के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ेगी, जिससे प्रतिनिधित्व और मजबूत होगा। अखिलेश यादव ने भाजपा की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि 21 राज्यों में सरकार होने के बावजूद भाजपा यह बताए कि कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने संगठन में ही महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दे पा रही है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों का भी मुद्दा उठाया और कहा कि वोट कटवाने के लिए संदिग्ध तरीकों का इस्तेमाल किया गया, जिस पर कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि असली मुद्दा जातीय जनगणना है, जिसे भाजपा टालना चाहती है। उनके मुताबिक, यदि जातीय आंकड़े सामने आते हैं तो आरक्षण की मांग और मजबूत होगी, इसलिए महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना से जोड़कर लागू करने में देरी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा आरक्षण देने की नहीं, बल्कि उसे टालने की है। संसद का यह विशेष सत्र पहले ही दिन तीखी राजनीतिक टकराहट का केंद्र बन गया है, जहां महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सरकार और विपक्ष आमने-सामने नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में इस बहस के और तेज होने के आसार हैं।

### मतदान से दो दिन...

की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पहले चरण के लिए एक पूरक मतदाता सूची 21 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसी आधार पर उनके कार्यकर्ता रात तक फॉर्म भरकर यह सुनिश्चित करेंगे कि योग्य लोग मतदान से वंचित न रहें। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि दूसरे चरण के चुनाव के लिए 27 अप्रैल को एक और पूरक सूची जारी की जाएगी, जिसके आधार पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस फैसले से बेहद संतुष्ट और गौरवान्वित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने स्वयं इस मामले में लड़ाई लड़ी और आज आए फैसले से वह बेहद खुश हैं। उनके अनुसार, आज वह सबसे अधिक प्रसन्न हैं क्योंकि यह निर्णय लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य ...

याचिकाकर्ता के वकील ने सुझाव दिया था कि अदालत चुनाव आयोग को अनिवार्य मतदान के लिए दिशानिर्देश बनाने और बिना वैध कारण वोट न देने वालों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दे। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि मताधिकार के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, लेकिन हम इसके लिए मजबूर नहीं कर सकते। न्यायालय ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उठाए गए मुद्दे नीतिगत दायरे में आते हैं और इन पर उचित विधायी और कार्यकारी अधिकारियों (संसद और सरकार) द्वारा विचार किया जाना ही सबसे बेहतर है। पीठ ने दोहराया कि मतदान एक संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक कर्तव्य है, लेकिन इसे किसी पर थोपा नहीं जा सकता।

### शिक्षा चयन आयोग...

से अपील की है कि वे परीक्षा पूरी ईमानदारी और नियमों के तहत दें। साथ ही, किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना से दूर रहें। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही उनका अधिकार मिल सके।

### 66 गिरफ्तारियों में...

श्रमिक नहीं थे, बल्कि बाहर से आए तत्व थे, जिनका उद्देश्य औद्योगिक माहौल को अस्थिर करना था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन ने तत्काल सख्त कदम उठाए। पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में हालात पर काबू पा लिया गया। इसके साथ ही श्रमिकों के हित में वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद मजदूरों और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित हुआ, जिससे औद्योगिक गतिविधियां तेजी से सामान्य हो गईं। वर्तमान में नोएडा के अधिकांश औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस घटनाक्रम के बाद राज्य सरकार ने यह भी दोहराया है कि वह एक ओर श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील है, वहीं दूसरी ओर औद्योगिक माहौल को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### ईरान ने युद्ध खत्म...

प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।'' अमेरिका का संदेश लेकर पाकिस्तान का यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान में ईरानी अधिकारियों से बातचीत कर रहा है, ताकि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का नया दौर शुरू किया जा सके और पश्चिम एशिया में लगभग सात सप्ताह से जारी तनाव को कम किया जा सके। सात अप्रैल से लागू दो सप्ताह का अस्थायी युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य अमेरिकी संदेश ईरानी नेतृत्व तक पहुंचाना और वार्ता के अगले दौर की रूपरेखा तैयार करना है। इससे पूर्व, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने पुष्टि की थी कि तेहरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करेगा और अमेरिका तथा ईरान के बीच अप्रत्यक्ष संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी है और ''अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार'' होने की बात कही है। ईरान की सेना ने इस नाकेबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। बुधवार तक इस नाकेबंदी के कारण नौ जहाजों को वापस लौटाया जा चुका है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दोल्लाही ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के जरिए व्यापार को बाधित करने की कार्रवाई कर सकता है। वार्ता में मुख्य विवादित मुद्दों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर नियंत्रण और युद्ध से हुए नुकसान का मुआवजा शामिल हैं। श्री वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए श्री वांग ने कहा, ''इस जलडमरूमध्य से सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं।'' श्री वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया, ''उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।'' गौरतलब है कि इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद वाशिंगटन द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी लगाए जाने के कारण होर्मुज के रास्ते होने वाला नौवहन बाधित है। होर्मुज जलडमरूमध्य सामान्यतः वैश्विक समुद्री तेल प्रवाह का एक बड़ा हिस्सा संभालता है लेकिन 28 फरवरी को शुरू हुए ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल युद्ध से उत्पन्न नवीनतम ऊर्ज़ा संकट के केंद्र में वह बना हुआ है। तेहरान ने इसके जवाबी कार्रवाई में इजरायल और उन अन्य क्षेत्रीय देशों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने या संपत्तियां मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर ने जैसा कि कहा कि अमेरिकी सेनाओं ने ईरान से और ईरान को होने वाले समुद्री व्यापार को पूरी तरह से रोक दिया है। नाकेबंदी के पहले 48 घंटों के दौरान इस क्षेत्र से कोई भी जहाज नहीं गुजरा है। कमांड ने बताया कि 10 जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों या तटीय जलक्षेत्रों की ओर वापस लौटने के आदेशों का पालन किया है। यह नाकेबंदी ईरान के तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करने या वहां से बाहर निकलने वाले सभी देशों के जहाजों पर समान रूप से लागू होती है, जबकि ईरानी बंदरगाहों से दूर रहने वाले जहाजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है। यह उम्मीद की जा रही है कि इस नाकेबंदी से ईरान की अर्थव्यवस्था पर काफी दबाव पड़ेगा। इस बीच इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर तेहरान द्वारा पहले से लगाई गई पाबंदियों के कारण वैश्विक ऊर्ज़ा कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है।

### भाजपा सरकार बनी...

अराजकता, माफियाराज को भाजपा समाप्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर माफिया की हड्डी-पसली ठीक कर देता है। माफिया की संपत्ति लेकर गरीबों व जनजातीय वर्ग के लिए आवास बनते हैं। यूपी में न कर्फ्यू है न दंगा है, वहां सब चंगा है। ममता दीदी को जयश्री राम नाम से नफरत है। वह दुर्गा पूजा नहीं होने देतीं। हिंदुओं के त्योहारों पर कर्फ्यू जैसा माहौल बना देती हैं। मुर्शिदाबाद में सरकार गुंडों-उपद्रवियों के साथ खड़ी थी। यहां दुर्गा पूजा व विसर्जन पर प्रतिबंध लग जाता है। कोलकाता हाईकोर्ट ने तृणमूल कंग्रेस सरकार से कहा था कि दुर्गापूजा में सुरक्षा नहीं दे पा रही हो। यूपी से बुलडोजर मंगा लो, इन गुंडों का उपचार वही कर सकता है।

# दिल्ली के चार आईटीआई में हाईटेक लैब की शुरुआत जल्द : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए व्यापक पहल की घोषणा की है। कौशल विकास के क्षेत्र की इस पहल के तहत राजधानी की चार आईटीआई में नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी और मौजूदा लैब्स को आधुनिक बनाया जाएगा ताकि प्रशिक्षण पूरी तरह वर्तमान उद्योग मानकों और जरूरतों के अनुरूप हो सके। साथ ही रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को जारी की गई जानकारी में बताया है कि आईटीआई जहांगीरपुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिकल और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स के संचालन, खराबी की पहचान और रखरखाव का व्यापक व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इस लैब से इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स (एमएईई), सोलर टेक्नीशियन, फिटर, मैकेनिक रेफ्रीजरेशन ऐंड एयर कंडीशनिंग (एमआरएसी) और मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में




कुल 480 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार आईटीआई जेल रोड (हरिनगर) में वेल्डर लैब का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस लैब में उन्नत वेल्डिंग मशीनें, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं और आधुनिक फैब्रिकेशन टूल्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक वेल्डिंग प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। अपग्रेडेड लैब में आर्क वेल्डिंग (पारंपरिक विद्युत वेल्डिंग), एमआईजी/टीआईजी वेल्डिंग (गैस आधारित उच्च गुणवत्ता वेल्डिंग), गैस कटिंग, प्लाज्मा कटिंग, वेल्डिंग सिमुलेटर और मेटल फैब्रिकेशन वर्कस्टेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल न केवल स्किल डेवलपमेंट को मजबूत करेगी, बल्कि प्रशिक्षण को वर्तमान मैन्युफैक्चरिंग और फैब्रिकेशन उद्योग मानकों के अनुरूप बनाते हुए इस सुविधा को एक उन्नत वेल्डिंग प्रशिक्षण केंद्र में परिवर्तित करेगी। उन्होंने कहा कि इस लैब से वेल्डर, फिटर, टर्नर (धातु को मशीन द्वारा आकार देने वाला विशेषज्ञ), मैकेनिक मोटर वाहन और शीट मेटल वर्कर (शीट धातु कार्य विशेषज्ञ) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 200 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईटीआई अरब की सराय (निजामुद्दीन) में ऑटोमोटिव सेक्टर की लैब्स को आधुनिक तकनीकों के साथ अपग्रेड किया जाएगा। यहां उच्च स्तरीय वर्चुअल रियलिटी (वीआर) सिमुलेटर के माध्यम से ड्राइविंग, वेल्डिंग और पेंटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम), एयरबैग सिस्टम जैसी उन्नत वाहन तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल स्थापित किए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वाहन प्रणालियों की जांच और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। यह पहल संस्थान को एक अत्याधुनिक, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में परिवर्तित करेगी। साथ ही पाठ्यक्रम को वर्तमान उद्योग मानकों के अनुरूप बनाएगी और प्रशिक्षुओं की समग्र रोजगार क्षमता को बढ़ाएगी। इस लैब से मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग (एमएबीपी), मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर (एमएबीआर) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 208 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी।

## मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी में मत्था टेका राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब पहुंचे। मुख्यमंत्री ने तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि गुरू की प्रेरणा से देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। नीतीश कुमार ने बिहार का लंबे समय तक नेतृत्व करते हुये राज्य को आगे बढ़ाया है। हमलोगों ने बेहतर तरीके से 350वां प्रकाश पर्व मनाया है। यहां की संरचना को काफी बेहतर किया गया है। श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज की पूरे प्रदेश पर कृपा बनी रहे। राज्य समृद्ध हो, देश विकसित हो, यही हमारी कामना है। इस अवसर पर विधायक डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्यगण, सेवादार एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## विश्व के सबसे ऊंचे शिवालय 'तुंगनाथ धाम' बना आकर्षण का केंद्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देवभूमि में समुद्र तल से 3680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ का धाम दुनिया में सबसे ऊंचा शिशालय है। यह इन दिनों देश-दुनिया के श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंचकेदारों में तृतीय स्थान रखने वाला यह मंदिर न केवल अपनी प्राचीनता बल्कि अपनी अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए भी विश्व विख्यात है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत युद्ध के पश्चात आत्मग्लानि से मुक्ति और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पांडवों ने इसी स्थान पर कठोर तपस्या की थी। यहां भगवान शिव की बाहुओं (भुजाओं) की पूजा की जाती है। पत्थरों की अद्भुत स्थापत्य शैली से निर्मित इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि इसका जीर्णोद्धार आदि गुरु शंकराचार्य ने किया था। मंदिर के गर्भगृह में विराजमान स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही श्रद्धालु असीम शांति का अनुभव करते हैं। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में भक्त कठिन चढ़ाई पार कर बाबा तुंगनाथ के दरबार में पहुंच रहे हैं, जिससे पूरी घाटी शिव के जयकारों से गुंजायमान है। तुंगनाथ घाटी का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों अपने पूरे यौवन पर है। चारों ओर फैले हरे-भरे मखमली बुग्याल और उनमें खिले दुर्लभ प्रजाति के रंग-बिरंगे फूल किसी स्वर्गिक अनुभूति से कम नहीं हैं। घाटी की शीतल हवाएं और हिमालय की बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। तुंगनाथ मंदिर से लगभग 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित चंद्रशिला शिखर ट्रैकिंग के शौकीनों की पहली पसंद बना हुआ है। धार्मिक मान्यता है कि लंका विजय के पश्चात भगवान श्रीराम ने यहां एकांत में तपस्या की थी। यहा से चौखम्भा, नंदा देवी, त्रिशूल और केदारनाथ जैसी पर्वत श्रृंखलाओं के 360-डिग्री दर्शन होते हैं। विशेषकर सूर्योदय और सूर्यास्त के समय जब सूरज की किरणें चोटियों को स्वर्ण आभा से नहलाती हैं, तो वह दृश्य अविस्मरणीय होता है। क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक लम्बोदर प्रसाद मैठाणी का कहना है कि तुंगनाथ धाम, तुंगनाथ घाटी और चंद्रशिला का यह त्रिकोणीय संगम धार्मिक आस्था, प्राकृतिक वैभव और साहसिक पर्यटन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह स्थान न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि फोटोग्राफी और जैव विविधता के प्रेमियों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है। तुंगनाथ धाम मंदिर के प्रबंधक बलवीर नेगी के अनुसार बैसाखी के पावन पर्व पर शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ में पंचांग गणना के अनुसार तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि विधिवत घोषित कर दी गई है। 20 अप्रैल बाबा तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली मक्कूमठ से रवाना होकर रात्रि प्रवास के लिए भूतनाथ मंदिर पहुंचेगी। 21 अप्रैल डोली भूतनाथ मंदिर से प्रस्थान कर अंतिम रात्रि प्रवास के लिए'चोपता पहुंचेगी। 22 अप्रैल को प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार और ऋचाओं के बीच तुंगनाथ धाम के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे।

## उपराज्यपाल ने की अग्निशमन सेवा के कामकाज ग्रीष्मकालीन कार्य योजना की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को दिल्ली अग्निशमन सेवा के कामकाज और ग्रीष्मकालीन कार्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और कर्मियों की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि दिल्ली की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 में प्रस्तावित संशोधनों की जांच करते समय, निवासियों, व्यापारियों और कारोबारियों के साथ व्यापक परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ढांचा समावेशी, व्यावहारिक और प्रभावी हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के



अनुरूप, प्रत्येक नियामक ढांचे को 'जीवन की सुगमता' और 'व्यापार करने की सुगमता' को बढ़ावा देना चाहिए - नागरिकों के लिए अनावश्यक बाधाएं पैदा किए बिना मजबूत अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहिए। उपराज्यपाल ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभाग की ग्रीष्मकालीन कार्य योजना की भी समीक्षा की गई और कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, नागरिकों को निवारक उपायों, नियामक सुरक्षा उपायों और प्रभावी आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए एक व्यापक जन जागरूकता अभियान के महत्व पर बल दिया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान उपराज्यपाल ने आज दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के साथ ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। कर्तव्य की राह में अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की जान बचाना, यही सच्ची बहादुरी है। उपराज्यपाल ने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का मूल मंत्र ''हम सेवा करते हैं, बचाने के लिए'' को दोहराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस वर्ष का विषय इस बात की सशक्त याद दिलाता है कि अग्नि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर एक सुरक्षित दिल्ली का निर्माण और हमारे मौन नायकों को सलाम करें।

## अमृतसर में पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या, 4 बच्चों का छिना सहारा

चंडीगढ़। अमृतसर जिले के गांव भुल्लर में पुरानी रंजिश के चलते बीती देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर गांव के आसपास के ही रहने वाले हैं और उनका संबंध गैंगस्टर गतिविधियों से बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मनजीत सिंह अपनी चिकन शॉप के बाहर कार में बैठे हुए थे। इसी दौरान हमलावर अचानक मौके पर पहुंचे और बिना किसी बातचीत के ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गंभीर रूप से घायल मनजीत सिंह को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिवारिक सदस्य मलकीत सिंह ने बताया कि यह मामला पुरानी दुश्मनी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी आरोपितों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था, लेकिन इसके बावजूद रंजिश खत्म नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने करीब 4 से 5 राउंड फायरिंग की, जिनमें से 3 गोलियां मनजीत सिंह को लगीं।

## फर्जी प्रोफाइल बनाकर 500 से ज्यादा महिलाओं को ठगा, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन डेटिंग और मैट्रिमोनियल ऐप्स के जरिए महिलाओं को निशाना बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान आनंद कुमार (35) के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वह फर्जी पहचान बनाकर महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाता था और बाद में ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठता था। दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गुरुवार को बताया कि आरोपित ने अब तक देशभर में 500 से अधिक महिलाओं को




अपना शिकार बनाया और करीब दो करोड़ रुपये की ठगी व उगाही की। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से 4 स्मार्ट फोन, 8 सिम कार्ड, तीन डेबिट कार्ड के अलावा ठगी के पैसों से खरीदे गए चार सोने के कंगन और पांच सोने की चेन बरामद की गई हैं। आरोपित के खिलाफ पहले भी दिल्ली और गाजियाबाद में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले का खुलासा उस समय हुआ जब एक महिला ने साइबर थाने में शिकायत दी कि 'वैभव अरोड़ा' नाम के एक व्यक्ति ने उससे शादी का झांसा देकर करीब सात लाख रुपये ठग लिए। आरोपित ने पहले डेटिंग ऐप पर महिला से संपर्क किया और खुद को एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बताकर भरोसा जीता। इसके बाद वह इंस्टाग्राम और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत करने लगा। धीरे-धीरे उसने भावनात्मक संबंध बनाकर शादी का वादा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मावां-धीयां सत्कार योजना' के नाम पर राज्य की लाखों महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा : खन्ना

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद ) के हलका इंचार्ज एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने गुरुवार को पंजाब सरकार पर महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि 'मावां-धीयां सत्कार योजना' के नाम पर राज्य की लाखों महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। श्री खन्ना ने अपने बयान में कहा कि आम आदमी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान इस योजना की घोषणा की थी, लेकिन चार साल तक इसे लागू नहीं किया गया। अब 2026 में योजना शुरू करने का ऐलान कर महिलाओं को फिर से भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को पंजीकरण की घोषणा के बाद 15 अप्रैल से योजना शुरू करने की बात कही गई, लेकिन राज्य के 117 विधानसभा क्षेत्रों के बजाय केवल कुछ चुनिंदा हलकों—आदमपुर, मलोट, आनंदपुर साहिब, दिड़बा, सुनाम, मोगा, कोटकपूरा, बटाला और पटियाला—में ही इसकी शुरुआत की गई।

### अकाली नेता की सेक्स रैकेट में गिरफ्तारी से सुखबीर बादल के 'पंजाब बचाओ' ड्रामे की सच्चाई उजागर: बलतेज पन्नू

**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी (आप ) के राज्य मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के आचरण और इतिहास पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी का 'ट्रैक रिकॉर्ड' बेहद चिंताजनक गतिविधियों का संकेत देता है। एक वीडियो संदेश में श्री पन्नू ने कहा, ''वर्ष 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा सरकार के दौरान पंजाब ने जो पीड़ा झेली, वह बहुत व्यापक है। चाहे अवैध ड्रग्स का कारोबार हो, केबल माफिया, बस कारोबार या गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देना—हर क्षेत्र में अकाली नेताओं की सीधी भूमिका साफ नजर आई।

### वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांता चावला ने बेअदबी कानून के प्रावधानों पर गंभीर सवाल उठाए

**अमृतसर।** पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में बेअदबी (धार्मिक ग्रंथों के अपमान) के खिलाफ सख्त कानून पारित किए जाने के बाद पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने इस कानून की व्यावहारिकता, तैयारी और निष्पक्षता को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रो चावला ने गुरुवार को कहा कि 13 अप्रैल को बुलाए गए विशेष सत्र में सरकार ने दावा किया कि बेअदबी के मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। प्रो. चावला ने इस प्रावधान को अव्यावहारिक बताते हुए इसकी आलोचना की।

### दो आईएएस अधिकारियों का तबादला, महेंद्रगढ़ को मिला नया उपायुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए दो भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले किए हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। सरकार के इस फैसले को प्रशासनिक कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जारी आदेशों के अनुसार, महेंद्रगढ़ (नारनौल) के उपायुक्त मनोज कुमार को वित्त विभाग में रिक्त पद के लिए विशेष सचिव के रूप में तैनात किया गया है। वित्त विभाग में उनकी नियुक्ति से राज्य की वित्तीय कार्यप्रणाली को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### केजरीवाल ने लखनऊ के विकास नगर स्थित झुग्गी बस्ती में लगी आग पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को लखनऊ के विकास नगर स्थित झुग्गी बस्ती में लगी आग पर दुख व्यक्त किया। अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए लिखा कि लखनऊ के विकास नगर स्थित झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग में अपना सब कुछ खो देने वाले पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं।

## डोपिंग के खिलाफ सख्ती बढ़ाएगी सरकार, प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी पर बनेगा आपराधिक कानून : डॉ. मांडविया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने डोपिंग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि सरकार प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और उनके उपयोग को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ आपराधिक प्रावधान लाने की दिशा में काम कर रही है। वे विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के ग्लोबल एंटी-डोपिंग इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन नेटवर्क (गैन) के अंतिम सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। डॉ. मांडविया ने कहा कि आज डोपिंग केवल व्यक्तिगत गलती नहीं रह गई है, बल्कि यह एक संगठित बहुराष्ट्रीय नेटवर्क का रूप ले चुकी है। ऐसे में इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भारत न केवल खेलों में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि



खेलों की निष्पक्षता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए भी पूरी तरह समर्पित है। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 देश में एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है, जबकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार अब उन लोगों के खिलाफ सख्त आपराधिक कार्रवाई करने की तैयारी में है, जो प्रतिबंधित पदार्थों की सप्लाई या तस्करी में शामिल हैं। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से जांच क्षमता मजबूत हुई है और देश का एंटी-डोपिंग तंत्र और सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक उभरती वैश्विक खेल शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं और युवाओं को खेलों से जोड़ रहे हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि खिलाड़ियों को सही समय पर सही जानकारी देना बेहद जरूरी है, ताकि वे जानबूझकर या अनजाने में डोपिंग से बच सकें। डॉ. मांडविया ने बताया कि देश में डोपिंग परीक्षणों की संख्या 2019 के लगभग 4,000 से बढ़कर पिछले वर्ष करीब 8,000 हो गई है। पॉजिटिव मामलों की दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत से भी कम हो गई है, जो जागरूकता और रोकथाम के प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। अंत में, डॉ. मांडविया ने कहा कि डोपिंग जैसी चुनौती से निपटने के लिए सरकार, नियामक संस्थाओं और खेल संगठनों के बीच मजबूत साझेदारी जरूरी है।

## लोक भवन में एक ही स्थान पर मिलेंगी सुविधाएं

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। इन भवनों के निर्माण के बाद एक ही परिसर में विभिन्न विभागीय एवं जनसुविधाएं समेकित रूप से उपलब्ध होंगी। प्रस्तावित योजना के तहत प्रथम भवन में समेकित डिस्पेंसरी स्थापित की जाएगी, जिसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। द्वितीय भवन में सूचना परिसर एवं कैफ़ेटेरिया, तृतीय भवन में लोक निर्माण विभाग का कार्यालय तथा चतुर्थ भवन में उद्यान विभाग का कार्यालय स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन भवनों के निर्माण से लोक भवन परिसर में सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी तथा आमजन को त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल समय एवं संसाधनों की बचत के साथ प्रशासनिक दक्षता को भी बढ़ाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063